माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, आप सब लोग बैठ जाइए। आपने जो विषय उठाया है, उसके लिए आपको बाद में मौका मिलेगा। अभी आप शून्य काल को चलने दीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, आप सभी से विनम्र निवेदन है। आप सभी लोग बैठ जाइए। यह तरीका ठीक नहीं है। आप अपनी-अपनी सीट पर जाकर बैठिए।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: I will not allow anybody to speak unless you go back to your seats.

....(Interruptions)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, यह तरीका ठीक नहीं है। यह गलत है। सदन को चलाना पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, आप सदन चलने दीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, शून्यकाल बहुत महत्वपूर्ण होता है।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: 'Zero Hour' is very important for the Members of Parliament as well as for the people.

....(Interruptions)

HON. CHAIRPERSON: Please let the House run.

....(Interruptions)

HON. CHAIRPERSON: Venugopal ji, please listen to me. I will allow you to speak after the 'Zero Hour'.

....(Interruptions)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, लिस्ट के नामों को पुकारने के पश्चात् मैं देखूंगा कि किस-किस माननीय सदस्य को मौका देना है। आपको भी मौका दिया जाएगा।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, सदन ऐसे नहीं चलता है।

... (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: No, it is not good.

....(Interruptions)

HON. CHAIRPERSON: Venugopal ji, you are a senior Member of the House.

....(Interruptions)

माननीय सभापति : आप शून्यकाल भी नहीं चलने दे रहे हैं। यह तरीका ठीक नहीं है।

... (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: They will sit down.

....(Interruptions)

माननीय सभापति : आप लोग बैठ जाइए। ये लोग भी बैठेंगे। यह तरीका बहुत गलत है।

... (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Venugopal ji, you will be allowed to speak.

....(Interruptions)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, जिन-जिन माननीय सदस्यों का जीरो ऑवर लिस्ट में नाम है, उनके बोलने के बाद हम इस बारे में डिसाइड करेंगे। आप उस समय बोलिएगा।

... (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please ask your Members to go back to their respective seats.

....(Interruptions)

माननीय सभापति : वेणुगोपाल जी, मैं फिर से बोल रहा है। यह ठीक नहीं है। जीरो ऑवर चलने दीजिए। अगर आप जीरो ऑवर नहीं चलने देते हैं तो मैं सभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित करता हूं।

... (व्यवधान)

1209 बजे

<u>तत्पश्चात् लोक सभा चौदह बजे तक के लिए स्थगित हुई।</u>

(1400/ALK/PBT)
1400 बजे

लोक सभा चौदह बजे पुनः समवेत् हुई।
(श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी पीठासीन हुए)

नियम 377 के अधीन मामले - सभा पटल पर रखे गए

1400 बजे

माननीय सभापति : नियम 377 पर जिन माननीय सदस्यों को आज नियम 377 के अधीन मामले को उठाने की अनुमति प्रदान की गयी है, वे अपने मामलों के अनुमोदित पाठ को 20 मिनट के अंदर व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रख दें।

Re: Need to ensure establishment of automatic weather stations in all the villages of Jalgaon Parliamentary Constituency

श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव) : जलगांव लोकसभा क्षेत्र के किसानों की ओर से मैं अत्यंत महत्वपूर्ण मांग आपके समक्ष रख रही हूँ। जलगांव जिला महाराष्ट्र का प्रमुख कृषि क्षेत्र है, जहाँ मौसम की थोड़ी-सी अनिश्चितता भी किसानों की फसल को गंभीर नुकसान पहुँचा सकती है। ऐसे में सटीक और स्थानीय मौसम जानकारी किसानों के लिए आवश्यक है। वर्तमान में जिले के 110 राजस्व मंडलों में से केवल 86 में ही AWS कार्यरत हैं, जबकि नए स्थापित 24 राजस्व मंडलों में अभी तक एक भी AWS नहीं है। इन क्षेत्रों के किसानों को समय पर मौसम डेटा नहीं मिल पाता। मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि इन 24 नए राजस्व मंडलों में AWS की स्थापना तुरंत की जाए। इसी प्रकार WINDS परियोजना के अंतर्गत 1159 ग्राम पंचायतों में से केवल 86 ग्राम पंचायतों में ही AWS चालू हैं, जबकि 1073 पंचायतें अभी भी इस सुविधा से वंचित हैं। मौसम परिवर्तन, अनियमित वर्षा और बढ़ते कृषि जोखिमों को देखते हुए, मैं मांग करती हूँ कि इन सभी 1073 ग्राम पंचायतों में AWS केंद्र शीघ्र स्थापित किए जाएँ। कृषि प्रधान जिले में मौसम सूचना का अभाव किसानों के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। यह सुविधा शीघ्र किसान तक पहुँचे — यही मेरी विनम्र अपेक्षा है।

(इति)

Re: Need to provide special grants for upgradation of Lal Bahadur Stadium at Bhawanipatna and allocate under Khelo India scheme for construction of Manikeswari University Stadium in Kalahandi district, Odisha

SHRIMATI MALVIKA DEVI (KALAHANDI): I wish to draw the attention of the Ministry of Youth Affairs and Sports to the urgent need for upgradation of the Lal Bahadur Stadium at Bhawanipatna in Kalahandi district. Despite being one of the oldest and most centrally located sporting facilities in the region, the stadium lacks basic infrastructure such as a standard athletics track, modern seating, changing rooms, lighting, and sports equipment. This severely restricts opportunities for talented youth from an aspirational district like Kalahandi. Further, the newly established Manikeswari University at Bhawanipatna does not yet have a dedicated university-level stadium to promote athletics, football, and other field sports for its students. A well-equipped university stadium would greatly benefit thousands of youth and help build a vibrant sports culture in western Odisha. Hence, I would like to request the Ministry to consider sanctioning a special grant for the upliftment and modernisation of Lal Bahadur Stadium, Bhawanipatna; and Allocating funds for the construction of a full-fledged Manikeswari University Stadium under Khelo India or other central schemes. This will significantly enhance sports infrastructure and provide much-needed opportunities to the youth of Kalahandi.

(ends)

Re: Need to recognize the Roman script for Kokborok, an indigenous tribal language of Tripura

SHRIMATI KRITI DEVI DEBBARMAN (TRIPURA EAST): I rise to bring to the attention of this august House, the urgent need to strengthen efforts for the preservation and promotion of indigenous tribal languages in the state of Tripura, like Kokborok, which is the mother tongue of the indigenous people of the state. Over the years, students and members of the indigenous communities have been consistently demanding official recognition of the Roman script for Kokborok. The language's phonetics and structure are naturally aligned with the Roman script, making it easier to teach, learn, and preserve. Despite this, students are still compelled to write their academic examinations in the Bengali script, with which they are not comfortable. I urge the Government to recognize Roman script as an official script for Kokborok in academic and administrative domains; ensure adequate financial allocation for the development, promotion, and preservation of all indigenous tribal languages in Tripura; facilitate inter-departmental coordination between the Ministry of Tribal Affairs, Ministry of Education, and the State Government to protect the linguistic and cultural rights of indigenous communities. This is not only a matter of linguistic justice, but a constitutional and cultural imperative for an inclusive India. (ends)

Re: Need to establish military station, DRDO lab and defence infrastructure project at Deoghar, Jharkhand

DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA): Deoghar has been included in the list of prominent cities and has been declared as a mega tourist destination by the Government. Deoghar is a unique and extremely revered site of one of the 51 Shaktipeeths and also of Dwadash Jyotirlings in the country. This is a religious and cultural capital of Eastern India which catapults the holy place to an International acclaim and is visited by over 5 crore pilgrims every year. Request for kind consideration: - 1- Regarding the requirements of land for the proposed Military Station, the area available will be approximately 400 acres which can be reduced or increased once the feasibility is done. The land will be near the ongoing DRDO centre project at Deoghar. 2- DRDO Lab at Deoghar. 3- Ordinance Factory or any defence infrastructure project at Deoghar. 4- Sainik School at Godda 5- Defence Recruitment Centre at Deoghar. The large parts of the state are affected by Naxalism and terrorism. The spread of Naxalism and terrorism is an indication of the sense of desperation and alienation that is sweeping over the large sections of Jharkhand's Santhal Pargana region, which have been not only been systematically marginalized but also cruelly exploited and dispossessed. (ends)

Re: Need to formulate a Special Task Force to control trafficking of narcotics in various places of Rajasthan

श्रीमती मंजू शर्मा (जयपुर) : मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र के युवा वर्ग में नशे (Drugs) की बढ़ती प्रवृत्ति और उसके दुरुपयोग की ओर आकर्षित कराना चाहती हूँ। यह समस्या चिंताजनक गति से बढ़ रही है और समाज तथा परिवार दोनों के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। राजस्थान के अनेक जिले विशेषकर बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, जयपुर और जोधपुर में युवाओं में नशीले पदार्थों की उपलब्धता और उनकी खपत लगातार बढ़ रही है। स्कूल-कॉलेज जाने बाले बच्चे और युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं जिससे घर-परिवार शिक्षा और समाज सभी प्रभावित हो रहे हैं। इस समस्या को बढ़ावा देने वाले कई कारक सामने आए है। सीमावर्ती क्षेत्री में नशीले पदार्थों की तस्करी बढ़ रही है। सोशल मीडिया व साथियों के दबाव से नशे की ओर झुकाव स्थानीय स्तर पर अवैध बिक्री केंद्रों की सक्रियता है। युवाओं में जागरुकता का अभाव है। इस स्थिति को रोकने के लिए सख्त निगरानी, त्वरित कार्रवाई और जागरुकता कार्यक्रमों की तत्काल आवश्यकता है। मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि राजस्थान में नशीले पदार्थों की तस्करी पर कठोर कार्रवाई हेतु विशेष टास्क फोर्स बनाई जाए। स्कूल-कॉलेजों में नशामुक्ति जागरूकता अभियान अनिवार्य रूप से चलाए जाएँ। युवाओं के लिए काउंसलिंग सेंटर और नशा मुक्ति हैल्पलाइन को सुदृढ़ किया जाए। नशे की अवैध बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों पर त्वरित दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मैं सरकार से मांग करती हूँ कि राजस्थान का भविष्य हमारे युवा हैं और उन्हें नशे की इस भयावह लत से बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। (इति)

Re: Need to expedite construction of New Purulia-Manbazar Jhargram Railway line Project

श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो (पुरुलिया) : मैं सदन का ध्यान पुरुलिया–मानबाजार–झाड़ग्राम नई रेलवे लाइन परियोजना की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। यह महत्वपूर्ण परियोजना सर्वेक्षण आदेश 2024 के बाद से बिल्कुल ठप है। राज्य सरकार ने न भूमि विवरण दिया, न प्रशासनिक अनुमति, न ही आवश्यक फाइलें आगे बढ़ाईं। यह दुर्भावनापूर्ण देरी केवल इसी परियोजना तक सीमित नहीं है। पूरे पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार ने NOC रोककर हजारों रेलवे योजनाओं को लंबे समय से अधर में लटका रखा है—जिनमें मेरे पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएँ 4–5 वर्षों से सिर्फ NOC न मिलने के कारण अटकी हुई हैं। पुरुलिया–झाड़ग्राम लाइन से छात्रों, मरीजों, किसानों, आदिवासी समुदायों और जंगलमहल के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलता, लेकिन राजनीतिक कारणों से राज्य सरकार विकास कार्यों को बंधक बनाकर बैठी है। यह जनविरोधी और क्षेत्रीय हितों के विरुद्ध है। मैं माननीय रेल मंत्री से आग्रह करता हूँ कि केंद्रीय स्तर पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करें, ताकि यह महत्वपूर्ण लाइन परियोजना तीव्र गति से आगे बढ़ सके और पुरुलिया क्षेत्र को वंचित न रहना पड़े।

(इति)

Re: Need for establishment of Cow Sanctuary at Meerut and Hapur in Meerut Parliamentary Constituency

श्री अरुण गोविल (मेरठ) : उत्तर प्रदेश में लगभग 14 लाख निराश्रित पशु बताए जाते हैं, जिससे गाँवों में फसलों को नुकसान और शहरों में गंभीर ट्रैफ़िक समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे में इन पशुओं के भोजन, आश्रय और स्वास्थ्य की व्यवस्था करना समाज और सरकार—दोनों का दायित्व बनता है। केंद्र सरकार ने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुजफ्फरनगर के पुरकाजी क्षेत्र, ग्राम तुगलकपुर कम्हेडा में देश की पहली Cow Sanctuary स्थापित की है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत लगभग 42 एकड़ भूमि में 64 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह सेंचुरी एक सफल मॉडल साबित हुई है, जहाँ 5000 पशुओं को रखने की क्षमता है। इस पहल से आवारा पशु समस्या में कमी आई है। साथ ही, NDDB द्वारा स्थापित Artificial Insemination Center और Training Centre से ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण मिल रहा है तथा Bio-Plant से स्थानीय अर्थव्यवस्था और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है। इसी आधार पर मेरा केंद्र सरकार से विनम्र अनुरोध है कि मेरे लोकसभा क्षेत्र—मेरठ और हापुड़—में भी एक-एक Cow Sanctuary की स्थापना की जाए, ताकि निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आश्रय मिले और किसानों व नागरिकों को राहत के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल सके।

(इति)

Re: Need to develop various eminent tourist places in Bastar Parliamentary Constituency

श्री महेश कश्यप (बस्तर) : छत्तीसगढ़ के बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के विकास की दरकार है ,यहां पर स्थित चित्रकोट जलप्रपात भारत का नियाग्रा के नाम से प्रसिद्ध है। इसी तरह तीरथगढ़ सहित अन्य जलप्रपात पूरे देश में ख्याति प्राप्त कर चुके हैं, लेकिन इनका समुचित विकास एवं आवागमन के ठीक साधन उपलब्ध नहीं होने से यहां पर पर्यटकों का आना कम है। मेरा सरकार से आग्रह है कि इन पर्यटन क्षेत्र पर विशेष जोर देकर यहां के स्थानीय रोजगार के साथ भी जोड़ने का प्रयास करें। देश विदेश के पर्यटन प्रेमियों को रायपुर , हैदराबाद, विशाखपट्नम से आने के लिए हवाई रेल व सड़क मार्ग पर आवागमन सहज सुलभ उपलब्ध नहीं होने से पर्यटकों की संख्या नहीं बढ़ रही है। अत: सरकार इस और तत्काल ध्यान दें। कांगेर नेशनल पार्क, मां दंतेश्वरी मंदिर, नारायणपाल मंदिर, धुर्वारास मिचनार हिल्स, कैलाश गुफा, दलपत सागर झील तथा तामडा घूमर जलप्रपात दर्शनीय स्थल में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

(इति)

Re: Need to lift ban on export of Biochar

श्री दामोदर अग्रवाल (भीलवाड़ा) : मैं बायोचार अथार्त जैव चारकोल के निर्यात पर लगे प्रतिबन्ध से संबंधित विषय रखना चाहता हूँ, वर्तमान में इस बायोचार का उपयोग मृदा कंडीशनर हेतु आधुनिक कृषि और बागवानी में एक सुरक्षित और टिकाऊ मृदा संशोधन के रूप में लोकप्रिय है, बायोचार के बहुत से पर्यावरणीय लाभ भी है जिसकी वजह से यह नाइट्रोजन उर्वरकों की आवश्यकता को कम कर सकता है और कार्बन उत्सर्जन को भी कम करता है तथा इसे पानी को शुद्ध करने के लिए भी उपयोग किया जा सकता है । बायोचार सर्कुलर अर्थव्यवस्था का निर्माण करते हुए कृषि अपशिष्ट, जोकि किसानों द्वारा या तो फेंक दिया जाता है या फिर जला दिया जाता है, को उच्च मूल्य उत्पाद में परिवर्तित करके ग्रामीण क्षेत्र में पर्यावरण और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का कार्य भी करता है। वैश्विक स्तर पर बायोचार का व्यापर लगभग 10 बिलियन डॉलर की कार्बन निष्कासन इंडस्ट्री के रूप में विकसित हो चुका है। अतः सरकार से मेरी मांग है कि वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए भारत को भी वैश्विक बाज़ार की बायोचार अनुकूल परिस्थितिथियों का आर्थिक लाभ लेने के लिए बायोचार अथार्त जैव चारकोल के निर्यात पर लगे प्रतिबन्ध को हटाने के दिशा-निर्देश देने की कृपा करें।

(इति)

Re: Need to expedite process of merger of civil areas of Cantonment Board with municipal bodies across the country

श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) : मैं लोकसभा नियम 377 के अंतर्गत जनता के महत्वपूर्ण और तात्कालिक हित से संबंधित विषय आपके संज्ञान में लाना चाहता हूँ— रक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022 में छावनी परिषदों के सिविल क्षेत्रों के संबंधित राज्यों की नगर निकायों में विलय की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई थी। किंतु लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी यह विलय प्रक्रिया अंतिम चरण तक नहीं पहुँच सकी है। सर्वे, जन-सुनवाई तथा प्रारूप अधिसूचनाओं के बावजूद अंतिम निर्णय न होने से प्रक्रिया अत्यधिक विलंबित हो रही है। इस देरी के कारण छावनी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों—विशेषकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में—पूर्ण नगर निकाय अधिकार, नागरिक सुविधाएँ तथा शहरी सेवाएँ प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। विलय में अनिश्चितता और समय-सीमा के अभाव ने स्थानीय नागरिकों में नाराज़गी और प्रशासनिक असमंजस उत्पन्न कर दिया है। अत: मैं केंद्र सरकार से आग्रह करता हूँ कि इस विलय प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा किया जाए, आवश्यक अंतिम अधिसूचनाएँ जल्द जारी की जाएँ तथा छावनी क्षेत्रों के नागरिकों को बिना और विलंब के पूर्ण नगरपालिका अधिकार प्रदान किए जाएँ।

(इति)

Re: Need for enhanced funding for project tiger and establishment of Rescue and Rehabilitation Centres to address human-wildlife conflict

डॉ. आनन्द कुमार गोंड (बहराइच) : मैं सरकार का ध्यान देश में संचालित "टाइगर प्रोजेक्ट" की फंडिंग में आई कमी तथा उससे जुड़ी चुनौतियों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। यह परियोजना बाघ संरक्षण के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में लागू है। पिछले कुछ वर्षों में इस परियोजना हेतु आवंटित राशि में कमी दर्ज की गई है और हाल के वर्ष में वार्षिक बजट घटाकर लगभग 100 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिससे सुरक्षा, निगरानी, पेट्रोलिंग तथा मानव–वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन जैसे कार्य प्रभावित हुए हैं। सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण देश में बाघों, तेंदुओं एवं अन्य वन्यजीवों की संख्या बढ़ी है, परंतु उनके आवास (हैबिटेट) का क्षेत्रफल लगभग समान बना हुआ है। इसके कारण अनेक क्षेत्रों में बाघ, मानव बस्तियों में आ रहे हैं और मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाएँ बढ़ रही हैं। विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र बहराइच के कतर्नियाघाट सहित दुधवा टाइगर रिज़र्व तथा तराई क्षेत्र में यह समस्या अधिक गंभीर है। अतः ऐसे बाघों के सुरक्षित पुनर्वास हेतु विशेष "रेस्क्यू सेंटर" स्थापित किए जाने की आवश्यकता है। अतः मेरा आग्रह है कि सरकार टाइगर प्रोजेक्ट की फंडिंग की पुनः समीक्षा कर आवश्यकतानुसार बजट बढ़ाए, ताकि संरक्षण प्रयास प्रभावी रूप से जारी रह सकें।

(इति)

Re: Need for establishment of a Vaidik Yoga Sthal in Mandi Parliamentary Constituency

सुश्री कंगना रनौत (मंडी) : आज जब "नशा-मुक्त भारत" केवल एक नारा नहीं, बल्कि समय की अनिवार्यता बन चुका है, तब ऐसे केंद्र राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हमारे युवा देश की शक्ति हैं। यदि उन्हें योग, ध्यान, संयम और स्वास्थ्य की भारतीय पद्धतियों से मार्गदर्शन मिलेगा, तो वे न केवल नशे से दूर होंगे, बल्कि राष्ट्र-निर्माण में भी नई ऊर्जा, नई चेतना और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे। हमारी संस्कृति—हमारा गर्व है। हमारी परंपराएँ—हमारी शक्ति हैं। और हमारा युवा—हमारा भविष्य है। इसी भावना के साथ मैं सरकार से अनुरोध करती हूँ कि— इस प्रस्ताव पर विशेष ध्यान दिया जाए। AYUSH मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय के समन्वय से इस परियोजना को प्राथमिकता प्रदान की जाए तथा मंडी में वैदिक योग-स्थल स्थापना के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाए। यह केंद्र न केवल हिमाचल, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा बनेगा कि कैसे हमारी परंपराएँ आधुनिक चुनौतियों का समाधान दे सकती हैं।

(इति)

Re: Need to address the severe macro-economic and public health crisis arising out of acute air pollution in the country

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): I wish to draw the attention of the Hon'ble House to the grave macroeconomic and public health crisis posed by air pollution, which has led to widespread respiratory and cardiac illness and placed an unprecedented strain on India's health systems and workforce. While the National Clean Air Programme has laid an initial framework, the magnitude of the crisis necessitates a more robust, mission-mode response. With nearly 60% of India's 749 districts breaching the annual National Ambient Air Quality Standard (NAAQS), the public health challenge is acute. A new national mission is therefore essential, one that integrates urban, peri-urban, and rural pollution sources, and positions clean air as a central pillar of India's development strategy. The resulting healthcare costs, productivity losses, and workforce impairment impose an economic burden of nearly 3% of national GDP, exceeding India's entire public health expenditure. These challenges are further compounded by rising Disability-Adjusted Life Years, inter-generational health damage to children, and productivity shrinkage across working populations. A detailed proposal to this effect has already been submitted to the Ministry of Finance and the Prime Minister's Office. I urge the Government to consider adopting this national mission to safeguard India's human capital and long-term development trajectory.

(ends)

Re: Need to include six communities in Assam in the list of Scheduled Tribes

MD. RAKIBUL HUSSAIN (DHUBRI): I rise to draw a matter of urgent public importance concerning the prolonged delay in the inclusion of the Six Communities of Assam—Ahom, Chutia, Koch-Rajbongshi, Moran, Motok and Tea Tribes—into the Scheduled Tribes list. Despite repeated assurances, the process has remained stalled for years, causing deep socio-economic distress and uncertainty among nearly one crore people belonging to these communities. Sir, I wish to know whether the Ministry of Tribal Affairs has held any formal consultations with the Government of Assam and recognised community organisations in this regard. If so, the House deserves clarity on the dates, nature and outcomes of such consultations over the last three years. Further, has the Registrar General of India or the National Commission for Scheduled Tribes raised any objections or sought additional justification? If yes, these details must be placed on record along with the steps the Government proposes to take to resolve pending issues and expedite the decision. Through you, Hon'ble Speaker Sir, I urge the Government to take immediate, transparent and time-bound action to ensure justice to the Six Communities of Assam.

(ends)

Re: Need to provide compensation as per new land acquisition policy to farmers whose lands were acquired for establishment of power plant by Thermal Power Corporation Limited in Bhandara, Maharashtra

डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले (भन्डारा-गोंदिया) : मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान महाराष्ट्र के भंडारा जिले में किसानों के साथ हुए गंभीर अन्याय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। वर्ष 2008 से 2011 के बीच भंडारा थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा मोहाड़ी तहसील के रोहाना सहित लगभग 15 गांवों की करीब 600 हेक्टेयर उपजाऊ कृषि भूमि 2640 मेगावाट की विद्युत परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई थी। इतने वर्षों बाद भी परियोजना शुरू नहीं हुई और यह अब परित्यक्त मानी जा रही है। किसानों को कम दर पर मुआवज़ा दिया गया तथा ग्राम सभा की सहमति और जन सुनवाई जैसे प्रावधानों का पालन नहीं हुआ। इससे किसानों की आजीविका प्रभावित हुई और वे आर्थिक संकट में फँस गए। भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 की धारा 101 के अनुसार भूमि लौटाई जानी चाहिए। मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि या तो भूमि वापस की जाए या वर्तमान बाजार मूल्य पर उचित मुआवज़ा देकर किसानों को तत्काल राहत दी जाए।

(इति)

Re: Need to create more infrastructure for Autism Spectrum Disorder (ASD) patients in the country

SHRI SHAFI PARAMBIL (VADAKARA): There is an alarming increase in the number of parents who commit suicide after killing their intellectually challenged child. Twenty differently-abled people have been killed by their parents in Kerala in the last two years. All twenty tragic events mentioned above occurred out of a deep sense of frustration and social exclusion that they had to suffer due to the disability of their children. Children and adults suffering from intellectual disability require lifelong support and care, as they are unable to distinguish between food and excrement. Naturally, caring for a disabled child leads to high levels of stress, tension, and financial burden to the parents. As of now, the early intervention centres and rehabilitation centres for children suffering from ASD are inadequate in comparison with the number of ASD patients. There is a direct correlation between the homicide of ASD children with ASD and the depression of parents. The existing social security schemes cannot address the fundamental issues faced by these people. They need wholehearted support from the Government, society, and institutions. Therefore, there is an urgent need to intervene and support disabled people with more rehabilitation centres, care homes, and financial support for their treatment and medicine.

(ends)

Re: Need for financial audit and modernization of Semi Conductor Laboratory (SCL) in Mohali, Punjab

SHRI MANISH TEWARI (CHANDIGARH): I wish to raise the matter of urgent public importance regarding the long-pending modernisation of the Semi-Conductor Laboratory (SCL), Mohali, which has suffered decades of losses, technological obsolescence, and repeated delays in upgradation. Despite being India's earliest semiconductor fabrication facility, SCL continues to operate far below global benchmarks, reportedly still on outdated nodes and limited production capacity. There is growing concern that no comprehensive audit has been publicly disclosed on the losses, damages and recovery aftermath of the devastating 1989 fire, nor on subsequent declines in capability. Further, substantial funds allocated over the past two decades for repair, modernisation and R&D appear either under-utilised or inadequately monitored, raising questions on efficiency and oversight. Given India's ambitious semiconductor mission, it is imperative that the Government clarify the current technology node, wafer size, and production capacity of SCL; the approvals and timelines for its upgrade; and the role expected to be played by the India Semiconductor Mission. I urge the Government to conduct an independent performance and financial audit to ensure transparency, accountability, and effective utilisation of public funds to build SCL into a globally competitive facility.

(ends)

Re: Need to ensure compensation to and rehabilitation for people displaced due to NTPC project in Ambedkarnagar district, Uttar Pradesh

श्री लालजी वर्मा (अम्बेडकर नगर) : एन0टी0पी0सी0 टाण्डा, जिला-अम्बेडकरनगर, उत्तर प्रदेश मे दीपावली के 5 दिन पूर्व ग्राम-सलहापुर रजौर, हासिमापुर, एवं हुसैनपुर सुधाना के सैकड़ों घरों को जिला प्रशासन के सहयोग से गिरा दिया गया है। उन परिवार के लोगों को बिना मुआवजा दिए हुए और बिना पुनर्स्थापना के घर गिरा दिया गया। आज भी उक्त परिवार के लोग खुले आसमान के नीचे जीवन बसर करने के लिए मजबूर हो रहे है। अतः उपरोक्त व्यक्तियों के पुनर्स्थापना कराये जाने की मांग करते हुए यह भी अनुरोध है कि पुनर्स्थापना होने तक सी0आई0एस0एफ0 की खाली कोलोनी में जो कि एन0टी0पी0सी0 की बाउण्ड्रीवाल के बाहर है, उन व्यक्तियों को आवंटित करने की मांग करता हूं।

(इति)

Re: Need to address unemployment problem in the country

SHRIMATI JUNE MALIAH (MEDINIPUR): For the last two years, every tenth young Indian has been without a job. According to the International Labour Organisation, nearly one-third of India's youth is neither studying, employed, nor receiving any form of training, and women account for 95% of this segment. At a time when India is poised to surpass China as the world's most populous nation, it is deeply troubling that the country is unable to capitalise on its demographic advantage. Between 2020 and 2024, more than 35,000 MSMEs shut down, further reducing avenues for formal employment. As a result, increasing numbers of young people are being pushed into insecure, low-paid, casual work. Even the widely publicised PM Internship scheme has delivered disappointing results. Of the nearly 4 lakh individuals who applied, only about 16,000 were actually enrolled. Barely 4% For SC and ST, it was 1.4%. Not even a total of 100 interns were retained by these companies. One out of five interns quit midway. Therefore, I strongly urge the Government to acknowledge the severity of the unemployment crisis and take decisive action to address it.

(ends)

Re: Need to release allocated funds for construction of Cooch Behar Sports Hub in West Bengal

SHRI JAGADISH CHANDRA BARMA BASUNIA (COOCHBEHAR): The Cooch Behar Sports Hub was envisioned as a world class facility for budding sports players, especially in North Bengal. As a National Centre of Excellence under the Sports Authority of India, it was expected to provide top class coaching facilities across 12 sports disciplines. The Bhumi Puja for this project was performed on 15 January, 2023 at New Cooch Behar, in the presence of the Honourable Sports Minister. Close to three years down the line, there has been no significant progress on the sports hub. The reply by the Honourable Minister in the Rajya Sabha during the last session reveals that the Sports Authority of India has sanctioned Rs. 29 crores for this sports hub. In this context, I would like to seek information from Hon'ble Minister as to how much funds have been actually released by this date. The Cooch Behar Sports Hub holds immense potential for the promotion of sports activities in the region and is key to identifying new talented sports players. Hence, I urge the Government to provide an update on the construction of the Sports Hub and expedite the process on an urgent Basis.

(ends)

Re: Need To Name Coimbatore International Airport in Tamil Nadu as Dr. Kalaignar Karunanidhi International Airport

DR. GANAPATHY RAJKUMAR P. (COIMBATORE): Muthuvel Karunanidhi popularly known as Dr. Kalaignar (Artist), a senior most politician from Tamil Nadu who served the longest Chief Minister of Tamil Nadu with almost two decades of service over five terms between 1969 and 2011. Karunanidhi has the record of never losing an election to the Tamil Nadu Assembly, having won 13 times since his first victory in 1957. Before entering politics, he worked in the Tamil film industry as a screenwriter He also made contributions to Tamil literature, having written stories, plays, novels and a multiple-volume memoir. He entered politics at the age of 14 and in 1965 he participated in Anti Hindi agitations and imprisonment. During his political career, Dr. Kalaignar advocated for increased state autonomy and affirmative action to favour lower castes. He implemented a caste based quota system for Government employment and Government school students, as well as subsidies to the poor. He was also instrumental in erecting a 133-foot-high statue of Thiruvalluvar at Kanyakumari in honour of the scholar and ensuring classical language status to Tamil language Dr. Kalaignar is known for his contributions to Tamil literature. In June 2010, he organised the World Classical Tamil Conference in Coimbatore. Dr. Kalaignar passed away on 7 August 2018 in Chennai after a series of prolonged age-related illnesses. Till his death, he served on his entire life for the development and welfare of Tamil Nadu and the evolution of Tamil language across the state during his tenure as Chief Minister of State, the Tamil Nadu Industry in all sector has achieved/developed very rapidly. Hence I urge upon the Union Government to take an early action to change the name of Coimbatore International Airport into Dr. Kalaignar Karunanidhi International Airport as a mark of befitting respect and tribute to one of the great Tamil popular leaders and longest served Chief Minister of Tamil Nadu.

(ends)

Re: Need to submit nomination for recognition of Lepakshi Veerabhadra temple in Andhra Pradesh as UNESCO world heritage site

SHRI G. LAKSHMINARAYANA (ANANTAPUR): I wish to draw the attention of this august House to the urgent need for securing UNESCO World Heritage recognition for the historic Lepakshi Veerabhadra Temple in Andhra Pradesh. Built in the 16th century under the Vijayanagara Empire, Lepakshi stands as a unique embodiment of India's architecture and spiritual heritage. It houses the largest mural painting of Veerabhadra Swamy in Asia and the famous "sky pillar" that does not touch the ground, featuring exceptional craftsmanship, vibrant mural paintings and one of the world's largest monolithic Nandi sculptures. Recognising its importance, India placed Lepakshi on UNESCO's Tentative List in 2022, underlining its outstanding universal value. However, inclusion in the tentative list is only the first step, recognition by UNESCO is essential to ensure long-term conservation. The Government has to expedite preparation of the comprehensive nomination dossier, as required by UNESCO norms. If recognised, Lepakshi will not only gain global protection and conservation support but also stimulate tourism, livelihood opportunities and development in the region. Through you, Sir, I request the Government to constitute a dedicated expert committee, draft and submit the final nomination at the earliest so that Lepakshi receives the recognition it truly deserves. Thank you, Sir.

(ends)

Re: Need to expedite Panchdeori-Bhatni rail line project in Bihar

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : मेरे अतारांकित प्रश्न संख्या 494 दिनांक 05-02-2020 के दिये गये जवाब के अनुसार गोपालगंज जिला में पूर्णतः/आंशिक रूप से पड़ने वाली हथआु-भटनी नई लाइन परियोजना (79.64 किमी) चालू है। परियोजना की नवीनतम प्रत्याशित लागत 770.08 करोड़ रु. है। मार्च, 2019 तक 277.13 करोड़ रु. का खर्च किया जा चुका है। हथआु-पंचदेओरी खंड (31 किमी) को यातायात के लिए खोल दिया गया है। शेष 48.64 किमी पर कार्य को भूमि (बिहार के गोपालगंज जिला में 36.00 किमी और उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में 12.64 किमी) उपलब्ध न होने के कारण रोक दिया गया है। बिहार राज्य में पंचदेओरी-भौरे (36 किमी) खंड में 333 एकड़ और उत्तर प्रदेश के देवरिया में 101.13 एकड़ के लिए भूमि अधिग्रहण संबंधी प्रकिया शुरू कर दी गई है यह बताया जा रहा है। लेकिन Rule 377 (2024/W-1/NER 377/05) के उत्तर में यह बताया गया है कि भूमि अधिग्रहण में विलम्ब के कारण परियोजना के शेष खंड {पंचदेवरी-भटनी (49 किमी)} को बंद करने का निर्णय लिया गया है। अतः मेरा रेल मंत्री जी से निवेदन है कि पंचदेवरी-भटनी रेल लाइन को यथा-शीघ्र शुरू किया जाए तथा आर्थिक स्वीकृति देकर काम को पूरा किया जाय।

(इति)

Re: Need for modernization, development and de-silting of Mumbai Port

SHRI ARVIND GANPAT SAWANT (MUMBAI SOUTH): Mumbai Port, one of India's oldest and most strategically located port has been neglected totally as far as Modernization, development, desilting is concerned. Naturally, it has resulted in loss of business as well as devastation of assets. Despite its enormous potential to boost trade, employment, and coastal economic activity, several key development projects remain delayed due to lack of coordinated planning between central and MPA. There is an urgent need for a comprehensive, time-bound development plan for Mumbai Port, including modernization of berths, Creation of Marina Convention Centre, Amusement park so that tourist will be attracted and while doing so rehabilitation of thousands of hutment dwellers residing on the land of MPA under PAP as assured by the then Shipping Minister on the floor of the house. Also In particular, special attention must be given to the longstanding concerns of the fishermen operating out at Sassoon Dock, who continue to face livelihood challenges due to infrastructure constraints and lack of adequate facilities Injustice has been done by evacuating them by MPA. I request the Government to take immediate and proactive measures to accelerate the development of Mumbai Port and address these long-pending challenges without further delay.

(ends)

Re: Need to ensure strict adherence to Constitutional Provisions to safeguard the rights of minority community in the country

SHRI E. T. MOHAMMED BASHEER (MALAPPURAM): I wish to draw the attention of the House to a series of recent developments that have raised serious concerns about the protection of constitutional and minority rights of Indian Muslims. Over the past year, several incidents across the country suggest a pattern of legal, administrative, and social pressures disproportionately affecting this community. First, the implementation of the Waqf (Amendment) Act, 2025 has triggered widespread protests, with community organisations arguing that the legislation weakens the autonomy of religious institutions and places excessive Governmental control over traditionally community-run properties. In several regions, related protests have escalated into tense situations, creating insecurity among local residents. Simultaneously, independent monitoring groups have documented a sharp rise in hate-speech incidents directed at minorities. Finally, several community leaders have publicly expressed distress over what they perceive as institutional bias and a shrinking space for constitutional protections. Sir, these developments call for urgent, impartial scrutiny. I request the Government to review these incidents, uphold constitutional guarantees, and reassure all citizens that India remains committed to justice, equality, and the protection of every community's rights.

(ends)

Re: Need to re-evaluate the Madurai Metro rail project in Tamil Nadu

SHRI S. VENKATESAN (MADURAI): I request the Hon'ble Minister to reconsider the approval of the Madurai Metro Rail Project, which was recently returned citing population criteria based on the 2011 Census and ridership concerns. An urgent review is necessary. Madurai is the Cultural Capital of Tamil Nadu, a world-renowned pilgrimage destination, and a rapidly growing hub for healthcare, education, and industry. The city's infrastructure and mobility demands have grown far beyond what was recorded over a decade ago. The 2011 population figure of 20 lakhs does not reflect today's reality. The current population of the Madurai Urban Agglomeration is significantly higher, and the large daily floating population of devotees, tourists, and students puts tremendous pressure on the city's transport systems. The proposed 32-km Phase-1 corridor from Tirumangalam to Othakadai connects crucial locations such as the Airport, AIIMS, the High Court Bench, major hospitals, universities, and the Meenakshi Amman Temple—making it essential for decongestion and pollution reduction. Cities like Kochi, Guwahati, Nagpur, Agra, and Meerut have been granted Metro projects with similar or lower population levels. Madurai deserves similar consideration. I request to re-evaluate the project with updated demographic and mobility data, allow CMRL to resubmit the DPR, and grant priority status to Madurai.

(ends)

Re: Need for establishment of Information Technology and other Skill Development Institutions in Mithila-Simanchal region of Bihar

श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) : शिक्षा-केंद्र की अनिवार्यता पर अपने विचार प्रस्तुत कर रहा हूँ। पूर्णिया मिथिला-कोशी-सीमांचल क्षेत्र का केन्द्र है। यहाँ से पश्चिम बंगाल, उत्तर में नेपाल के हिमालयी क्षेत्र के नजदीकता और पूर्वोत्तर तथा बंगाल-न्यूनतम कनेक्टिविटी का लाभ मिलता है परन्तु उच्च शिक्षा और आधुनिक रोजगार के अवसर सीमित हैं। युवा प्रतिभाएँ कोटा, बैंगलोर, हैदराबाद जैसे दूरस्थ केन्द्रों की ओर पलायन करने को बाध्य हैं जिससे स्थानीय क्षमताओं का पलायन होता है। ऐसा IT-एजुकेशन-हब स्थापित करने से तीन स्पष्ट लाभ होंगे:

1. स्थानीय युवाओं को उच्च गुणवत्ता की तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे;
2. क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था, कृषि-बाजार और छोटे उद्योगों को डिजिटल समाधान व स्टार्ट-अप वेंचर से जोड़कर वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला से जोड़ने का मार्ग खुलेगा तथा
3. सीमांचल की भौगोलिक-रणनीतिक स्थिति का बेहतर उपयोग कर क्षेत्रीय असमानता घटेगी।

हाल ही में राज्य स्तर पर मिथिला-सीमांचल में IT/Youth Skill Hub की अवधारणा पर भी विचार चल रहा है| सरकार इस क्षेत्र के लिए एक समेकित योजना भौतिक इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रशिक्षण-अकादमियाँ, उद्योग-सहयोग और टैक्स/प्रोत्साहन नीतियाँ शीघ्र जारी करे ताकि सीमांचल का युवा अब शहरों की दूरी पर नहीं, अपने घर पर ही अवसर पाये। बिहार के सीमांचल विशेषकर पूर्णिया के विकास और वहाँ एक समर्पित IT एवं औद्योगिक संस्थान की स्थापना की जाए।

(इति)

REPEALING AND AMENDING BILL

1401 hours

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE; AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): Hon. Chairperson, Sir, with your kind permission, I rise to move for leave to introduce a Bill to repeal certain enactments and to amend certain other enactments.

HON. CHAIRPERSON: Motion moved:

> "That leave be granted to introduce a Bill to repeal certain enactments and to amend certain other enactments."

Dr. T. Sumathy Ji – Not present.

Shri N. K. Premachandran Ji.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I am not objecting to the Bill. My point is that all these four Bills are being circulated just now in the Supplementary List of Business. If you examine Rule 72(2), it is the legitimate demand of a Member of the House to oppose the introduction of the Bill.

Unfortunately, the Bill is circulated yesterday in the night, that too in the late night and today morning. When the Bill is being circulated in such a way, I would like to point out that a specific direction is there - Direction 19B. By virtue of Direction 19B of the hon. Speaker, it is mandatory that the Bill has to be circulated two days before the date of introduction of the Bill. That is a mandatory provision. I do admit the fact that the Speaker has every right to abandon it or every right to exempt it. But the point is that the Members are getting an opportunity by virtue of sub-clause 2 of Rule 72, to oppose the introduction of the Bill when the Bill is being introduced. Today in the afternoon, just half-an-hour before, the Supplementary List of Business is put on the website. So, how are the Members going to get an opportunity to oppose the introduction of the Bill without going into the contents of the Bill? This is number one.

Also, the list is not being circulated, agenda is not being circulated. So, my point is that it is not fair on the part of the Government to bring all these Bills and getting it introduced. It is bulldozing of the legislation, and the Members' rights are being taken away. Parliament cannot be taken for granted. The Government can very well introduce the Bill tomorrow. We are ready to oppose and we can very well state the reasons. It is because the legislative competence of the Bill has to be challenged. If we want to challenge the legislative competence of the Bill, we should have some homework, we have to go through the Bill. But unfortunately, we are not getting an opportunity to go through the contents of the Bill.

HON. CHAIRPERSON: Yes, Sir. I heard you.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Just coming to the House and introducing it, it is quietly bulldozing of the legislation. That may not be allowed.

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : सर, नियम 72(2) यह कहता है कि यह हाउस किसी बिल को पास करने के लिए या डिस्कशन करने के लिए कांपिटेंट है या नहीं।

सर, यह बिल इस हाउस के द्वारा पास किया हुआ बिल है, जिसको सरकार रिपील करना चाहती है, तो इसमें कौन सा नियम 72(1) का वायलेशन हो रहा है?

HON. CHAIRPERSON: Please listen to me. Hon. Speaker, Sir, has waived the requirements of Direction 19A and 19B on a request made by the hon. Minister.

माननीय सभापति : प्रश्न यह है:

> "कि कतिपय अधिनियमितियों का निरसन करने और कतिपय अन्य अधिनियमितियों का संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

SHRI ARJUN RAM MEGHWAL: Hon. Chairperson, Sir, I introduce the Bill.

(1405/SNT/VVK)

VIKSIT BHARAT SHIKSHA ADHISHTHAN BILL

1405 hours

THE MINISTER OF EDUCATION (SHRI DHARMENDRA PRADHAN): Chairperson Sir, with your kind permission, I rise to move for leave to introduce a Bill to enable and empower the Universities and other higher educational institutions to achieve excellence in teaching, learning, research and innovation, through co-ordination and determination of standards in institutions for higher education or research and scientific and technical institutions, and for that purpose to constitute a Viksit Bharat Shiksha Adhishthan, to facilitate the Universities and other higher educational institutions to become independent self-governing institutions and to promote excellence through a robust and transparent system of accreditation and autonomy, and for matters connected therewith or incidental thereto. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON (SHRI KRISHNA PRASAD TENNETI): Motion moved:

> "That leave be granted to introduce a Bill to enable and empower the Universities and other higher educational institutions to achieve excellence in teaching, learning, research and innovation, through co-ordination and determination of standards in institutions for higher education or research and scientific and technical institutions, and for that purpose to constitute a Viksit Bharat Shiksha Adhishthan, to facilitate the Universities and other higher educational institutions to become independent self-governing institutions and to promote excellence through a robust and transparent system of accreditation and autonomy, and for matters connected therewith or incidental thereto."

… (*Interruptions*)

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, I want to oppose the introduction of the Bill.

HON. CHAIRPERSON: You will be given an opportunity to speak. I will give an opportunity. Kindly be seated. There are listed Members to be given opportunity.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Sushri S. Jothimani – not present

Dr. Kadiyam Kavya – not present

Shri Manish Tewari

SHRI MANISH TEWARI (CHANDIGARH): Mr. Chairperson, I rise to oppose the introduction of the Viksit Bharat Shiksha Adhishthan Bill, 2025 under Rule 72(1) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Lok Sabha. The grounds for the opposition of the Bill are as follow.

Firstly, the Bill results in excessive centralisation of higher education and violates the constitutional distribution of legislative competence. While Parliament may legislate under Entry 66 of List 1 on coordination and determination of standards, this power is limited and cannot be used to occupy the entire field of legislation. The Bill goes far beyond standards and intrudes into administration, affiliation, establishment and closure of university campuses, their institutional autonomy, matters falling within Entry 25 of List 3 and Entry 32 of List 2, which cover incorporation and regulation of State universities.

Secondly, the Bill suffers from excessive delegation of legislative power. Vast and substantive matters ranging from accreditation frameworks, degree-granting powers, penalties, institutional autonomy and even supersession are left to be determined by rules, regulations and Executive direction. This abnegation of essential legislative functions violates settled constitutional principles governing delegated legislation.

Thirdly, the Bill undermines the autonomy and independence of statutory regulatory bodies by making them bound by policy directions of the Central Government and subject to supersession at Executive discretion. Such provisions erode institutional independence and offend the constitutional requirement of fairness, non-arbitrariness, and check on Executive power under Article 40.

Fourthly, the Bill also concerns Article 19(1)(G) of the Constitution of India. By subjecting educational institutions to pervasive Executive control, graded autonomy, intrusive compliance requirements, severe penalties, and closure powers, it imposes disproportionate and unreasonable restrictions on the right to carry on education as an occupation. While regulation in the public interest is permissible under Article 19(6), the Bill goes far beyond reasonable regulation and vests unguided over-board powers that fail the test of proportionality as laid down by this House and the Supreme Court.

Lastly, Mr. Chairperson, Sir, I oppose the Bill given the overriding clause given by this Bill over all other laws coupled with the powers to supersede existing regulatory structures, raising serious concerns of arbitrariness, legal uncertainty, and impacting institutions established under State laws without any safeguards. I hope that the Minister will reply to each and every ground on which the introduction of this Bill has been opposed.

(1410/RTU/VB)

HON. CHAIRPERSON (SHRI KRISHNA PRASAD TENNETI): Hon. N.K. Premachandran ji.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, thank you very much for affording me this opportunity to object to the introduction of the Bill. As far as I am concerned, it is very difficult to even pronounce. A Member from South India finds it very difficult so as to even pronounce the Bill. The name and the nomenclature of the Bill is the Viksit Bharat Shiksha Adhishthan Bill, 2025. I cannot understand what is meant by Adhishthan. So, my first objection is the nomenclature of the Bill by virtue of Article 348(1)(b). It reads:

> "(1) Notwithstanding anything in the foregoing provisions of this Part, until Parliament by law otherwise provides......
>
> (b) the authoritative texts —
>
> (i) of all Bills to be introduced or amendments thereto to be moved in either House of Parliament or in the House or either House of the Legislature of a State,
>
> .... shall be in the English language."

Article 348(1)(b) mandates that the authoritative text of a Bill, shall be in English. But unfortunately, I do not know in which language the nomenclature of the Bill is, whether it is Sanskrit or Hindi. I do not know the meaning of Viksit Bharat Shiksha Adhishthan Bill, 2025. That is my first objection.

The second objection is regarding the Entry 66 in the Seventh Schedule in the Central List. I do agree with regard to the higher education, but unfortunately, the education, even the higher education is also included in the Concurrent List and in the State List in the Seventh Schedule.

Sir, in 1972, through 42nd Amendment, this education is put in the Concurrent List. What is the purpose of putting it in the Concurrent List? Before that, it was absolutely within the domain of the State List. What is the purpose

of it? The main purpose is that the local resources and the requirements of the concerned State should be taken into consideration in framing the legislation in respect of the education. But as far as this Bill is concerned, if you go through the contents of the Bill, mandatorily the State Governments and all the universities, even a university which is established under an Act of the State Government, are bound to abide by the conditions of the Commission. That indirectly imposes the powers of the Central Government over a right which is being vested upon the State Government which means that it is totally against the federal principles of the Constitution and it is centralisation of the power with the Centre. It is against the basic principle of federalism which is envisaged in the Constitution. That is my second objection.

Further the curriculum, the syllabus and all these things are being determined by this University Higher Commission. The name is a little bit different in Hindi. I do not know it, but I think that it is the Higher Education Commission. There also, the political philosophy and the political ideology of the Government at the Centre is going to be imposed on the State. That is the main object and purpose of this Bill, for which this Bill is being brought in. By way of this Bill, the State's resources, the local requirements and the State's culture, tradition and language will be taken away means, which is also against the basic principles of the Constitution, the federal principles of the Constitution.

Also, I fully agree with the objections already raised by Shri Manish Tewari ji and also the Bill is not being circulated in proper time and it is being bulldozed in the House without having proper agenda in the List of Business. I do object to that also. I very humbly request the hon. Chairperson to refer this matter for tomorrow so that we can have a detailed discussion regarding the introduction. Otherwise this may be withdrawn by the Government. These are my objections.

HON. CHAIRPERSON: Thank you, Sir.

I now come to my State of Kerala. The consequences of this reckless model are most visible in Kerala. From Kasargod in the North to Kollam in the South, national highway projects – particularly NH-66 and NH-544 – are collapsing before the eyes of the public. The roads are virtually collapsing. I think, Sir, you are also aware of this. The roads of national highways are collapsing like anything in Kerala. Elevated structures are sinking, retaining walls are collapsing, service roads are flooded, and fresh cracks are appearing on newly constructed roads. In May, this year, the entire elevated highway structure at Kooriyad collapsed. The scene was catastrophic, and the entire structure is now beyond repair. Recently, a retaining wall on NH in Kollam collapsed, an issue already raised by Shri Premachandran. I can list dozens of such incidents. What is the problem? In my own constituency, one death has been reported. Forty people have died at the construction site because there is no proper management. What is happening in Kerala is not an act of nature; it is the result of a system where speed and profit were prioritized over safety and scientific planning.

The House must understand that these failures are not accidental. They are the outcome of a development model designed to maximize corporate profit, not public safety. This brings me to the core issue behind these Supplementary Demands for Grants, which is basically a highway scam. Let us look at one project, Azhiyur-Vengalam stretch of NH-66 in North Kerala. This is a road of just 40 kilometres. This project was awarded to Adani Enterprises for Rs. 1,832 crore.

(1520/RV/RTU)

Adani did not build it, Sir. What they have done is they have sub-contracted the entire work to Wagad Infraprojects Pvt. Ltd., an Ahmedabad-based firm, for just Rs. 971 crore. You see, Sir, the total contract was for Rs. 1,838 crore. He has given the sub-contract for Rs. 971 crore, that is almost half the amount. Basically, the actual construction cost is Rs 23.7 crore per km, but Adani is being paid Rs. 45 crore per km, Sir. Sir, Adani will earn Rs. 2,043 crore from this one project alone, an excess profit of Rs. 1,310 crore, funded entirely by public money. This *loot* is legal, Sir. I am not telling it is illegal. This *loot* is legal because the system was designed for it. Kerala NH 66, a six-lane highway project, has been divided into more than 19 phases. Some of these phases are being executed under the EPC model and some are in the HAM model. The projects executed under EPC model in Kerala have cost between Rs. 26 crore and Rs. 32 crore per km, even for roads with higher complexity. The bridges are there. Actually, the area is designed. Areas are also very much complicated, but their money is lesser. The scam is not accidental, Sir. It was designed and facilitated through the Hybrid Annuity Model (HAM), introduced in 2016 under the Modi Government. Here is how HAM works. About 40 per cent of the project cost is paid during the construction itself, 60 per cent is paid over 15 years annuity with interest of the bank rate plus 3 per cent.

A separate contract covers 15 years of maintenance on top of Rs. 1,838 crore. Sir, you can see that in this case, the contractor got Rs. 735 crore during the construction itself. He will get Rs. 1,102 crore over 15 years as annuity. He will also get Rs. 940 crore as interest. He spends only Rs. 971 crore and earns over Rs. 2,043 crore. This is a profit margin of more than Rs. 1,000 crore without laying a single brick himself. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON (SHRI DILIP SAIKIA): What is the Rule?

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : सर, वेणुगोपाल जी हमारे सीनियर सांसद हैं, पीएसी के चेयरमैन हैं… (व्यवधान)

सर, रूल - 216 यह कहता है कि सप्लीमेंट्री डिमांड फॉर ग्रांट्स में जिन चीजों के लिए सप्लीमेंट्री डिमांड्स आयी हैं, केवल और केवल उसी के लिए चर्चा हो सकती है, किसी स्पेसिफिक प्रोजेक्ट की चर्चा नहीं हो सकती, न किसी पॉलिसी की चर्चा हो सकती है… (व्यवधान) ये

स्पेसिफिक प्रोजेक्ट की बात कर रहे हैं और इसकी चर्चा कर रहे हैं। … (व्यवधान) इसलिए सर, इनको केवल डिमांड्स पर चर्चा के लिए कहिए।… (व्यवधान)

यह रूल हमने नहीं बनाया है, यह आपने बनाया है। … (व्यवधान) रूल मावलंकर साहब ने बनाया है, हमने नहीं बनाया है। रूल -216 यही है।… (व्यवधान)

सर, रूल यही है, इसीलिए उनको कन्फाइन कीजिए कि वे केवल और केवल सप्लीमेंट्री डिमांड फॉर ग्रांट्स पर ही चर्चा करें। … (व्यवधान)

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): My colleague from the Treasury Benches, Shri Nishikant ji pointed out a point of order.… (*Interruptions*) Sir, we are given Supplementary Demands for Grants. They are asking for National Highways also, Sir. I quoted that. They are asking for a Supplementary Demand for Grant for National Highways also. If we cannot discuss about National Highway projects, Sir, what else do we have to discuss? … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: It is clearly mentioned in Rule 216. You have to follow the Rule 216.

… (*Interruptions*)

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, I am seriously talking about this. This is a concern of our State. Every day road is collapsing, Sir. People are very much in a fear.

HON. CHAIRPERSON: There is Rule 216. The debate on the Supplementary Grants shall be confined to the items constituting the same and no discussion may be raised on the original Grants nor policy underlying them, insofar as it may be necessary to explain or illustrate the particular items under discussion.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: You are a senior Member of the House. You should follow the rules.

… (*Interruptions*)

(1525/MY/AK)

HON. CHAIRPERSON (SHRI DILIP SAIKIA): No, please be seated.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: You are not allowed.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: He is capable to speak.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: He is a senior Member.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nishikant ji raised his concern under Rule 216. So, he should speak as per Rule 216.

… (*Interruptions*)

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, kindly allow me to complete. … (*Interruptions*) I am very much speaking on the issue of National Highways where the Ministry of Finance is demanding amount from the Parliament. The Finance Ministry is demanding from the Parliament that this much amount has to be given to the National Highways as a Supplementary Demands for Grants. Hence, I am speaking about it.

This is one of the major issues concerning Kerala. Every day, the road is collapsing. The bridge is collapsing. People are in a fear complex and people are dying. If we do not discuss it in the Parliament, then where will we discuss it? If we do not discuss it during the discussion on the Supplementary Demand for Grants, then where will we discuss it?

Sir, my point is about this corruption. I spoke about the Azhiyur-Vengalam Project that was for Rs. 45 crore per kilometre or Thalappady to Chengala. There were seven major bridges and 17 grade-separators. This road is plain whereas there were 17 bridges there and only Rs. 43 crore was given for them. Kappirikkad to Thalikulam has similar geography, which cost only Rs. 35.1 crore. This is a clear legalized loot. … (*Interruptions*)

Sir, we have to discuss it. The hon. Minister himself once told that everything is going wrong. My point is that this should be investigated. I am saying this because this is public money, and public money cannot be taken away by some individuals. There should be a quick investigation done for it. We are demanding for an investigation into it.

With these words, I am concluding my speech. Thank you.

(ends)

1527 बजे

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : धन्यवाद सभापति महोदय। मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ कि आपने मुझे सप्लीमेन्ट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स, फर्स्ट बैच ऑफ 2025-26 पर अपनी बात रखने का मौका दिया।

महोदय, सप्लीमेन्ट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स के माध्यम से लगभग 41,455 करोड़ रुपये नगद खर्च के लिए अनुमोदन मांगा गया है। यह राशि ग्रॉस एडिशनल एक्सपेंडिचर 1,32,268 करोड़ रूपए का एक हिस्सा है। हालांकि 90,812 करोड रुपये की बड़ी राशि मंत्रालयों की आंतरिक बचत से एडजस्ट की जाएगी। शेष राशि 41,455 करोड़ रुपए के लिए पार्लियामेन्ट्री अप्रूव्ल आवश्यक है।

महोदय, वर्ल्ड की इकोनॉमी में प्राइसेज के बढ़ने या घटने के कारण और जन कल्याण योजनाओं के बढ़ते खर्च की आवश्यकताओं को पूरा करने लिए यह सप्लीमेन्ट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स लाया गया है। वर्तमान सप्लीमेन्ट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स का बड़ा हिस्सा सब्सिडी को पूरा करने के लिए दिया गया है। इसमें एलपीजी बिक्री पर नुकसान की भरपाई के लिए 9,473 करोड़ रूपए दिए गए हैं। केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए 2,500 करोड़ रुपए दिए गए हैं। होम मिनिस्ट्री के लिए 2,298 करोड़ रुपए एवं हायर एजुकेशन के लिए 1,303 करोड़ रुपए दिए गए हैं।

महोदय, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में हमारा बिहार और देश मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। यह कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि वर्ष 2025-26 के सेकेंड क्वॉटर में इंडियन इकोनॉमी में 8.2 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ हुई है। यह देश के लिए इम्प्रेसिव है। इसके साथ ही यह देश एवं राज्यों के लिए भी एन्करेजिंग है। यह सरकार की ग्रोथ पॉलिसी और रिफॉर्म के कारण सम्भव हुआ है।

महोदय, आज भारत दुनिया की फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमीज में से एक है। हम जल्द ही वर्ल्ड की तीसरी इकोनॉमी बनने वाले हैं। वर्ल्ड के विकास के लिए भारत का योगदान 20 परसेंट होने जा रहा है। आज हमारा फिस्क्ल डिफिसिट 4.4 परसेंट होने की उम्मीद है। देश में कंपनियां कैपिटल मार्केट से रेकॉर्ड फंड जुटा रही हैं। हमारे बैंक्स मजबूती के साथ योगदान दे रहे हैं। देश में इंफ्लेशन बहुत कम हुआ है।

(1530-1535/MLC/SRG)

इंटरेस्ट रेट कम हुआ है। देश की करेंट एकाउंट डेफिसिट कंट्रोल में है। फॉरेक्स रिजर्व भी बहुत मजबूत है। आज हमारे डोमेस्टिक इंवेस्टर्स करोड़ों रुपये मार्केट में लगा रहे हैं।

महोदय, सरकार के सुधार का ही परिणाम है कि फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व अपने हाई रिकार्ड के करीब है। टेक्नोलॉजिकल विकास में भी देश काफी आगे बढ़ा है। 5जी स्टैक देश में ही विकसित हुआ है और हमने 'मेड इन इंडिया 5जी' भी बनाया है और आज हम 'मेड इन इंडिया 6जी' पर तेजी से काम कर रहे हैं। आज देश में पारदर्शी नीति के कारण सेमी कंडक्टर से जुड़ी फैक्टरीज़ भी लगनी शुरु हो चुकी हैं।

महोदय, अगर हम यूनाइटेड नेशन्स के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स की बात करें और उसके लक्ष्यों को देखें तो हमने काफी हद तक अपने लक्ष्यों को समय से पहले पूरा कर लिया है। यह देश और दुनिया के लिए एक उदाहरण है।

महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र हथुआ में सबैया एयर फील्ड है, जो 471 एकड़ में फैली हुई है, जो वर्ष 2020 में उड़ान योजना में शामिल हो चुकी है और उसकी पिलरिंग यानी बाउंड्री हो चुकी है, लेकिन बीडिंग की प्रक्रिया नहीं हो पा रही है। अत: मेरा निवेदन है कि बीडिंग प्रक्रिया शुरू कर इसे जल्द से जल्द चालू करने की कृपा की जाए।

महोदय, मैं अपनी बात रखते हुए अनुरोध करूंगा कि राज्यों में वेतन एवं पेंशन पर हो रहे खर्च के लिए भी जरूरत पड़ने पर सहायता प्रदान की जाए, ताकि विकास सम्बन्धी जरूरतों के लिए अधिक रकम खर्च हो सके। राज्यों के बीच बढ़ती राजकोषीय असमानता को भी कम किया जा सके।

महोदय, सबसे अधिक पूंजीगत व्यय करने वाले सड़क एवं रेलवे मंत्रालयों में वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल से अगस्त के दौरान बजट आवंटन के अनुपात में अधिक व्यय हुआ है। पिछले साल की तुलना में पूंजीगत व्यय में वृद्धि एवं राजस्व में आई कमी के कारण राजकोषीय घाटे में बढ़ोतरी हुई है। सरकार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 4.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य प्राप्त करने का भरोसा है। अपने देश में दूसरे देशों की तुलना में सरकारी खर्च कम है। वर्ष 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार भारत में सरकारी खर्च का आंकड़ा देखें, तो यह जीडीपी का 28.62 प्रतिशत है, चीन का 33.4 प्रतिशत है, ब्राजील का 46.38 प्रतिशत है, अमेरिका का 36.2 प्रतिशत है और फ्रांस का 58.32 प्रतिशत है। मेरा इसमें सुझाव है कि आवश्यकता सरकारी खर्च को घटाने की नहीं, बल्कि उसे प्रभावी रूप से खर्च करने की है। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि केन्द्रीय और राज्य स्तर पर लोक निर्माण के सभी कार्य गुणवत्ता से परिपूर्ण हों। सरकार ने विकास विरोधी बाधाओं को दूर करने और उन्हें सुसंगत बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं, जिससे कारोबारी लोगों की सुगमता बढ़ी है। बिजनेस रैंकिंग में भारत की ऊंची छलांग दिखती है। वैश्विक जटिलताओं के बावजूद सर्विस निर्यात बढ़ने से व्यापार में संतुलन बना हुआ है।

महोदय, दुनिया भर में जहाँ 2.3 अरब लोग अभी भी खाद्य असुरक्षा के शिकार हैं, वहीं भारत में ऐसे लोगों की संख्या 33.5 करोड़ से अधिक है। दुनिया की आधी आबादी जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित है। इसमें भारत सरकार देश की ही नहीं, बल्कि दुनिया को स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहायता प्रदान कर रही है।

महोदय, मैं इन्हीं शब्दों के साथ इस डिमांड फॉर ग्रांट्स का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ।

(इति)

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : धन्यवाद। माननीय सदस्य श्री बजरंग मनोहर सोनवाने जी।

1534 hours

*SHRI BAJRANG MANOHAR SONWANE (BEED): Honourable Speaker, I rise to speak on the Bill that has been presented in this House today. I would like to submit that India is known as an agrarian country... and it is necessary to pay attention to the demands of the farmers of this country. Through you, I request that you must introduce some good schemes for the welfare of farmers.

Along with this, additional funds should be provided for the Dharashiv-Beed-Sambhajinagar railway line, and the long-pending Junnar-Ashti railway line should also get sufficient funding. The Ahilyanagar-Beed railway line has been pending for the last 14–15 years; I request that you must provide funds for that as well.

The Members of this House also have limited funds. The fund for MLAs in Maharashtra is ₹ 5 crore. So, I request that the Members of this House be given at least ₹ 30-35 crore annually.

In our country, post offices are a medium of communication, but there are fewer of them in my district. I demand that more post offices be opened there. Honourable speaker, we are in the age of mobile phones, and the entire world depends on them, but there are no mobile towers in some parts of my district. Therefore, I demand that mobile towers be installed in such areas.

Road and Transport Minister, Honourable Nitin Gadkari, has done a lot of work, but many projects are still pending in my district. I request that you should provide funds for the 4-lane and 6-lane projects for National Highway 548D and 548C.

Honourable Speaker, Sir, Maharashtra's healthcare system has been deteriorated, and the Central Government should provide various schemes for healthcare. Furthermore, I request that a medical college be established in my district.

---

* Original in Marathi

Regarding education, I request that additional funds be provided for the construction of Navodaya Vidyalayas, Sainik Schools, and Kendriya Vidyalayas, so that poor students can get quality education there.

Honourable Speaker, my district is famous as a district of sugarcane cutters. I am requesting the Union Government, through you, that a school be provided at every sugar factory for the children of these sugarcane cutters. Our India is known as a rural dominated country. I am also requesting through you that adequate seating space and proper buildings be provided for the Gram Panchayat offices, and ‘for’ that necessary funds be allocated for this purpose.

I also request that a minimum of 5 lakh rupees be allocated for the Pradhan Mantri Awas Yojana (Prime Minister's Housing Scheme). I also request that you should provide funds to ensure that every household receives drinking water. Schemes like MREGS have stopped functioning in Maharashtra; these schemes receive Central Government funding, and I request that this funding be released in time so that poor labourers can get work and wages.

I also request that hostels must be constructed for Dalit students. My final request is that you must provide school and college facilities for children from minority and Muslim communities.

Thank you.

(ends)

(1540/STS/HDK)

1540 बजे

श्री रविंद्र दत्ताराम वायकर (मुम्बई उत्तर-पश्चिम) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे वित्तीय वर्ष 2025-26 की अनुदानों की अनुपूरक मांगों के पहले बैच पर अपने विचार रखने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय वित्त मंत्री जी का अभिनंदन करता हूं, जिन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की न केवल रक्षा की है, बल्कि उसे नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

महोदय, अब मैं सदन के पटल पर रखी गयी अनुदानों की अनुपूरक मांगों पर आता हूं। सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में 41,455 करोड़ रुपए के नेट एडीशनल स्पेंडिंग की मांग की है। मैं सदन का ध्यान 7 प्रमुख आबंटनों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। उन्होंने पहला आबंटन, फर्टिलाइजर सब्सिडी के लिए 18, 528 करोड़ रुपए का किया है। कुल मांग का एक बहुत बड़ा हिस्सा, यानी 18,528 करोड़ रुपए केवल उर्वरक विभाग के लिए आवंटित किए गए हैं। आज दुनिया में खाद की कीमतें आसमान छू रही हैं, युद्ध चल रहे हैं, सप्लाई चेन टूटी हुई है, लेकिन मोदी सरकार ने तय किया है कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों का बोझ हमारे किसानों के कंधों पर नहीं पड़ने दिया जाएगा। यह राशि यूरिया और 'पीएंडके' उर्वरक सब्सिडी के लिए है, ताकि हमारे अन्नदाता को खाद सस्ती दरों पर मिल जाए।

दूसरा आबंटन, पेट्रोलियम और एलपीजी के ऊपर लगभग 9,473 करोड़ रुपए का किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय को लगभग 9,500 करोड़ रुपए दिये जा रहे हैं। इसका उद्देश्य तेल कंपनियों को हुए नुकसान की भरपाई करना है, ताकि जनता को रसोई गैस और ईंधन उचित दामों पर मिलता रहे। साथ ही, 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना- के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन जारी रखने के लिए यह आबंटन किया गया है। यह बजट का कुशल प्रबंधन है।

तीसरा आबंटन, 3,028 करोड़ रुपए जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का विकास करने के लिए किया गया है। उसमें से जम्मू-कश्मीर के लिए 340 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। इसमें लद्दाख में बिजली खरीदना, आपदा प्रबंधन और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। हम सीमावर्ती क्षेत्रों को देश की मुख्य धारा से जोड़ रहे हैं।

सभापति महोदय, विदेश मंत्रालय के लिए 1,226 करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है। भारत की ग्लोबल छवि और कूटनीतिक पहुंच को मजबूत करने के लिए 1,226 करोड़ रुपए की मांग है। इसमें हमारे पड़ोसी मित्र देशों, जैसे मॉरीशस और पैसिफिक आईलैंड देशों की सहायता और ईरान के 'चाबहार पोर्ट' के लिए योगदान शामिल है, जो रणनीति का रूप है। यह हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सभापति महोदय, उच्च शिक्षा के लिए 1,303 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह राशि हमारे डीम्ड विश्वविद्यालयों और जैसा कि कई सदस्यों ने अभी कहा कि कॉलेजों में शोध होनी चाहिए। यह राशि डीम्ड विश्वविद्यालय और 'प्रधानमंत्री वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' जैसी क्रांतिकारी योजना के लिए है, जिससे हमारे छात्रों और शोधकर्ताओं को दुनिया के बेहतरीन रिसर्च पेपर्स मुफ्त में उपलब्ध होंगे।

सभापति महोदय, आयकर और बुनियादी ढांचे यानी फाइनेंस एंड आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1,831 करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं। इसका उद्देश्य कर व्यवस्था को सरल बनाना, आईटी विभाग के लिए आधुनिक कार्यालयों का निर्माण और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है, ताकि करदाताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

महोदय, मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वह राज्य देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन है। वह महाराष्ट्र है, वह मेरी मुम्बई है। उसकी कुछ ज्वलंत समस्याओं और मांगों को मैं आपके माध्यम से सरकार के समक्ष रखना चाहता हूं। मुम्बई देश को सबसे ज्यादा टैक्स देती है, लेकिन मुम्बई की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए और अधिक केन्द्रीय सहयोग की आवश्यकता है। हमारे फाइनेंस मिनिस्टर ने पिछली बार बजट में कहा था कि हम लोग देश के 'घरकुल' के लिए, पीएमएवाई के लिए 10 लाख करोड़ रुपए की लागत कर देंगे, इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 11 लाख 11हजार 111 करोड़ की लागत देंगे, तो उसी में जैसे कि मुम्बई केवल एक शहर नहीं है, बल्कि एक मेगा-रीजन, 'एमएमआर' बन गया है।

महोदय, लोकल ट्रेन मुम्बई की लाइफलाइन है, लेकिन अब हमें मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी में बदलने की सख्त जरूरत है। मेट्रो का काम चल रहा है, लेकिन लास्ट माइलेज कनेक्टिविटी अभी भी एक चुनौती है।

(1545/MM/PS)

मेरी मांग है कि मुंबई अर्बन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (MUTP) के अगले चरणों के लिए बजट आवंटन बढ़ाया जाए। हमें ईस्ट-वेस्ट कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए और अधिक फ्लाईओवर और अंडरपास की आवश्यकता है ताकि आम आदमी का ट्रैफिक में बर्बाद होने वाला समय बच सके। मुंबई हमारी नॉर्थ-वेस्ट फैली हुई है। तीनों तरफ समुद्र है और एक तरफ हिमालय की पर्वत माला है। इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 493 स्क्वेयर किलोमीटर है। मुंबई के रोड 2005 किलोमीटर लंबे हैं। ट्रैफिक से बचने के लिए आर्थिक लागत की जरूरत है, केन्द्र शासन इस पर ध्यान दे।

वर्सोवा जेटी का आधुनिकीकरण (Versova Jetty): मेरे संसदीय क्षेत्र में वर्सोवा एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कोलीवाड़ा (मछुआरों की बस्ती) है। यहाँ की जेटी (Jetty) की हालत बहुत जर्जर है। हमारे मछुआरे भाई-बहन, जो मुंबई के मूल निवासी हैं, उन्हें अपनी नावें खड़ी करने और मछली उतारने में भारी कठिनाई होती है।

मैं मांग करता हूँ कि 'सागरमाला परियोजना' के तहत वर्सोवा जेटी के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए विशेष फंड जारी किया जाए। साथ ही, मुंबई में जल परिवहन (Water Transport) को बढ़ावा देने के लिए रो-रो (Ro-Ro) सेवाओं का विस्तार मुंबई में किया जाए।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (Solid Waste Management): महोदय, मुंबई रोज लगभग 6,500 मीट्रिक टन कचरा पैदा करती है। देवनार और डंपिंग ग्राउंड्स अब कचरे के पहाड़ बन चुके हैं जो न केवल पर्यावरण के लिए खतरा हैं, बल्कि आसपास रहने वाले लाखों लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। बार-बार वहां आग लगती है और जहरीला धुआं फैलता है।

मेरी मांग है कि केंद्र सरकार 'वेस्ट टू एनर्जी' (Waste to Energy) प्लांट्स लगाने के लिए मुंबई महानगर पालिका को विशेष तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करे। हमें कचरे के निस्तारण के लिए वैज्ञानिक तरीकों को जल्द से जल्द अपनाना होगा।

जल निकायों का कायाकल्प (Rejuvenation of Water Bodies): कभी मुंबई नदियों और तालाबों का शहर था। आज मीठी नदी (Mithi River) नाले में तब्दील हो चुकी है। पवई झील और अन्य तालाब सिकुड़ रहे हैं। वहां सीवर का पानी डायरेक्ट जा रहा है।

मैं मांग करता हूँ कि 'नमामि गंगे' की तर्ज पर 'नमामि मीठी' या मुंबई के जल निकायों के लिए एक विशेष परियोजना शुरू की जाए। जब तक हम अपने जल स्रोतों को पुनर्जीवित नहीं करेंगे, मुंबई बाढ़ और जल जमाव की समस्या से मुक्त नहीं हो सकती।

दमनगंगा-पिंजाल लिंक परियोजना (Damanganga-Pinjal Link Project): महोदय, जल ही जीवन है। मुंबई को अभी 4410 एमएलडी की आवश्यकता है और हम 3810 एमएलडी पानी देते हैं। आसपास के क्षेत्रों में 2041 तक पानी की मांग बहुत बढ़ जाएगी। 'दमनगंगा-पिंजाल नदी जोड़ो परियोजना' मुंबई की प्यास बुझाने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कोंकण रेलवे का दोहरीकरण (Konkan Railway Doubling): यह सिंगल ट्रैक पर चल रही है। हालांकि विद्युतीकरण (Electrification) का काम हुआ है, लेकिन जब तक पूरी लाइन का दोहरीकरण (Doubling) नहीं होगा, कोंकण का विकास अधूरा रहेगा। मैं रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि रोहा से मडगांव तक के पैच के दोहरीकरण के लिए इस बजट में और तेजी लाई जाए।

अवैध घुसपैठ (Illegal Immigrants): महोदय, यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा और मुंबई के अस्तित्व से जुड़ा है। मुंबई और उसके उपनगरों में अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ रही है। ये लोग न केवल झुग्गी-झोपड़ियों में अवैध कब्जा कर रहे हैं, बल्कि स्थानीय नागरिकों के संसाधनों पानी, राशन और रोजगार पर डाका डाल रहे हैं।

यह जनसांख्यिकीय परिवर्तन (Demographic Change) भविष्य के लिए एक बड़ा खतरा है। मैं गृह मंत्री जी से मांग करता हूँ कि मुंबई और महाराष्ट्र में NRC की तर्ज पर एक सघन अभियान चलाकर अवैध घुसपैठियों की पहचान की जाए और उन्हें निर्वासित (Deport) किया जाए।

मुंबई में एम्स (AIIMS) की स्थापना और कैंसर केयरः मुंबई में एम्स की स्थापना की जाए क्योंकि महाराष्ट्र के लोग कैंसर के इलाज के लिए मुंबई आते हैं। मेरी सरकार से पुरजोर मांग है कि मुंबई और एमएमआर (MMR) क्षेत्र की आबादी को देखते हुए यहाँ तत्काल एक नए 'एम्स' (AIIMS) की स्थापना की जाए। महोदय, किफायती यानी एफोर्डेबल घर और भाड़े के घर ज्यादा से ज्यादा पीएमवाई के माध्यम से मुंबई में लाने चाहिए। यह मेरी मांग है।

अंत में, मैं यही कहना चाहूंगा कि यह पूरक बजट भारत की विकास यात्रा को गति देने वाला बजट है। यह 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को चरितार्थ करता है।

मुंबई और महाराष्ट्र की इन मांगों, विशेषकर एम्स (AIIMS) की स्थापना पर सरकार सकारात्मक रुख अपनाएगी, इस विश्वास के साथ मैं वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत पूरक अनुदान मांगों का पूर्ण समर्थन करता हूँ। जय हिंद! जय महाराष्ट्र!"

(इति)

(1550/MK/SNL)
1550 बजे

श्री राव राजेन्द्र सिंह (जयपुर ग्रामीण) : सभापति महोदय, मैं आसन और सदन के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित करता हूं कि अभिव्यक्ति के ये बहुमूल्य सूक्ष्म क्षण मुझे प्रदान किये गये। इस पूरी अभिलेखों के प्रति जो व्यापक व्यवहार चिंतन के माध्यम से इस सदन में प्रस्तुत किया गया, उसमें गंभीरता के वे क्षण भी समाहित हैं, जहां वैश्विक दृष्टि से भारत की अर्थव्यवस्था के प्रति प्रतिपक्ष का उदासीन वक्तव्य इस बात को दृष्टिगोचर करता है कि भारत की अर्थव्यवस्था में आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो व्यवस्थित छवि होनी चाहिए, उस पर कहीं आक्षेप हुआ है। अभिव्यक्ति के वे क्षण सदन की सत्यता के विषय को और सारगर्भित मर्यादा की व्यवस्था को सम्पादित होने चाहिए थे, लेकिन इस बात का अचरज होता है कि कैसे शब्द के व्याकरण की वर्णमाला प्रस्तुत करने में सच को व्यवस्थित तौर पर न प्रस्तुत कर एक ऐसा अंश प्रस्तुत किया जाए, जो सच का आधा हो और सच की संपूर्णता को परिभाषित करने में कहीं न कहीं कसौटी पर खड़ा नहीं उतरता है।

महोदय, मैं इस बात के लिए बड़े आदर से आपसे विवेचन करता हूं। सम्माननीय निशिकान्त दुबे जी ने यह बात बिल्कुल सही कही कि नियम 216 के माध्यम से जब आप अनुपूरक मांगों पर चर्चा कर रहे हैं तो आपकी सीमा अनुपूरक मांगों तक होनी चाहिए। लेकिन, चूंकि व्यापक चर्चा भारत की संपूर्ण अर्थव्यवस्था को परिदृश्य करते हुए विवेचन के रूप में प्रतिपक्ष ने प्रस्तुत कर दी तो यहां मैं एक बात आपके बीच में, आपके समक्ष रखना चाहूंगा। भारत की स्थिति आज की तारीख में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्या है? पूरे संसार की सबसे बड़ी प्रजातांत्रिक व्यवस्था और इस प्रजातांत्रिक व्यवस्था के सामने भारत की वर्तमान सरकार और भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिया हुआ वक्तव्य, आज आर्थिक विश्लेषण, सामाजिक, राजनीतिक और राष्ट्र की व्यवस्था को विमोचित करने का पारदर्शित मार्ग प्रस्तुत करता है। उसके उपरांत भी प्रतिपक्ष इस बात के लिए बार-बार अपनी प्रतिक्रिया प्रस्तुत करता है कि कहीं भी इसमें सफलता की चिंगारी हमें देखने को नहीं मिलती है।

सभापति महोदय, उसी अमेरिका, जिसके डॉलर के संबंध में इतनी चिंता व्यक्त की गई है कि मैं वहीं के एक प्रसिद्ध व्यक्ति के द्वारा दिये गये विवेचन को प्रस्तुत करने की आज्ञा चाहता हूं। उन्होंने कहा है कि भारत एक सबसे बड़ा डेमोक्रेटिक देश है।

"What do you do when the world's largest democracy decides that it no longer needs your permission?", he said, referring to America. He further said, "How the United States have to behave when India, the world's largest democracy, feels it does not require anyone's permission? You push back".

This is not just about tariffs; it is about control. Right now, India is breaking free. The United States of America knows this, and it is sitting nervous. The US President has threatened tariffs on Indian exports. The official reason cited is trade imbalance, but the real reason is that India is rising fast, and Washington does not like what it cannot control.

Why are they not in a position to accept this reality? Instead of targeting the Government of India and its interests, why can they not accept the fact that someone wants to control you? But with Shri Narendra Modi ji, that is not possible, हमें इस बात की व्यवस्था को अंजाम देना पड़ेगा। Please let me know, when my time is up. भारत की स्थिति क्या है?

(1555/ALK/SMN)

हम अपने ही शास्त्र उच्च चरित्र की मर्यादा में जब वैश्विक व्यवस्था का परिलेख देखने की कोशिश करते हैं, तो आपको भारत की स्थिति ठीक वैसी ही नजर आती है, जो महाभारत के समय श्री कृष्ण ने अपनी मैत्रिक संधि के माध्यम से कुरु के राष्ट्र को मैत्रिक रूप में एक विवेचना प्रस्तुत की थी।

आदरणीय सभापति जी, जब अहंकार परिस्थिति के परिदृश्य में सर्वोपरि हो जाता है, तो विनाश की शुरुआत होती है। इस महाबलि राष्ट्र, जिसको आप अमेरिका के नामचर, उसके डॉलर की इतनी ज्यादा चिंता कर रहे हैं। जब अहंकार के अंगारे से वह अपनी बात को राष्ट्र में और संसार में प्रस्तुत करना चाहता है, तो भारत का शास्त्र, उच्च मर्यादा और चरित्र इस बात का आगाज करता है कि इसका प्रतिरोध होना चाहिए। यह सदन में भी होना चाहिए और संसार के पटल पर भी होना चाहिए।

मैं आपके बजट की अभिलेखा तक आ जाऊंगा और उसके सूक्ष्मतम बिंदु तक आ जाऊंगा। आपने यह बात बड़े तर्क से कही है कि आर्थिक स्थिति के अंदर आंकड़े क्या कहते हैं? इसके लिए मैं निवेदन कर देता हूं और अगर आपको अनुचित न लगे, तो आप उन्हें नोट कर लीजिए और वापस देख लीजिएगा। While unprecendented geopolitical risk has surfaced, आज से पहले आपने स्थिति को नहीं देखा, इसकी परिकल्पना नहीं की जा सकती थी।

The fundamentals of the Indian economy remain strong. The Foreign Direct Investment in India rose by 18 per cent from year to year to 35.18 billion dollars during April-September of this fiscal year. While the inflow from US more than doubled to 6.62 billion dollars during the period according to the latest Government data released on 1st December,

investment from overseas during April-September period of the fiscal year stood at 29.79 billion dollars. During the preceding June-September quarter 2025-26, the inflow increased by over 21 per cent. I am not saying this, Sir. I have not conjectured this figure. Even if I wanted to, I could not have put it in this way.

The question is this. Why are we not in a position to accept the reality? आपने अनुपूरक मांगों के माध्यम से फर्टिलाइजर्स के लिए 11,000 करोड़ रुपये, फॉस्फेट और अन्य चीजों के लिए मांगे और यूरिया के लिए आपने तकरीबन 20,000 करोड़ रुपये मांगे हैं। हमें और आपको इस बात का हर्ष होना चाहिए कि जिस प्रकार का मानसून रहा, जिस प्रकार से बारिश हुआ, हमने संभावित रूप से बजट के समय आकलन किया था कि कितनी भूमि पर एग्रो एक्टिविटी होगी। अच्छी बरसात के कारण ऐसी भूमि जो एरिड या बैरेन थी, आज वह भी कल्टिवेशन में आ गयी। जब कल्टिवेशन में आ गयी, तो आपको यूरिया, फॉस्फेट, एनपीके और डीएपी सबकी आवश्यकता पड़ी। आपने उसके लिए अनुपूरक मांगों के माध्यम से सप्लीमेंट्री ग्रांट मांगी, तो इसमें कोई चिंता का विषय नहीं है, बल्कि चिंता का विषय यह होना चाहिए कि जब 50.62 लाख करोड़ रुपये के बजट के बाद अगर आप अनुपूरक मांग लेकर आ रहे हैं, तो क्या फिस्कल डेफिसिट पर, क्या रेवेन्यू डेफिसिट पर इसका असर पड़ेगा? आपने जो टारगेट लिए थे। क्या वह उससे बाहर चले जाएंगे और वे टारगेट पूरे नहीं होंगे?

माननीय सभापति जी, मैं आज आपसे निवेदन करता हूं कि 1.9 से 1.5 प्रतिशत हमारा रेवन्यू डेफिसिट का टारगेट है और हम इस टारगेट पर रहेंगे। हमने फिस्कल डेफिसिट 4.8 से 4.4 करने का वादा किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक हम टारगेट के अंदर रहेंगे और अपने डिसिप्लन को नहीं तोड़ेंगे। मैं आज वित्त मंत्री जी से इतना निवेदन करना चाहता हूं कि आपका तकरीबन 2 लाख करोड़ रुपये के ऊपर का जो व्यय फर्टिलाइजर्स पर है, इस बात को माननीय प्रधान मंत्री जी भी कह चुके हैं और माननीय कृषि मंत्री जी भी इस बात को स्वीकार कर चुके हैं कि हमें अपने एग्रीकल्चरल पैटर्न को डायवर्ट करना पड़ेगा। अगर आप नेचुरल खेती की तरफ जाते हैं, अगर आप ऑर्गेनिक खेती की तरफ जाते हैं, तो एक सबसे अच्छी चीज जो कहीं न कहीं इस परिदृश्य में नहीं आ रही है कि जिस कास्तकार को, जिस कृषक को, जिस अन्नदाता को उसके प्रोडक्शन में जो कमी आएगी, आप उसकी पूर्ति कैसे करेंगे?

(1600/CP/RP)

इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च ने साइंटिफिक तरीके से यह बात कही है कि अगर आप आर्गेनिक खेती की तरफ जाते हैं, परम्परागत खेती की तरफ जाते हैं या नेचुरल खेती करते हैं, तो आपके प्रोड्यूस को सामान्य बाजार भाव से कुछ ज्यादा पैसे मिलते हैं। हमारे भारत मूल की ऐसी कंपनीज़ हैं, जो एग्रीकल्चर एक्टिविटी को कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। एक कंपनी ने सिंगापुर से 6.32 मिलियन मीट्रिक टन का एग्रीमेंट किया है। अफ्रीकन कांटिनेंट के कृषकों की अपनी कृषि की व्यवस्था से और उस खेती के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन को कम करके, उनको ट्रेड करके उन्हें उसका लाभ पहुंचाया। इस प्रकार की व्यवस्था में नीति आयोग, एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट, फाइनेंस डिपार्टमेंट और एन्वायर्नमेंट डिपार्टमेंट अगर भारत के अन्नदाता को यह बात सुनिश्चित कर दें कि पैदावार के अलावा, इस प्रकार गतिविधियों से जहां से प्रदूषण में कमी हो सकती है, वहां आपको वित्तीय व्यवस्था मिलेगी।

मैं राजस्थान के संबंध में एक निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे पास भूमिगत पानी नहीं है। हमारे पास नदी से पानी आता है या जहां कैनाल है, वहां कैनाल से पानी आता है। कैनाल का पानी प्रदूषित हो रहा है। आप राजस्थान में राम सेतु के माध्यम से नेशनल प्रोजेक्ट ला रहे हैं या यमुना वाला प्रोजेक्ट ला रहे हैं। अगर ये सारे हमारे यहां आएंगे तो हमारी अर्थव्यवस्था को इससे लाभ मिलेगा।

मैं एक निवेदन और करना चाहता हूं। आपने पेट्रोलियम के लिए यहां पैसे मांगे। मैं अगर स्टैस्टिक्स में जाऊं तो बात दोहराऊंगा, लेकिन मैं एक निवेदन वित्त मंत्री जी से करना चाहता हूं, राजस्थान जैसे और भी कई प्रदेश हैं, जैसे असम है, महाराष्ट्र में मुंबई हाई है, जहां तेल निकलता है। वर्ष 2004 में आखिरी बार रॉयल्टी पर बात हुई। आज डॉलर की कीमत बढ़ गई है। इन राज्यों को रॉयल्टी डॉलर की तुलना में मिलती है। पिछले 15 वर्षों में रॉयल्टी रीविजट नहीं की गई। अगर हम कलेक्शन से इतना पैसा आपको दे रहे हैं तो आपके फॉरेन एक्सचेंज में उतनी ही कमी आती है। अगर हम इंडेजिनस इस चीज को दे रहे हैं तो एक राज्य के नाते, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि राज्य की रॉयल्टी को दोबारा तय करिए। हम क्यों न इसका दोबारा अवलोकन करें? … (व्यवधान)

महोदय, आपने घंटी बजा दी है। अनुपूरक मांगों से भारत की अर्थव्यवस्था की व्यस्थित स्थिति में कहीं कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा। भारत अपने आप खड़ा होकर विश्व की आर्थिक शक्ति के रूप में भी अपना नाम करेगा। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, जय हिंद।

(इति)

1604 बजे

श्रीमती शांभवी (समस्तीपुर) : महोदय, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे मेरी पार्टी का पक्ष रखने की अनुमति दी। मैं सबसे पहले अपनी पार्टी, लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास) और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी की तरफ से सप्लीमेंट्री डिमांड फॉर ग्रांट 2025-26 का समर्थन करती हूं। मैं चर्चा शुरू करने के पहले अपने यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का आभार व्यक्त करती हूं कि उनकी नीतियों और वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है कि आज लोग विश्व स्तर पर भारत की तरफ उम्मीद से देख रहे हैं। यह उनकी नीतियों का परिणाम है कि आज भारत की अर्थव्यवस्था चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो चुकी है।

(1605/SK/VPN)

पिछले क्वार्टर में जीडीपी में 8.2 प्रतिशत की ग्रोथ रेट रिकॉर्ड की गई है, जो अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसकी चर्चा विपक्ष कभी नहीं करेगा और न ही इसकी सराहना करेगा। अगर हम जीडीपी, विदेशी मुद्रा भंडार या प्रति मास जीएसटी कलैक्शन की बात करें तो ये भी अर्थव्यवस्था में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। विपक्ष के युवा नेता, जो खटाखट और फटाफट पैसे देने की बात कह रहे थे, देश से ज्यादा विदेश में देखे जाते हैं।

सप्लीमेंटरी डिमांड्स फॉर ग्रांट्स, 2025-2026 की बात करें तो पहले बैच में 1 लाख 32 हजार 268 करोड़ रुपये के अतिरिक्त व्यय की अनुमति मांगी गई है। विपक्ष के नेता बार-बार पूछ रहे थे कि सप्लीमेंटरी डिमांड्स फॉर ग्रांट्स की क्या आवश्यकता है, बजट तो पेश हुआ था? मुझे यह बोलते हुए गर्व होता है कि हमारा लोकतंत्र जीवंत लोकतंत्र है और हमारी सरकार गतिशील सरकार है जो न कभी रुकती है और न ही कभी विकास कार्यों से पीछे हटती है।

1606 बजे (डॉ. काकोली घोष दस्तीदार पीठासीन हुईं)

महोदया, मुझे यह बताते हुए गर्व होता है कि यह पैसा कहां जा रहा है? यह सारा पैसा गरीब, किसान, महिला, युवा, दलित, वंचित और शोषित वर्गों के विकास कार्य के लिए खर्च किया जा रहा है। आबंटित राशि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत एलपीजी सब्सिडी की भरपाई के लिए खर्च की जा रही है, इसके लिए लगभग 12,500 करोड़ रुपये की भारी राशि दी गई है। गरीबों के लिए गैस कनैक्शन्स, एलपीजी कनैक्शन्स के प्रोग्राम कम्पोनेंट के तहत 3178 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई है। अनुसूचित जाति के लिए 302 करोड़ रुपये और अनुसूचित जनजाति के लिए 156 करोड़ रुपये अलग से रखे गए हैं।

अगर हम एलपीजी सब्सिडी की बात करें तो एससी और एसटी वर्ग हेतु क्रमश: 83 करोड़ और 43 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। शिक्षा मंत्रालय में प्रधान मंत्री 'वन नेशन वन सब्क्रिप्शन' के तहत लगभग 2023 करोड़ रुपये की बड़ी राशि आबंटित की गई है। इससे वंचित और गरीब वर्गों से आने वाले छात्रों को विश्व स्तर पर जनर्ल्सल रिसर्च का मैटीरियल उपलब्ध कराया जाएगा। अगर हम वर्ल्ड क्लास इंस्टीट्यूशन्स की बात करें तो कुल मिलाकर 235 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई है। केंद्र सरकार द्वारा डीम्ड यूनिवर्सिटीज़ के लिए लगभग 45

करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई है। यह राशि जिन पॉलिसियों और स्कीम्स के लिए आबंटित की गई है, वे हमारी अंत्योदय की आधारशिला और विचारधारा को और मजबूत करेंगी। इससे विकास का कार्य पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा।

एक सांसद महोदया ने इसी सदन में खड़े होकर चर्चा में एक बात उठाई थी और कहा था कि अगर कांग्रेस के राज में 'सेल' नहीं होता, इसरो नहीं होता, एम्स नहीं होता और डीआरडीओ नहीं होता तो विकसित भारत का निर्माण कैसे होता? मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि विकसित भारत के निर्माण के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है। शिलान्यास करने और काम पूरा करने में बहुत अंतर होता है, इमारत की नींव को रख देने से मकान नहीं बनता। 51 सालों में आपने मात्र एक एम्स का निर्माण किया। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार जब आई थी तब जाकर पांच नए एम्स की स्थापना हुई थी। हमने 23 एम्स बनाए। आपने आईआईएम की बात कही। आपने 60 सालों में सिर्फ 13 आईआईएम बनाए और हमने दस सालों में नौ नए आईआईएम बनाए। बिहार को भी नया आईआईएम मिला है।

महोदया, डीआरडीओ की बात हो रही थी, डिफेंस की बात हो रही थी। मेरे पास इसके भी कुछ आंकड़े हैं। India recorded its highest ever defence production of Rs. 1.54 lakh crore in the financial year 2024-2025. Defence exports reached a record of Rs. 23,622 crore. आज रक्षा के क्षेत्र में 16,000 एमएसएमईज़ काम कर रहे हैं। आपकी डिफेंस डील्स की बात होती है। आप डिफेंस के बारे में जो भी कहते हैं, तब हमें नहीं लगता कि आपको बताने की जरूरत है कि डिफेंस डील्स में आप लोगों ने क्या किया था।

अब हम अर्थव्यवस्था के आंकड़ों की बात करते हैं, हम सिर्फ अर्थव्यवस्था के आंकड़ों में अपना रिकॉर्ड नहीं तोड़ रहे हैं बल्कि चुनाव रिकॉर्ड में भी अपने रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। हम बिहार से आते हैं। हम बिहार की तमाम जनता को प्रणाम करते हैं कि उन्होंने एक ऐसी सरकार को चुना, एक ऐसे गठबंधन को चुना जो नफरत और झूठी राजनीति से ऊपर उठकर विकास की राजनीति करती है।

(1610/VVK/UB)

अगर सबसे ज्यादा डबल इंजन की सरकार कहीं रही है, तो वह बिहार में रही है। 20 साल बाद भी माननीय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी के खिलाफ कोई एंटी इन्कम्बैंसी देखने को नहीं मिली। यह एनडीए की ताकत है। यह हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की ताकत है। चुनाव के दौरान बहुत ड्रामा देखने को मिला। तालाब में कूद-कूदकर मछलियाँ पकड़ी जा रही थीं। बिहार ने पूरे देश को बताया है कि राजनीति ड्रामा से नहीं, राजनीति नीतियों से चलती है, विकास से चलती है, नेता से चलती है और नेतृत्व से चलती है। इसी नेता और नेतृत्व ने आज भारत की अर्थव्यवस्था को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। कांग्रेस पार्टी का बिहार में इतना बुरा हाल था कि इनका जो चुनाव-चिह्न है 'हाथ छाप', उसमें जितनी उंगलियाँ हैं, बिहार में इनके उतने ही विधायक अब बचे हैं। बहुत ही जल्दी बिहार में भी कांग्रेस का वही पॉलिटिकल एक्सटिंक्शन होने वाला है, जैसे दिल्ली में हुआ और आँध्र-प्रदेश में हुआ। हम बिहार की बात कर रहे हैं। बिहार में जिस तरीके से सरकार काम कर रही है, हम उसकी बात कर रहे हैं।

यह बात भी हाइलाइट करना जरूरी है कि इंडी अलाएंस के बारे में मैंने पिछले सत्र में कहा था Bihar elections with be the last nail in INDI Alliance's coffin. आज यह देखने को मिलता है कि मकर द्वार पर साथ में प्रोटेस्ट तो करते हैं, लेकिन इतनी शर्मनाक हार के बाद ये दोनों अलाएंस वाले एक-दूसरे से आँख तक नहीं मिला पाते।

जिस तरीके से इंडी अलाएंस वालों ने हमारे प्रधान मंत्री के खिलाफ अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया, लोक जनशक्ति पार्टी और हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। विपक्ष वाले पहले दिशाहीन थे, लेकिन अब देखने को मिल रहा है कि ये संस्कारहीन भी हो चुके हैं। अगर हम बिहार की बात करें, तो बिहार ने एनडीए को बहुत बड़ी जीत दी है, बहुत मजबूती से सरकार को एक सशक्त सरकार चुना है, इसीलिए मेरी बिहार के लिए कुछ माँगें हैं, जिन्हें मैं सभा के पटल पर रखना चाहूँगी। मैं समस्तीपुर लोकसभा से आती हूँ। मेरी ये माँग है और विनम्र अनुरोध है कि समस्तीपुर लोक सभा में भी शिक्षा के बड़े-बड़े संस्थान खुलें, लॉ यूनिवर्सिटीज़ का निर्माण हो, कृषि संस्थान का निर्माण हो।

माननीय सभापति (डॉ. काकोली घोष दस्तीदार) : कृपया अपनी बात समाप्त करें।

श्रीमती शांभवी (समस्तीपुर) : जी महोदया, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करती हूँ।

पटना, बिहार में बहुत से युवाओं में टेक्निकल इंडस्ट्री को स्थापित करने का पोटेंशियल है। पटना, समस्तीपुर, भागलपुर जैसे एरियाज़ को नोडल एरियाज़ बनाकर यहाँ पर आईटी हब्स का निर्माण हो। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए यहाँ पर संस्थान बनें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की यहाँ पर ट्रेनिंग हो। इन सभी संस्थानों का यहाँ पर निर्माण हो, ताकि हमारा 'स्टॉप माइग्रेशन थ्रू इनोवेशन' का जो मुद्दा है, उसे हम पूरा कर सकें।

माननीय सभापति : कृपया अपनी बात समाप्त करें।

श्रीमती शांभवी (समस्तीपुर) : जी महोदया, मैं कन्क्लूड कर रही हूँ। विपक्ष को आरोप और प्रत्यारोप से बचकर अपने अंदर भी झाँकना चाहिए। आप चार लाइंस लोक जनशक्ति पार्टी और एनडीए की तरफ से भी सुन लीजिए।

'नज़र नहीं, नज़ारों की बात करते हैं,
ज़मीं पर चाँद-सितारों की बात करते हैं।
हाथ जोड़कर बस्ती लूटने वाले,
भरी सभा में सुधारों की बात करते हैं।
बड़ा हसीन है, उनकी ज़बान का जादू,
लगाकर आग, बहारों की बात करते हैं।
मिली कमान, अटकी नज़र खजाने पे,
नदी सुखाकर, किनारों की बात करते हैं'।

बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिंद। जय बिहार।

(इति)

(1615/VB/NKL)

1615 बजे

श्री सुधाकर सिंह (बक्सर) : माननीय सभापति महोदय, मैं अनुदानों की अनुपूरक मांगों, 2025-26 के विरोध में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। यह पूर्णत: दिशाहीन और लक्ष्यविहीन है। यह आंकड़ों-अंकों के भ्रमजाल के सिवा कुछ भी नहीं है। सरकार फर्टिलाइजर पर सब्सिडी की भरपाई के लिए यह मांग कर रही है। बिहार जैसे राज्य में, जहां गेहूँ की बुआई चरम पर है। पूरे बाजार से यूरिया, डीएपी, फॉस्फेट, पोटाश जैसे प्रोडक्ट्स बाजार से गायब हैं। महंगे और कालाबाजारी के जरिए बिहार में फर्टिलाइजर बेचा जा रहा है।

महोदया, फर्टिलाइजर एक्ट, 1985 में साफ शब्दों में लिखा है कि अगर इसकी कालाबाजारी होगी, महंगे दर पर बिकेंगे, तो कम्पनियों को सब्सिडी का भुगतान नहीं किया जाएगा। लेकिन यहां कानून का राज नहीं है, न ही बिहार के भीतर और न ही देश के अन्दर। मनमाने तरीके से कम्पनियों को फर्टिलाइजर की सब्सिडी दी जा रही है। देश में, लम्बे समय से किसानों की मांग रही है कि सब्सिडी डायरेक्ट किसानों के खाते में आनी चाहिए, सब्सिडी कम्पनियों के खाते में नहीं जानी चाहिए। लेकिन ऐसा कहीं भी नहीं है। पूरा बिहार में धान की फसल खेतों में पटी है, 15 से 20 दिन हो गए हैं, वे खेतों से निकलकर खलिहानों में आ गई हैं, लेकिन बिहार में इसकी खरीद पूर्णत: बंद है। अगर थोड़ी-बहुत खरीद भी हो रही है, तो वह तीन-चार सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से अवैध उगाही बिहार में चल रही है। इसकी कोई चिन्ता नहीं है। बिहार में चुनाव बीत गया। एनडीए ने नारा दिया था कि मिनिमम सपोर्ट प्राइस की गारंटी लाएंगे। केवल धान नहीं, बल्कि मक्का, गन्ना और गेहूँ पर भी एमएसपी की गारंटी दी जाएगी। लेकिन चुनाव के एक महीना बीतते ही देख लिया जाए क्या स्थिति है। बाकी फसलों के क्या मूल्य मिलेंगे, जो सामने है, उसके पैसे भी नहीं दिये जा रहे हैं।

23 एम्स की चर्चा हो रही थी। माननीय सांसद बिहार से ही हैं। उनके क्षेत्र के निकट दरभंगा में वर्ष 2016 में एम्स का शिलान्यास हुआ था। ऑपरेशनल एम्स में से एक दरभंगा एम्स का भी नाम है, जिसमें आज तक पांच ईटें भी नहीं रखी गई हैं। कम से कम सरकार के लोग माफी तो मांग लेते। कोई बात रखने से पहले, वे जमीन पर देख लेते कि दरभंगा एम्स कहां है।

वर्ष 2017 में, मोतिहारी में महात्मा गांधी जी के नाम पर सरकार ने एक विश्वविद्यालय दिया। आज तक उसमें पांच ईटें भी नहीं रखी गई हैं। बिल्डिंग नहीं बनी, लेकिन बिहार के बारे में बात तो बहुत ऊँची-ऊँची की जाती है।

पिछले बजट सत्र में, बक्सर से भागलपुर तक एक नया एक्सप्रेसवे बनाने की बात हुई थी। बाकायदा वित्त मंत्री जी ने उसके लिए 18 हजार करोड़ रुपए देने की बात कही थी। वह परियोजना बंद कर दी गई। बजट के दौरान चर्चा में कहा गया था कि बिहार को 58,800 करोड़ रुपए का स्पेशल पैकेज देने का काम किया गया है, लेकिन उसमें से एक्सप्रेसवे के 18 हजार करोड़ रुपए हटा लिये गये।

इन लोगों ने पीरपैंती में एक बिजली घर भी लगाने की बात कही थी। 21,600 करोड़ रुपए की लागत से पीरपैंती बिजली घर भारत सरकार नहीं बनाएगी। अब उसे अडानी जी लगाएंगे। लेकिन बजट के दिये गये पैसे कहां गायब हो गये? यहां पर सरकार के बैठे हुए लोगों से मैं कहना चाहता हूँ कि उनको सदन से माफी मांगनी चाहिए। जब बजट पर एक बार सदन का ठप्पा लग जाता है, तो वह बाइबल, गीता और महाभारत जैसे ग्रंथों से कम नहीं होता है। अगर आपको कुछ ड्रॉप करना है, तो उसे सदन के भीतर ड्रॉप करिए।

सरकारों के द्वारा नारे तो बहुत-से गढ़े गए। बिहार में भारतमाला परियोजना के तहत एक सड़क बन रही है, जो बनारस से कैमूर होते हुए कोलकाता जाएगी। उसमें सर्विस लेन नहीं है। किसानों की जमीनों से हाइवेज़ जाएंगे, लेकिन किसानों के चलने के लिए कोई सर्विस लेन नहीं होगा। कल मैं बिहार से उत्तर प्रदेश होते हुए दिल्ली आ रहा था। आगरा एक्सप्रेसवे, जिसे अखिलेश जी ने बनाया है, पर किसानों के लिए सर्विस लेन भी बनाये गये हैं। यह विकास होता है। अगर विकास का दोहरा मापदण्ड सीखना हो, तो गुजरात के लिए नये मॉडल्स हैं और बिहार, उत्तर प्रदेश, बंगाल के लिए दूसरे तरह के मॉडल हैं।

बिहार को बिजली घर चाहिए। लेकिन बिहार को कोयला से बिजली पैदा करने वाला बिजली घर मिला। देश में हाइड्रोजन से बिजली पैदा होगी, परमाणु ऊर्जा से बिजली पैदा होगी, ग्रीन एनर्जी के प्लांट्स लगेंगे, लेकिन बिहार को प्रदूषण फैलाने वाला कोयला से बिजली बनाने वाली बिजली घर दी जाएगी।

कैमूर की पहाड़ियों में अपार संभावनाएं हैं। पम्प स्टोरेज के जरिए आप नयी तकनीक के जरिए हरित बिजली पैदा कर सकते हैं। Run-of-the-River Project के जरिए बिजली पैदा कर सकते हैं, जिससे बिहार ही नहीं, बल्कि देश के कई हिस्सों में आप बिजली सप्लाई कर सकते हैं।

(1620/SJN/VR)

अब मैं रेलवे की बात करता हूं। बिहार के लोग दिल्ली-मुंबई क्यों जाते हैं? वे रोजगार की तलाश में, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के लिए एम्स, दिल्ली या उच्च संस्थानों में पढ़ने के लिए जाते हैं। बिहार तक जो रेल लाइन बिछी है, अब भी वह दो लेन की है। दिल्ली से कोलकाता तक की जो रेलवे लाइन्स हैं, वे दो लेन की हैं, लेकिन रेलवे को पैसा चाहिए। बिहार में दो लेन की जगह चार लेन की रेलवे लाइन बिछानी चाहिए। आज तक मुगलसराय से पटना तक के लिए रेलवे ट्रैक मात्र दो लेन की है, वहां इतनी संकुचित है, जिसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। बिहार तक जाने के लिए जो ट्रेन्स चलती हैं, वे लगातार देरी से पहुंचती है। वहां के लिए नई ट्रेन्स नहीं चलाई जा रही हैं, क्योंकि रेलवे ट्रैक पर जगह नहीं है।

यह कोई साधारण लड़ाई नहीं है। बिहार के बारे में लोग लगातार पयालन के विषय पर बहस करते हैं। बिहार में पलायन क्यों हो रहा है? कृषि क्षेत्र में निवेश नहीं के बराबर है। हाइवे के क्षेत्र में निवेश नहीं के बराबर है। विद्युत के क्षेत्र में निवेश नहीं के बराबर है। बिहार की आबादी देश की आबादी का 10 प्रतिशत है। हर साल के बजट में साढ़े ग्यारह लाख करोड़ रुपये इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च करने का प्रावधान होता है। अगर बिहार की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत भी है, तो बिहार की हिस्सेदारी सवा लाख करोड़ रुपये की बनती है। बिहार को कितना फंड मिलत है? पिछली बार के बजट में 58,800 करोड़ रुपये मिले थे, जिसमें से दो परियोजनाओं का 40,000 करोड़ रुपये अलग कर दीजिए, तो बिहार को मात्र 18,000 करोड़ रुपये मिले हैं। इस बार के बजट में तो वह भी नहीं मिला है। इन्होंने मुश्किल से बिहार को 19,000 से 20,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं देने का काम किया है।

बिहार के साथ जो नाइंसाफी हो रही है, यह केवल बिहार के साथ नाइंसाफी नहीं हो रही है, बल्कि यह उत्तर और पूर्वी भारत के साथ नाइंसाफी हो रही है। इस देश में सवा ग्यारह लाख करोड़ रुपये इन्फ्रास्क्ट्रचर पर खर्च किए जाते हैं, वे ज्यादातर गुजरात और महाराष्ट्र के इलाकों के लिए खर्च किए जाते हैं। इसलिए बिहार लगातार विकास के पैमाने पर पिछड़ता जा रहा है और वहां पलायन बढ़ता जा रहा है।

माननीय सभापति महोदया, मैं आपको विशेष धन्यवाद देते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूं।

(इति)

1622 hours

SHRI SACHITHANANTHAM R. (DINDIGUL): Thank you very much for giving me the opportunity. The First Batch of Supplementary Demands for Grants for the financial year 2025-2026 was presented by our hon. Finance Minister on December 1, 2025. She has demanded funds amounting to Rs.18,525 crore for the fertilizer subsidy, Rs. 9,500 crore for LPG subsidies, Rs.2,500 crore for the Ministry of Home Affairs, Rs.1,200 crore for the Ministry of External Affairs, and Rs.1,304 crore for Higher Education.

On behalf of CPI(M), we have some differences with these demands. I read in a newspaper published on December 9 that a 52-year-old man, Jamuna Kushwaha, collapsed and died while waiting in the line for three consecutive days to secure two bags of urea at a distribution centre in Tikamgarh district of Madhya Pradesh. Protests against looting and the farmer's death are going on as the fertilizer crisis continues.

Another news item that I read through a newspaper earlier in August was that 'the Fertilizers And Chemicals Travancore Limited (FACT), which is a Central Public Sector Undertaking, is selling private company's fertilizer in its own bags.' The two companies that manufacture Single Superphosphate (SSP) fertilizer have signed an agreement in this regard. FACT is facing a major production crisis as a result of the Union Government's policy. It is purchasing fertilizer from private sector as a part of an effort to avoid a major decline.

There is a shortage, and black marketing of fertilizer is occurring all over India. However, the Finance Minister is seeking approval to release fertilizer subsidy. If the subsidy benefits go directly to farmers, they can buy fertilizers anywhere. Instead, we are giving subsidies to the companies. This will be useful for black-marketeers, and not for farmers. Therefore, suitable changes should be made in the policy.

Regarding LPG subsidies, a subsidy of Rs. 300 per 14.2 kg LPG cylinder is given only to the beneficiaries of the Pradhan Mantri Ujjwala Yojana scheme. As of July 1, 2025, about 10.33 crore connections under the PMUY scheme have been provided. No other person is eligible for this subsidy. While acknowledging schemes like PMUY, concerns remain regarding the adequacy of the number of subsidised cylinders provided

annually, which was nine, later increased to 12, and then reduced again to nine in some proposal for the financial year 2025–2026.

(1625/PBT/DPK)

They have noted that high recurring cost of refills - even with the subsidy - can force poor households to revert to using traditional, less clean cooking fuels like firewood. In the Pahalgam attack on April 22nd in India administered Kashmir which killed 26 civilians, the terrorist organisation Lashkar-e-Taiba was involved. After Operation Sindoor, from May 7th to 10th, all terrorist camps were demolished by drone attacks by our defence team. We all supported it even after this attack was brought to an end by the American President. Why is a car bomb explosion still occurring in the capital Delhi, near the Red Fort? What action has been taken regarding this? Is this the failure of the intelligence agencies operating under the Union Home Ministry? Or should we ask the American President to investigate this as well?

Ensure internal security, focus on the citizens instead of just the temples. From April 2nd to November 23rd, our Prime Minister visited 18 countries. Today, he added his visit to three more countries. What work did he do domestically? The only things that happened were the hoisting of the flag at Ram temple and waving the flags to the trains. What happened to the promises made during the farmers' protest? Enact a law, provide fair prices for agriculture produce, implement the healthcare plan for all, immediately release PMJVK scheme funds for minorities, start post-graduate Ayurveda course in Tamil Nadu colleges, and start a rope-car scheme from Pilgrimage Centre, Palani to Tourist Centre, Kodaikanal under PRASAD scheme.

We demand immediate fund release for MGNREGA to Tamil Nadu. Do not change its name from 'Mahatma Gandhi' to '*Pujya Bapu'*. We condemn the Government for proposing the name change. We demand to procure paddy with 22 per cent moisture in Tamil Nadu. We demand to reconsider the approval of Coimbatore and Madurai metro rail projects. We demand Rs.3000 pension per month for the disabled persons instead of Rs.300 per month.

Thank you very much, Madam.

(ends)

1628 hours

SHRI P. V. MIDHUN REDDY (RAJAMPET): Thank you, Madam, for letting me participate in this discussion on Demands for Grants. In our State of Andhra Pradesh, the State debt is rising to an alarming level. The difference in the growth of revenue and the increase in debt is huge. There is a mismatch. If you see, after the new Government has been formed in the past 18 months, the debt of the State is Rs.2,66,000 crore. It is the highest in the country that any State has borrowed. If you see the previous Government's debt for the five years - that is the YSRCP Government's debt for the five years, from 2019 to 2024 - it is Rs.3,32,000 crore according to the Minister's answer in the Parliament. The debt is really alarming and if you see the growth of debt, it is growing at a CAGR of 22 per cent in Andhra Pradesh. Right now, it is the highest in the country. The previous Government, it was just 13.5 per cent.

Madam, the Government is borrowing desperately through any possible means. If you see, recently, Andhra Pradesh Mineral Development Corporation raised debt through NCDs, through private people. They borrowed at 9.3 per cent which is very, very high for a Government to borrow. They gave a commission of 1.5 per cent, which is coming to almost Rs.150 crore, to private people. The worst part is that a part of the conditions in these NCDs is that the private people get access to the Consolidated Fund of the State. Imagine, how can the private people draw money without the Government’s permission or without any official people? Most recently, right now, the Andhra Pradesh Beverage Corporation Limited has again called for NCDs for Rs.5,950 crore or roughly below Rs.6,000 crore and again with an interest rate of 9 plus percentage and a commission of one-and-a-half per cent.

(1630/SNT/PC)

I would like to recall that in the previous term, 2019-24, the Finance Secretary wrote to all the States saying that any borrowing done through Government subsidiaries or corporations would fall under Article 293(3) of the Constitution. It was clearly stated that even indirect borrowings would

form part of the Net Borrowing Ceiling (NBC). Further, on 22nd August, 2022, the Finance Secretary wrote to the Chief Secretary of Andhra Pradesh stating that when the then Government wanted to borrow through NCDs through the Beverage Corporation Limited, such borrowing would be treated as part of the State's borrowing limit. Therefore, even if borrowings are routed through corporations, they are to be counted within the borrowing limit of the State.

I would like to ask the Government that, at present, the current TDP Government has borrowed through APMDC and is now borrowing through the Beverage Corporation Limited. My question to the hon. Finance Minister, through you, is this. Have the rules changed between then and now? When the previous Government wanted to borrow, it was said to be part of the borrowing limits. Is it part of the borrowing limits now or not? That is the clarification we seek from the Government.

The second point is this. When Government banks are prepared to lend at interest rate of six per cent, why does the Government choose to borrow from private parties at 9.3 per cent? Why do you want to waste public money and why do you want to pay commissions of 1.5 per cent, running into hundreds of crores of rupees? Is this not a scam? This has to be taken seriously.

And the third part is that similarly, between 2014 and 2019, when TDP was in power as part of the NDA, there was over-borrowing, and this was again deducted during the subsequent YSRCP Government between 2019 and 2024. I want to ask the Government whether it is not a very bad precedent to allow private entities to have an access to the Consolidated Fund of the State. Imagine a situation where all lenders have an access to the Consolidated Fund of the State. Everyone will impose conditions for lending to the State. What will be the situation in the future? The State will lose control, and there would not be any access for the Government to control it. This is a very bad precedent, and the Centre has to step in to ensure that such conditions are not imposed by the States. We want the hon. Finance Minister, in her reply, to speak about these bonds being raised by the Andhra Pradesh Government, which go against the rules set by the

Central Government itself and against the letters written by the Central Government to our State.

Coming to MGNREGS, for the past seven months, the labour component has been pending in our State. When we met the hon. Minister, the Centre stated that the funds are ready and that we have to talk to our State. The Act clearly says the labour component has to be paid within three days. How can labourers sustain for seven months? There are nearly 90 lakh active labourers registered in the State who are dependent on this scheme. How do they sustain and how do they survive? The worst part is, we have a Minister at the Centre handling rural development from the Telugu Desam Party itself. I do not know whether Mr. Chandrasekhar is present here or not. I do not know what he is doing. Even in his own constituency, the MGNREGS payments have been pending for the past seven months. This is a shame for our State and it is really pathetic. We demand that MGNREGS payments be released immediately, and at least someone should put some sense into the Minister’s head to ensure that at least his own State performs better, especially when neighbouring States like Telangana and Karnataka are far ahead of us in MGNREGS implementation.

We oppose the privatisation of the Visakhapatnam Steel Plant. Systematically, step by step, it is being privatised. Our Party demands that Visakhapatnam Steel Plant should not be privatised and that the Government should support it by allotting mines. Without mines being allotted to Visakhapatnam Steel Plant, it will not be viable, and selling it at dead cheap rate is not an option. We oppose the privatisation of Visakhapatnam Steel Plant. The current Government has already borrowed Rs. 2,66,000 crore in Andhra Pradesh, and it requires only Rs. 4,000 crore to complete all 17 medical colleges, which the previous Government had taken up. Now, this Government is planning to sell all these medical colleges to private players in the name of PPP, which we are opposing. We have asked the Central Government to step in. The Central Government had earlier provided funds for three colleges, and we now demand that the Central Government intervene in the case of the remaining colleges as well and stop this process.

(1635/SPS/RTU)

Wherever we go in Andhra Pradesh in any private hospital or any Government hospital, we see thousands of people outside the Government hospital and we do not find people outside any private hospital because they are all driven by profit motives. So, health care should be in the hands of the Government and we demand that the privatisation of the medical college should not be there.

Madam, the last issue is regarding Kadapa-Bangalore Railway Line. Madam, recently, the hon. Railway Minister said, "I am ready to do this project if your State provides the matching grant." Madam, TDP Government is part of the NDA Government. Through you, I demand the Government to provide the matching grant and the funds for the complete project has to be given by the Centre because TDP and BJP are functioning as one party in the State. So, we demand that Kadapa-Bangalore Railway Line, which is important, be taken up.

Thank you very much, Madam.

(ends)

1636 बजे

श्री धमेन्द्र यादव (आज़मगढ़) : सभापति महोदया, आपने अनुदानों की अनुपूरक मांगों पर पार्टी की तरफ से मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। जब बजट के बारे में श्री जगदम्बिका पाल जी ने बात शुरू की थी, तब मैं सुन रहा था। बात कुछ इस कदर शुरू कर दी थी कि लग रहा था जैसे मोदी जी के राज में 11 साल के कार्यकाल में पता नहीं देश में कितना बड़ा परिवर्तन हो गया है। … (व्यवधान) अरे, सुनते चलिए, अभी सुनाएंगे। समाजवादी पार्टी एवं माननीय श्री अखिलेश यादव जी की ओर से… (व्यवधान) भगवान राम जी का पात्र लेकर, जिनके नाम से चुनाव जीता है, कम से कम उनको सीट तो आगे दे दीजिए। मैं यह अनुरोध करना चाहता हूं। आप भगवान राम का सम्मान तो कर दीजिए। … (व्यवधान)

सभापति जी, अनुपूरक बजट की जब चर्चा शुरू हुई, तो सबसे ज्यादा यूरिया सब्सिडी के नाम पर बजट मांगा गया और लगातार किसानों के लिए न जाने कितनी बड़ी-बड़ी बातें की गईं। कुछ सच्चाइयों को आपके माध्यम से मैं सदन के साथ-साथ देश के सामने रखना चाहता हूं। जब वर्ष 2014 में यूपीए की सरकार थी, उस समय देश के किसानों पर केवल साढ़े सात लाख करोड़ रुपये का कर्ज था, जो 11 सालों में बढ़कर 28.5 लाख करोड़ हो चुका है। उस समय प्रति किसान केवल 37 हजार रुपये का कर्ज था, जो आज की तारीख में बढ़कर प्रति किसान 78 हजार रुपये प्रति किसान हो चुका है। यह सरकार चुनिंदा कॉरपोरेट लोगों के लिए काम कर रही है। कॉरपोरेट का 16.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा कर्ज माफ किया गया, लेकिन पूरे कार्यकाल में किसानों हेतु एक भी कर्ज माफ नहीं हुआ।

सभापति जी, प्रधान मंत्री जी से लेकर समस्त भारतीय जनता पार्टी व सत्तापक्ष के लोग वर्ष 2015 से लगातार ढिंढोरा पीट रहे हैं कि हम किसानों की आमदनी दोगुनी कर देंगे। हमारे पास डेटा है। पूरे 11 सालों में किसानों की आमदनी प्रति किसान केवल एक हजार रुपये बढ़ी है। स्वामीनाथन जी के बारे में वर्ष 2014, वर्ष 2017, वर्ष 2019 व वर्ष 2022 में कहा, लेकिन आज तक स्वामीनाथन जी की रिपोर्ट को लागू नहीं किया गया है। यह इनकी सच्चाई है।

सभापति जी, दूसरी बात इन्होंने रोज़गार के लिए कही है। जो लोग पहले से नौकरी कर रहे हैं, जैसे कोई पेट्रोल पंप पर काम कर रहा है, कोई सेल्समैन बना हुआ है, कोई खोमचे वाला है। उनके तमाम तरह के सर्वे कराकर, फर्जी आंकड़े पेश किए। अब तो विदेशी संस्थाएं भी यहां तक कहने लगीं कि भारत की तरफ से फर्जी आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। मैं आपके सामने बात रखना चाहता हूं। देश की हालत यह है कि सत्तापक्ष वाले बात करते हुए कहते हैं कि हमने जीडीपी बढ़ा दी। आप सोचिए कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स में हमारा देश वर्ष 2014 में 55वें नंबर पर था और आज वर्ष 2025 में यह 123 देशों में 102वें स्थान पर पहुंच गया है। प्रति व्यक्ति आय घटी है, किसानों का रेट बढ़ा है। प्रधान मंत्री जब वर्ष 2014 के पहले बातें करते थे, तो उस समय के प्रधान मंत्री स्वर्गीय मनमोहन जी को अपमानित करते थे और उम्र की बातें करते थे।

(1640/RHL/AK)

लेकिन जब तक उनका कार्यकाल था, तब तक डॉलर के मुकाबले रूपया केवल 60 रूपये था और आज आपके समय में 90 रूपये पार कर चुका है। आप सोचो इस बात को हम किस तौर पर परिभाषित करें? आपने नौजवानों के रोजगार की बहुत बातें कीं।

सभापति जी, जब हम अपनी बात रख रहे हैं, तो आज ही उत्तर प्रदेश के अंदर जिस आयोग को आपने माननीय अखिलेश यादव जी के कार्यकाल में बदनाम किया, आज उस आयोग का यह हाल है कि उत्तर प्रदेश के अंदर 53 से ज्यादा पेपर लीक होकर परीक्षाएं रद्द हो चुकी हैं। पिछले 9 सालों में उत्तर प्रदेश के अंदर और 11 सालों में देश के अंदर कोई भी भर्ती पूर्ण नहीं हुई है। इस समय इलाहबाद के लोक सेवा आयोग में उत्तर प्रदेश के हजारों नौजवान अपनी बात रखने और वहां की अनियमित्ताओं को दूर करने के लिए खड़े हैं। सभापति महोदया, आप महिला हैं, आप संवेदनशील हैं, आप विजुअल्स देखकर आश्चर्य करेंगी कि किस तरह से वहां के नौजवान युवक-युवतियों पर लाठीचार्ज करके, बाल पकड़कर घसीटा जा रहा है। आज प्रयागराज और इलाहबाद में अमानवीय व्यवहार हो रहा है।

सभापति जी, बेरोजगारी को दूर करने की बहुत बातें कीं। … (व्यवधान) सुन लीजिए, सुन लीजिए। आपने हर साल दो करोड़ रोजगार देने की बात की और साल दर साल मेरा पास डेटा है। आज की तारीख में आजादी से लेकर अब तक अगर हमारे देश में कभी बेरोजगारी की दर सबसे ज्यादा बढ़ी है, तो आठ फीसदी से ज्यादा बेरोजगारी की दर आज बढ़ी है। यह भारतीय जनता पार्टी की सच्चाई है।

सभापति जी, ये लोग जातीय जनगणना की बात करते हैं। मुझे याद है, इस सदन में मुझे भी सौभाग्य मिला था, श्रद्धेय नेता जी, श्रद्धेय शरद जी, आदरणीय लालू जी से लेकर पासवान जी तक सभी लोगों ने वर्ष 2010 में जातीय जनगणना की मांग रखी थी। कांग्रेस के साथियों ने यह गलती की कि उस समय जातीय जनगणना नहीं करायी। इस समय जब एनडीए की सरकार ने वादा किया है, लेकिन वादा तेरा वादा, अब किसी वादे पर भरोसा नहीं रहा। हालत यह हो गयी है कि एक भी वादा पूरा नहीं हुआ है इसलिए जातीय जनगणना के वादे पर भी देश की जनता को अब आपके ऊपर भरोसा नहीं है। आपने बजट मांगा है, आप बजट ले जाइए, लेकिन इस बात का जवाब आना चाहिए कि जनगणना कब हो रही है और जनगणना हो रही है, तो उस जनगणना में आप जातीय जनगणना शामिल कर रहे हैं या नहीं कर रहे हैं? आपको इसका जवाब देना पड़ेगा।

सभापति जी, जहां तक यूरिया का सवाल है। सबसे ज्यादा ढिंढोरा पीटा जा रहा है। यूरिया के लिए अनुपूरक मांग की गयी है, लेकिन यूरिया की हालत क्या है? बिहार के साथी यहां चर्चा कर रहे थे। बिहार के बारे में आप जाने, लेकिन उत्तर प्रदेश के बारे में हम यह जानते हैं कि उत्तर प्रदेश में यूरिया के वितरण के लिए पूरी कोतवाली, पूरी तहसील में किलोमीटर तक लाईन लगकर, लाठीचार्ज खाकर, गर्मी, सर्दी और बरसात में किसान अपना पूरा परिवार लाईन में लगाता है, तब जाकर उसको एक या दो बोरी यूरिया मिलता है। उसमें जो यूरिया की सब्सिडी आ रही है, वह

अगर किसानों तक जाए तो हम उसका स्वागत करेंगे, लेकिन यह यूरिया की सब्सिडी किसानों के पास न जाकर सत्ता पक्ष के दलालों और अधिकारियों की जेब में जा रही है। इसलिए जो इन्होंने किया है हम इस बात से सहमत नहीं हैं।

सभापति जी, चूंकि मेरे और भी साथी बोलने वाले हैं। मैं इतना ही कहूंगा कि नौजवानों को रोजगार मिले। किसानों को हक और अधिकार मिले। उनको अपनी उपज का वाजिब मूल्य मिले। उनको सुविधाएं मिलें। किसानों के लिए खाद, बीज, बिजली, पानी की व्यवस्था हो। उत्तर प्रदेश के बारे में मैं कह सकता हूं, बंगाल के बारे में आप जानें, बिहार के बारे में आप जानें, लेकिन मैं उत्तर प्रदेश के बारे में बहुत जिम्मेदारी से कह रहा हूं कि पूरी तरह से बर्बादी है।

सभापति जी, एक बात और कहूंगा कि एमएसपी की बात की गयी थी, वह एमएसपी आज तक लागू नहीं हुआ है। और तो और पहले भी इस सदन में उठाया हूं, आज फिर दोहरा रहा हूं कि बच्चों को दवाएं भी मिलावटी दी जा रही हैं, जहर बेचा जा रहा है। सभापति जी, अंत में मैं कहूंगा कि भारतीय जनता पार्टी की पूरी की पूरी उत्तर प्रदेश सरकार जहरीली दवा, कफ सिरप बेचने वालों को बचाने में लगी हुई है।

(1645/KN/SRG)

आपकी ईडी, आपकी सीबीआई, आपका इनकम टैक्स केवल विपक्षी नेताओं के लिए है, लेकिन जो लोग डकैती डाल रहे हैं, उनके लिए आप में हिम्मत नहीं है, क्योंकि आपको अहसास है कि अगर आपने ढंग से कार्रवाई कर दी तो लखनऊ वाले रूठ जाएंगे।… (व्यवधान) मैं एक मिनट में अपनी बात कनक्लूड कर रहा हूं।… (व्यवधान)

माननीय सभापति (डॉ. काकोली घोष दस्तीदार) : माननीय सदस्य श्री शशांक मणि जी।

श्री शशांक मणि (देवरिया) : सभापति महोदया, आज सरकार के… (व्यवधान)

माननीय सभापति : शशांक जी, आप एक मिनट रुकिये। धर्मेन्द्र जी, आप अपनी बात कनक्लूड कीजिए।

श्री धर्मेन्द्र यादव (आज़मगढ़) : सभापति जी, लखनऊ वाले बचाने में लगे हैं, दिल्ली वाले कुछ कर नहीं रहे हैं। दिल्ली वाले डर रहे हैं कि लखनऊ वाले कहीं रूठ न जाए। चाहे कोई रूठे, चाहे कोई माने हमारी इस मौके पर मांग है कि जो बच्चे जहरीली दवाओं से मरे हैं, उन पर कठोरतम कार्रवाई करके उनको सजा मिलनी चाहिए। ये नए-नए अध्यक्ष बने हैं, बधाई लेते हुए कम से कम यही नेक काम कर दीजिए। उत्तर प्रदेश में जो बच्चे मरे हैं, उनके परिवार वालों के दिलों को कहीं न कहीं सुकून इस बात से मिलेगा कि आपने कार्रवाई कर दी।

सभापति जी, आपने मुझे बोलने के लिए टाइम दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

1646 बजे

श्री शशांक मणि (देवरिया) : सभापति महोदया, मैं आज सरकार के वर्ष 2025-26 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों के प्रथम बैच के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह हमारी सरकार की लचीली अर्थव्यवस्था का एक तरह से अनुमोदन करता है और आदरणीय प्रधान मंत्री जी के विकसित भारत के नारे को बुलंद करता है। आने वाले समय में सब के प्रयास से इस प्रकार की आर्थिक व्यवस्था अपने देश को आगे ले जाएगी। इस बार सरकार ने 1.32 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त अनुदान मांगा है, जिसमें महज 40 हजार करोड़ रुपये ही अतिरिक्त है, अन्यथा हम लोगों ने रीएलोकेट करके उस बजट में अपनी अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने के लिए पूरा सहयोग किया है। यह हमारी सरकार की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में जो एक संतुलित व्यवस्था है, उसको दर्शाता है।

अगर आप किसी भी तंत्र का अवलोकन करें तो उसके तीन विषय होते हैं। पहला, आर्थिक सकल घरेलू उत्पाद में बढ़त, दूसरा, हमारा महंगाई पर कंट्रोल और तीसरा, वित्तीय अर्थव्यवस्था में कमी। अगर आप इस हिसाब से देखेंगे तो पिछले एक साल में कई ऐसी चीजें हुई हैं, जो बहुत चुनौतीपूर्ण थीं। यह पूरा सदन जानता है कि पूरे विश्व में इस बार आर्थिक अव्यवस्था हो रही है। उसी के साथ-साथ इसी वित्तीय वर्ष में हम लोगों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भी टेररिज्म को ध्वस्त करने के लिए एक बहुत बड़ा प्रयोग किया है। इस परिस्थिति में भी, आज की तारीख में हमारी अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत से आगे बढ़ रही है। हमारी जो इनफ्लेशन की दर है, वह 2.7 प्रतिशत है, जो पूरे विश्व की सबसे कम इनफ्लेशन दर में से है। हमारा जो वित्तीय घटक है, वह भी बहुत कम है। मेरे हिसाब से वह 4.5 प्रतिशत तक थम जाएगा। आपको जानकार खुशी होगी कि पूरे विश्व में, अगर आप आज की तारीख में ब्राजील की अर्थव्यवस्था देखें तो करीब 1.3 प्रतिशत के हिसाब से उनका जो वित्तीय अनुपात है, वह हमसे ज्यादा है। उसी के साथ-साथ युनाइटेड स्टेट्स, ब्राजील और अन्य देश भी मेरे हिसाब से अनुशासित रूप से नहीं चल रहे हैं।

महोदया, इसमें कई ऐसे अनुदान दिए गए हैं, जो आदरणीय प्रधान मंत्री जी के मोदी इकोनॉमिक्स को दर्शाते हैं और उसमें पांच सिद्धांतों के माध्यम से उन मांगों को मैं आपके बीच में रखना चाहता हूं। पहला सिद्धांत है– सबका प्रयास। दूसरा सिद्धांत है– स्वावलंबन। तीसरा सिद्धांत है– स्वेदशी। चौथा सिद्धांत है कि हमारा जो मूलभूत इंफ्रास्ट्रक्चर है, उसमें दूरगामी प्रवेश। पांचवां सिद्धांत है– हम लोग विकास की राजनीति को कैसे आगे बढ़ाएंगे? सर्वप्रथम, हम लोग सब के प्रयास से अपने क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए परिश्रम कर रहे हैं और उसमें जीएसटी 2.0 का रिफॉर्म बहुत महत्वपूर्ण है। जीएसटी 2.0 के रिफॉर्म से हमारी सरकार ने नागरिकों में विश्वास किया है और उनकी जेब में करीब 40 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा दिए हैं। यह पहली बार ऐसा हुआ है कि इस सरकार ने अपने लोगों पर विश्वास किया है। इसके कारणवश आज की तारीख में इनफ्लेशन की दर घटी है। इसके कारणवश कई जगह बहुत बढ़त हुई है। उदाहरण के तौर पर आज की तारीख में लगभग 40 लाख गाड़ियां बिकी हैं।

(1650/ANK/GM)

उसी के साथ-साथ दो करोड़ दुपहिया वाहन बिके हैं। इस प्रकार की प्रगति तभी हो पाती है, जब सरकार अपने नागरिकों में विश्वास करती है। इस प्रकार जीएसटी बढ़त होती है। इसी के साथ-साथ इस अनुदान में आप देखेंगी कि अटल पेंशन योजना में और प्रधान मंत्री वन विजन योजना में 230 करोड़ रुपए का अनुदान मांगा गया है। उसी के साथ-साथ नाबार्ड में समावेशित फंड में 270 करोड़ रुपए का अनुदान मांगा गया है। इससे समान नागरिकों को बढ़त मिलेगी और इन्क्लूजन में फायदा होगा। उसी के साथ-साथ पशुपालन में, दुग्ध विकास में और राष्ट्रीय गोकुल विकास मिशन में यह मांग 30 करोड़ रुपए है। यह छोटी मांग है, लेकिन मेरे हिसाब से पूरे देश के किसानों के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। मैं समझता हूं कि देवरिया जैसे क्षेत्र में भी इसका प्रयोग होगा और आने वाले समय में आप देखेंगी कि हम लोग सबके प्रयास से अपनी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएंगे। यह बहुत महत्वपूर्ण है।

दूसरा विषय स्वावलंबन है। आज की तारीख में हमारे प्रधान मंत्री जी, जिनके इकॉनोमिक्स को मैं मोदी इकॉनोमिक्स कहता हूं, उनके सौजन्य से हमारी अर्थव्यवस्था में निवेश आ रहा है, हमारी अर्थव्यवस्था में प्रौद्योगिकी आ रही है, टेक्नोलॉजी आ रही है, मूलभूत सुधार आ रहे हैं। हमारी अर्थव्यवस्था में बैंकिंग सेक्टर में बहुत रिफॉर्म आया है। कई अन्य चीजों में हम लोगों ने ईज ऑफ बिजनेस किया है। आपने देखा होगा कि आए दिन हम लोगों ने लेबर रिफॉर्म किए हैं। हम लोगों ने इस प्रकार की परियोजनाएं बनाई हैं। ऐसी बहुत महत्वाकांक्षी परियोजनाएं हैं, जिसमें हमने प्रयास किया है कि प्रोसेस रिफॉर्म किया जाए। इन सब चीजों के कारण स्वावलंबी भारत अभियान आगे बढ़ रहा है। इस अनुदान में दो महत्वपूर्ण अनुदान मांगें हैं। एक 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन', जो 2,000 करोड़ रुपए का है। उसी के साथ-साथ इसमें आप देखेंगे कि ऐसे अनुसंधान, जहां पर मूलभूत रक्षा और अन्य चीजों में हम अनुसंधान करें, इसके लिए यह बहुत महत्वपूर्ण विजन आया है। उसी के साथ-साथ स्वावलंबन के लिए हम रक्षा के क्षेत्र में कई ऐसे काम कर रहे हैं।

तीसरा, स्वदेशी। आप जानते हैं कि वोकल फॉर लोकल के लिए आदरणीय प्रधान मंत्री जी बहुत दिनों से कह रहे हैं। आज की तारीख में, आज के परिवेश में लोकल फॉर वोकल के लिए स्वदेशी का बहुत बड़ा नारा लगाया गया है। उसके लिए देवरिया में भी मैं अमृत प्रयास के माध्यम से बहुत प्रयास कर रहा हूं, ताकि हम स्थानीय रोजगार के लिए, स्थानीय विकास के लिए काम करें।

अध्यक्ष महोदया, इसके लिए इसमें दो-तीन प्रमुख अनुदान दिए गए हैं, जिसका मैं उल्लेख करना चाहूंगा। यहां पर रक्षा, पूंजीगत व्यय में नौसेना के लिए, आधुनिकीकरण के लिए 17 हजार करोड़ रुपए का अनुदान है। इस परियोजना में बाहर से 540 करोड़ रुपए का योगदान है, जिससे मैं समझता हूं कि चाबहार पोर्ट पर वैश्विक स्तर पर आजकल जो प्रतिद्वंद्व चल रहा है, उसके विरोध में हमारी नौसेना खड़ी रहेगी और हमारी एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्ट्री भी इससे लाभान्वित होगी।

चौथा, जो लगभग सबसे महत्वपूर्ण है, वह यह है कि बुनियादी ढांचों में हमने किस प्रकार से निवेश किया है। आपको जानकर खुशी होगी कि जब वर्ष 2014 में हमारी सरकार बनी थी, तो कुल

मिलाकर लगभग एक लाख किलोमीटर की हमारी सड़कें थीं। आज की तारीख में, सिर्फ 11 साल में उससे डेढ़ गुना, यानी एक लाख पचास हजार किलोमीटर की हमारी सड़कें हैं। इसमें यह एक बहुत बड़ा निवेश है। उसी के साथ-साथ इनविट राष्ट्रीय राजमार्ग में 18 हजार करोड़ रुपए का अनुदान मांगा गया है। यह बहुत महत्वपूर्ण अनुदान है।

अंत में विकास की राजनीति के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इसका पूरा-पूरा अंजाम हमें बिहार में दिखा है। बिहार की जनता ने उस प्रकार की राजनीति पर अपनी मुहर लगाई है, जिसमें एक तरह की शालीन राजनीति हो। 'पैसा फेंक, तमाशा देख' वाली राजनीति या फिर जातिगत राजनीति पर हम अपनी राजनीति नहीं करते हैं। मेरा पूरा विश्वास है कि बंगाली जनता भी इस प्रकार की राजनीति का चयन करेगी। रही बात उत्तर प्रदेश की, अभी सपा के लोग बैठे हुए थे। वे चले गए हैं। अखिलेश जी यहां पर बैठे हुए हैं। मैं उनको बताना चाहता हूं कि यहां से पंकज जी जा रहे हैं। वह हमारे वित्त राज्य मंत्री हैं। वहां पर हमारी सरकार ही नहीं, हमारे कार्यकर्ता भी विकसित उत्तर प्रदेश के लिए आगे बढ़ेंगे। मेरा पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में हम पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बनाएंगे।

अध्यक्ष महोदया, मैं अंत में क्रांतिकारी क्षेत्र के बारे में बात करना चाहता हूं। मैं समझता हूं कि मैं जिस क्षेत्र से आ रहा हूं, उस पूर्वांचल में, जहां मंगल पांडे उठे, जहां लक्ष्मीबाई उठीं, जहां सोना स्वर्णकार उठे, जहां पर रामचंद्र प्रजापति उठे, ऐसे महापुरुषों ने हमें आज की तारीख में आजादी दी और उसकी 150वीं वर्षगांठ हम मना रहे हैं। मेरा सरकार से आग्रह होगा कि क्रांतिकारी क्षेत्र के लिए कुछ अनुदान दे। इन क्रांतिकारी क्षेत्रों में अंग्रेजी सरकार और उसके बाद पूर्ववर्ती सरकारों ने बहुत कम काम किया है। इन क्रांतिकारी क्षेत्रों के लिए आज की तारीख में हम लोगों को कुछ अनुदान देना चाहिए। मैं आग्रह करता हूं कि आने वाले बजट में इसके लिए स्पेशल प्रोविजन किया जाए।

(1655/RAJ/HDK)

अंत में, हमने हमारी सरकार, मोदी इकोनॉमिक्स के जो पांच बिंदु आपके समक्ष रखे हैं, उनके समक्ष उद्यमिता को विकास देना है। सबके प्रयास से विकसित भारत का लक्ष्य हम लोग पूर्व प्राप्त करेंगे और उसमें उद्यमिता के लिए एक बहुत सुंदर सा संस्कृत का दोहा आपके समझ प्रस्तुत करना चाहता हूं :-

उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः

सभापति महोदया, पूर्ववर्ती सरकारों में हमारा आर्थिक सिंह सो रहा था। आज की तारीख में हमारा आर्थिक सिंह जाग गया है। हमारा आर्थिक सिंह विकसित भारत की तरफ बढ़ रहा है और इस पूरक अनुदानों की अनुपूरक मांगों से उस आर्थिक सिंह को और अधिक ऊर्जा मिलेगी।

जय हिंद। वंदे मातरम धन्यवाद।

(इति)

1656 बजे

श्री गुरजीत सिंह औजला (अमृतसर) : सभापति महोदया, आपने मुझे अनुदानों की अनुपूरक मांगे-प्रथम बैच पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। इंक्रिमेंटल कैश बजट, कैश आउट गो करीब 41,455 करोड़ रुपए है, जबकि रिवाइज्ड बजट 1,32,269 करोड़ रुपए का है। इनमें जो की-मिनिस्ट्रीज हैं, उनमें से केमिकल एंड फर्टिलाइजर के लिए 11 प्रतिशत इंक्रिमेंटल कैश आउट गोइंग मांगा गया है, पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस के लिए 48 प्रतिशत, होम अफेयर्स के लिए तीन प्रतिशत, एजुकेशन के लिए एक प्रतिशत, एक्सटर्नल अफेयर्स के लिए 6 प्रतिशत मांगा गया है।

सभापति महोदया, देश जिस परिस्थिति में जा रहा है, जब मैं सत्ता पक्ष की चर्चा सुनता हूं तो उसमें डॉ. मनमोहन सिंह जी गायब रहते हैं। अनुपूरक अनुदानों की मांग की बात हो या बजट की बात हो स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह जी की चर्चा होनी बहुत जरूरी है। ये उसमें बहुत पीछे चले जाते हैं लेकिन इन्होंने वर्ष 2014 से यह सरकार शुरू की है। मैं इन्हें थोड़ा याद दिलाना चाहता हूं कि स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह जी को आपने राजघाट में जगह नहीं दी है। आप उनका अच्छा स्टैच्यू बना कर पार्लियामेंट में लगा दीजिए। वह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक रहेगा।

वे राइट टू इंफॉर्मेशन एक्ट लेकर आए। डॉ. मनमोहन सिंह जी गरीबों के लिए मनरेगा जैसी स्कीम लेकर आए। डॉ. मनमोहन सिंह जी की यूपीए सरकार के समय में राइट टू एजुकेशन एक्ट आया। उनके द्वारा इंडो-यूएस जैसी न्युक्लियर डील वर्ष 2008 में सक्सेसफुली पास की गई, जब कि वर्ष 2008 में ग्लोबल रिसेशन चल रहा था। डॉक्टर मनमोहन सिंह जी को आज भी लोग याद करते हैं। यूपीए के समय में सिलेंडर का मूल्य 350 रुपए था, आज वह 1200 रुपए से ज्यादा है। यूरिया खाद का मूल्य 400 रुपए था, आज वह 1200 रुपए से अधिक है। पेट्रोल का मूल्य 60 रुपए प्रति लीटर था, आज वह 95 रुपए प्रति लीटर है। डीजल का मूल्य 55 रुपए प्रति लीटर था, आज वह 85 रुपए प्रति लीटर है। उस समय बाइक का मूल्य 50 हजार रुपए था, लेकिन आज वह 90 हजार रुपए की है। कॉमन बंदे के लिए मोबाइल रिचार्ज 150 रुपए का था, आज वह 500 रुपए हो गया है। ड्राइविंग लाइसेंस 250 रुपए में बनता था, लेकिन आज वह 5000 रुपए में बनता है। उस समय 55 लाख रुपए का कर्ज था आज वह बढ़ कर करीब ढाई लाख करोड़ रुपए हो गया है।

मैडम, आज लोग हर जगह डॉ. मनमोहन सिंह जी की सरकार, यूपीए की चर्चा करते हैं। हमें अनुपूरक अनुदानों की मांगों में ज्यादा एजुकेशन के ऊपर ध्यान देना चाहिए था। आज हमारा एजुकेशन पर खर्च जीडीपी का तीन से 4.6 प्रतिशत है। हम चीन का मुकाबला कर रहे हैं। जिसको ये कभी मित्र बताते हैं। जब वे बात करते हैं, तो इनके पास उनका जवाब नहीं होता है। जापान जैसे देश इस पर जीडीपी का पांच से सात प्रतिशत, यूएसए जीडीपी का छ: प्रतिशत, चाइना जीडीपी का 6.13 प्रतिशत, जर्मनी जीडीपी का 4.6 प्रतिशत और यूके जीडीपी का 5.3 प्रतिशत खर्च करते हैं। आप एजुकेशन का बजट बढ़ाएं। बजट पास हो गया, लेकिन उसके बाद अनुदान की अनूपूरक मांगों में एजुकेशन के लिए ज्यादा डिमांड करनी चाहिए थी। इसमें रिसर्च के लिए डिमांड होनी चाहिए थी। यहां बच्चों का ड्रॉप आउट रेट बहुत बढ़ रहा है। उसके ऊपर कोई चिंता नहीं है। सेकेंड्री लेवल एजुकेशन में यह 8.2 प्रतिशत है, मिडल लेवल एजुकेशन में यह 3.5 प्रतिशत, प्राइमरी लेवल एजुकेशन में यह 2.3 प्रतिशत है। जो ड्रॉप आउट कर रहे हैं, वे हमारी आने वाली अगली जेनरेशन हैं। पिछले पांच सालों में 65 लाख, 70 हजार बच्चे ड्रॉप आउट हुए हैं। यह चिंता का विषय है। इनमें से 30 लाख बच्चियां हैं। इस बजट में उसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है कि वह कैसे सही होगा?

(1700/NK/PS)

उसके लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर अच्छी होनी चाहिए, लेकिन वह नहीं है। सेनिटेशन की प्रॉब्लम है, टीचर्स कम हैं। हमें क्वालिटी एजुकेशन के लिए समय-समय पर गवर्नमेंट स्कूल में पॉलिसी लेकर आनी होगी, तभी जाकर सिस्टम ठीक हो सकता है। मिनिस्ट्री ऑफ केमिकल एंड फर्टिलाइजर मिनिस्ट्री के लिए 4947 करोड़ रुपये मांगे हैं, पी एंड के फर्टिलाइजर-4, डीएपी के लिए पैसे मांगे हैं। अपने देश में यूरिया उत्पादन क्यों नहीं होता? यूरिया का प्रोडक्शन अपने देश में कम हो रहा है। 2023-24 में 307 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ, 33 ऑपरेशनल यूनिट्स में 25 यूनिट्स 27 साल पुराने हैं, सात से ज्यादा यूनिट 50 साल पुराने हैं। इन यूनिटों के लिए सब्सिडी देकर इनकी टेक्नोलॉजी विकसित करके यूरिया अपने देश में बनानी चाहिए। दूसरे देश से सब्सिडाइज्ड यूरिया मंगाने के लिए पैसे मांग रहे हैं, फायदा उनको हो रहा है, अपने देश को फायदा नहीं हो रहा है।

उसके साथ ही मिनिस्ट्री ऑफ जल शक्ति ने एलॉटेड बजट का केवल 7 परसेंट स्पेंड किया है। पंजाब में फ्लड आया, पंजाब में फ्लड्स की वजह से बहुत बड़ी आपदा आयी, फ्लड की वजह से लोगों के घर खत्म हो गए, एग्रीकल्चरल लैंड खत्म हो गए।

प्रधानमंत्री वैसे ही पंजाब से नाराज हैं। जब से कृषि कानून वापस लिया गया है, उसके बाद पंजाब के साथ कोई न कोई ऐसी छेड़छाड़ होती रहती है। उनके पार्टी के लोगों को भी नहीं पता होता, फिर यू-टर्न भी लेते हैं। इन्होंने कहा कि हम 1600 करोड़ रुपये दिए जाएंगे, केन्द्र की स्कीम है, जबकि 1600 करोड़ रुपये कैश में चाहिए था। जैसे इन्होंने मणिपुर और लद्दाख के लिए अलग से बजट रखा तो पंजाब के लिए क्यों नहीं? अब कहते हैं कि सरकार के पास 12 हजार करोड़ रुपये पड़ा हुआ है। वो कहते हैं कि इसे खर्च करने की इजाज़त नहीं है। उसका नुकसान वहां के लोगों, किसानों और मजदूरों को हो रहा है, जिनके घर गिर गए हैं। आज सर्दी का मौसम है, -2 डिग्री पर टेम्परेचर चला गया है, उनको सहायता कौन देगा? उनके घर नहीं बन रहे हैं।

जल शक्ति मंत्रालय को पांच किलोमीटर एरिया को स्ट्रेंन्थन करने की जरूरत है, इसमें कुछ एरिया रावी का है, कुछ एरिया गुरुदासपुर और अमृतसर का है। जल शक्ति मिनिस्ट्री नोट करें, जो भी बांध बने, वह पूरा कंक्रीट का अच्छा बांध बनना चाहिए। ये मिट्टी का बांध बनाते हैं, वहां गोलमाल हो जाता है। हर बार फ्लड आता है और बह जाता है, उसकी इनक्वायरी भी नहीं होती है।

(1705/IND/SNL)

महोदया, चाहे रावी, ब्यास या सतलुज में बाढ़ आती है, तो इनके दोनों तरफ पक्के कंक्रीट के बांध बनाने का सरकार प्रावधान करे क्योंकि जल शक्ति मंत्री जी ने महज 7 परसेंट बजट यूज किया है। फर्टिलाइजर और एग्रीकल्चर मंत्रालय के बारे में कहना चाहता हूं। किसानों को छह हजार रुपया साल का दिया जाता है और यह राशि वर्ष 2019 में देनी शुरू की गई थी लेकिन आज के समय महंगाई बढ़ गई है। इस राशि को बढ़ाना चाहिए। बार्डर पर खेती करने वाले किसानों के बारे में ज्यादा चर्चा करने की जरूरत है क्योंकि जब गोली चलती है तो वह वहीं मौजूद होता है। उन्हें तो

जॉब भी नहीं मिलती है। हर समय लड़ाई के लिए वह तैयार रहता है लेकिन उस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। ड्रग्स की भी बहुत बड़ी समस्या है। कभी मुद्रा पोर्ट से ड्रग आ रहा है, उस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। यदि किसी की कार में से शराब की एक नाजायज तौर पर रखी बोतल पकड़ी जाती है तो कार के मालिक पर पर्चा हो जाता है तो टनों के हिसाब से मुद्रा पोर्ट अडाणी के पोर्ट पर ड्रग पकड़ा जाता है, उस पर कोई कार्यवाही नहीं होती है। एंट्री डॉट सिस्टम होना चाहिए था। यह बार्डर स्टेट का मुद्दा है। इस मुद्दे को आतंकवाद की तरह लेना चाहिए। टनों के हिसाब से ड्रग्स, वैपन्स पाकिस्तान भेज रहा है। दो लाख लोग पहले आतंकवाद के कारण मारे गए और अब ड्रग्स की भेंट लोग चढ़ रहे हैं। एक भी पैसा सप्लीमेंट्री डिमांड में इस विषय के लिए नहीं मांगा गया है तो आप बार्डर को कैसे प्रोटेक्ट करेंगे। 50 किलोमीटर बार्डर बीएसएफ के पास है। जब हम इतनी आपदा झेलते हैं तो क्यों नहीं बजट बढ़ाया जाता है।

महोदया, पंजाब देश के साथ खड़ा रहता है। मेट्रो सिटीज से आने वाले लोग अपनी तरक्की कर लेते हैं, लेकिन बार्डर एरियाज में तरक्की नहीं होती है। पंजाब बीएमबी के साथ इन्होंने छेड़छाड़ की। यूनिवर्सिटी का मसला इन्होंने खड़ा कर दिया। चंडीगढ़ का मसला इन्होंने खड़ा किया। क्यों बार-बार पंजाब को छेड़ा जाता है? हरियाणा हमारा छोटा भाई है। हरियाणा में नई राजधानी बना दो। इसके लिए कोई चिंता नहीं की गई है, सिर्फ राजनीति करने की चिंता है। अमृतसर एक ऐसा शहर है जो ट्रेन और एयरपोर्ट दोनों से कनेक्टेड है। इस सिटी को डेवलप करना चाहिए। वहां आईटी हब होना चाहिए। वहां के नौजवानों के लिए रोजगार नहीं है। हमारे लिए सेना में कोटा फिक्स कर दिया है। जब हम लड़ने वाले लोग है, हम शुरू से दुश्मनों के साथ लड़ाई लड़ते हैं तो हमारा कोटा आर्मी में कम क्यों करते हैं। मैं अंत में कहना चाहता हूं कि कभी बांटा गया, कभी लूटा गया पंजाब जितनी बार उठा धोखा करके गिराया गया। अभी अणख वाले पंजाबी जिंदा हैं और पंजाब बचाने की हिम्मत रखते हैं, आप चाहे कुछ करो या न करो लेकिन हम अपने जिंदा रहने की गवाही देंगे।

(इति)

1707 hours

SHRI E. T. MOHAMMED BASHEER (MALAPPURAM): Thank you, Madam. A Supplementary Demand for Rs.1,30,000 crore has been sought for different Departments and Ministries. I feel that serious introspection is very much necessary, especially with regard to the financial management of our country. It is high time to recast our financial management system. Considering the limited time available to me, I will pinpoint only a few suggestions relating to financial management.

Let us have a critical analysis of the causes of delay in budget work implementation. That is my first point. These delays stem from financial, administrative and procedural bottlenecks across different levels of Government - the Centre, the States and the implementing agencies.

Similarly, financial and fund flow issues are very important. There are delayed and unpredictable fund releases, and exorbitant delays in the transfer of the Central share of funds to State Governments or programme implementation agencies. This is also a major cause of delay.

Likewise, the late release of the State share is another issue. Often, there is a delay in releasing the matching share, which is mandatory for the schemes. There are also cash management problems, such as parking of funds by implementing agencies outside Government accounts, leading to incorrect reporting of the financial position.

Another hurdle causing delays is unrealistic estimates. Planning and administrative deficiencies, including inadequate project planning, poor forecasting, unrealistic timelines and insufficient preliminary work, for example, the lack of thorough feasibility reports etc. Such kind of things are adversely affecting implementation.

There is also a slow decision-making process, with lengthy and multi-layered approval mechanisms, slow sanctioning of annual action plans and bureaucratic delays. Unless these issues are addressed, we will not be able to tide over this crisis.

Capacity constraints are another important concern. It is also an important issue. There is a shortage of quality human resources and inadequate technical capacity in Government departments for effective planning and execution. This obstacle also needs to be addressed properly.

Finally, clearance delays are a major issue. The time-consuming process for obtaining environmental, forest and other statutory clearances cause significant delays. This aspect also kindly be addressed.

(1710-1715/SMN/KDS)

Let us examine this. Where are we now? What is our position now? We claim India as the fastest developing economy. Is it a ground reality or should we re-examine it? It is the need of the hour to streamline our methodologies in accordance with the speed changes are taking place worldwide. We have to realize that. Our old slogan was there. What is that old slogan? That is, survival of the fittest. Now, that has been changed. This era is survival of the fastest. We have to take that also into consideration.

Now, I come to the financial reforms. There are many recommendations. In our country, there are many useful recommendations. But unfortunately, we are going in the reverse. It is a fact. The financial reforms are going on in the Indian style. I would like to say about India's Foreign Direct Investment. We want money. We are having our own difficulties. But at the same time, for India's Foreign Direct Investment, privatisation is paving the way for the multi-nationals at the very existence of our Public Sector. We have to realise this. A lot of discussions are going on in different parts of the world on globalisation, liberalisation and privatisation but India really wants Indianization of globalisation. We must think in that way and a kind of broadmindness should be there.

Examine India then and now. What was Nehruvian Economic Philosophy? Nehru Ji had a vision. Our Government also had a vision. We

were doing it that way. But what is the contemporary situation? This is very important. We have this kind of vast experience. That also may kindly be examined.

The next issue is importance of multi-national companies. India is having its own difficulties. We are facing difficulties. At the same time, the multi-nationals are coming in a big way and spoiling the entire situation.

I want to tell about the challenges. In the various parts of the country, alarming situation is there. This is pertaining to a very important thing. In a country, whatever may be the reforms, the most important thing is harmony and peace. What is happening in this country? We know that the economy is moving in a different way. Peaceful atmosphere is not there. My learned friend was saying about the UP and other things. In a country like ours, if there is an issue of safety of property and life, it is something very sad.

In the end, I would like to say one thing. India is a country of peacefulness. We have adopted a glorious tradition. We have to keep it up. I would like to say that the marginalized section in this country is going from bad to worse.

I hope that the Government will address that. I wish that the wisdom may prevail on the Government.

With these few words, I conclude, Madam.

Thank you, Madam.

(ends)

1713 hours

*SHRI GURMEET SINGH MEET HAYER(SANGRUR): Thanks, Hon'ble Chairperson, I would like to speak about 2-3 ministries. Time and again, Vikasit Bharat is being discussed here but it is a fact that the parameters on which the developed countries are assessed don't find a mention therein. These parameters consist the factors from human happiness index to per capital income index also and accordingly, we don't stand even in top 100 countries.

One such important factor of hunger index is linked to our Anganwari workers where we stand at 102nd place amongst 123 nations. Starting from birth of a child, their education and health, and making the Anganwari workers aware, the workforce working in major institutions is doing the maximum work but to their misfortune, the Anganwari workers are being exploited and not even being considered as employees. In our country, the basic pay or the minimum wage is 9 to 10 thousand rupees. Is it not exploitation when we extract work from them by giving Rs.4500/- only and their helpers are paid only Rs.2250/-. In a country where 32% of the children are facing malnutrition, should we not increase their wages.

So, I demand that they should be made permanent and their incentives should be increased. Apart from this, lacs of people are below poverty line in our country and under PDF system when National Food Security Act came in force in 2013 and after that ceiling was done in 2015 on the basis of 2011 census and 51% of population of Punjab was under the poverty line which came as 1,4145000 and as on date, even after more than 10 years of the Act and 14 years after the census, the number remains sthe same. After that, the population increased drastically and also Covid pandemic erupted, still lacs of poor people have to be provided ration cards. Still it is not clear when the census will be conducted in next

* Original in Punjabi

2-3 years. So I demand that the lacs of such poor people should be issued ration cards.

Hon'ble Chairperson sir, my next point is that the Commonwealth games are expected to be assigned to India in 2030 but the matter of sports has not been discussed in the supplementary demands. A few days ago, I met the Minister for Sports and made a demand that substantial amount should be given to Punjab under Khelo India programme but he advised that current they didn't have funds but it will be made part of additional demands.

Kindly see that I have perused the entire list but nowhere the funds have been demanded. I have to humbly state that the state of Punjab has contributed a lot in sports and you will see that not a penny has been given to Punjab in the last one year but the state of Gujrat which has never earned a single Olympic medal in history has been given Rs.426 crore. Therefore, I demand from the Government that the ratio for allotment of funds under Khelo India programme should be followed according to the performance of the concerned state. Medals are being wown by Haryana and Punjab but the funds to the tune of Rs.426 crore are going to Gujrat. We are not seeking the similar funds but our right must be given.

In the last Olympics, our medals were 8 and Haryana got 7 medals but Gujrat never earned a single medal for India in the history of Olympics.In a village named Sansarpur of Punjab, has 7 medals to its credit and single rupee is not being given to us. So I demand from the government that in order to promote the sports in the country, the states contributing to the medal tally must be given their due. Mr Ola has highlighted the issue in the last few days and Mr Kang also raised the issue.

Recently huge floods created havoc in Punjab. It was such a big calamity that Ravi river got 14 lac Cusecs water this time as compared to 11 lac Cusecs water in 1988 floods resulting into damage of thousands of crores to Punjab. Public infrastructure, schools, colleges and roads got damaged and this damage was estimated at least Rs 20000 crores.
Just 30 seconds, sir.

Central ministers made frequent visits to the state and Prime Minister sahib also came. We expected that Punjab which was discriminated in the past would be compensated this time. Rs 1600 crore was declared but we were not given even a paisa. So I request that the Central government must compensate at least Rs.20000 cr for the damage to Punjab.

Hon’ble Chairperson to Mr Gurmeet Singh Meet Hayer: Thanks.

(ends)

1719 बजे

*SHRI SUBBARAYAN K. (TIRUPPUR): Madam Chairperson Vanakkam. On behalf of Communist Party of India, I wish to present my views on the Supplementary Demands for Grants for Rs 1,32.000 Crore. The Government of the Day claims that India as the fourth largest economy of the world and a 4 trillion dollar economy. But if you see the reality, there is a big difference between what they say and what actually is. What is the view of International Monetary Fund, IMF? It has given C Grade to our economy. Mr Trump is very close to our Prime Minister Shri Narendra Modi, What is he saying? He calls our economy as a dead economy. What the practical experience tells us? As many as 80 Crore people are living by getting free ration of wheat in our country as per the statistics of the Government. Crores of Indians are unable to earn for themselves and purchase goods to suit the needs of their families. Purchasing power has come down. Is this an ordinary issue? Is it not a serious issue to say 80 Crore people live by getting wheat through free ration? Hiding all these facts they continue to say that we have become a bigger economy. They claim that they have brought the inflation down. Crores of Indians do not have houses to live. The Schemes announced by the Government are insufficient while we think of our huge population. They are useless. People are unable to earn to look after their monthly expenses. They speak more but nothing is concrete or visible in their actions. The way they handle naxalism is also not good. The Communist Party of India does not accept any form of terrorism. Whether it is right wing extremism or other forms of extremism. We oppose everything.

---

*Original in Tamil

1721 hours (Shri N. K. Premachandran *in the Chair*)

But in the name of taking action against the Maoists, Home Affairs Ministry is engaging in excesses. Even after their statement for coming to dialogue, this Government is trying to attack and destroy them. This is not good. In a democratic set-up, dialogue and discussion are ways for finding solutions.

When these people are ready to cooperate in having dialogue, Government is not agreeing to their proposal. Tribal people living in the entire stretch of Dandakaranya Forests are being attacked by the Forces. They are attacked in the name of being terrorists and Maoists. This is strongly condemnable. Vedanta Company and other Companies providing FDI are allowed by this Government to exploit the natural resources of this region. The natural resources of this region are exploited and taken away by these companies. When the tribal peoples try to stop this exploitation of natural resources, they are targeted and attacked in the name of Maoists which is unacceptable. This is strongly condemnable.

I want to say only relevant issues. There are 23 Mills in India run by National Textile Corporation, NTC. There are 7 NTC Mills in Tamil Nadu. There are thousands of labourers working in these Mills. I want to highlight the fact that how irresponsible this Union Government is. If these NTC Mills are made operational, it would benefit thousands of labourers of our country. Cotton fabric and textile production will increase. But all these mills are closed. Is this right? No it is not at all right. There are 7 NTC mills in Tamil Nadu. The workers are not even given half the wages. These are all violations of law. The NTC mill are to be revived and all 23 mills should be made functional so as to provide employment to these workers. You claim to have provided

employment to 2 Crore people. But this Government has not given any employment. We give suggestions to make all these 23 NTC mills to be made operational so that employment may be generated. I Urge that this should be immediately done by this Government.

HON. CHAIRPERSON : Please conclude.

SHRI K. SUBBARAYAN (TIRUPPUR): Within one minute I will conclude Sir. I will conclude by saying this issue. When we criticize the Government, you say that the Opposition parties are into criticism. But even the top economic experts of our country say that there is manipulation in the data provided by the Union Government. With all this manipulated data, you claim to say that India is a developed economy and that is not good. Only the Opposition parties have to expose this to the general public. Vanakkam. Thank you.

(ends.)

(1725/UB/RV)

1725 hours

SHRI RAHUL KASWAN (CHURU): Sir, thank you for allowing me to speak on the Supplementary Demands for Grants, 2025-26. सर, दो-तीन मंत्रालय की डिमांड्स फॉर ग्रांट्स पर ही मैं अपनी बात रखना चाहूंगा, क्योंकि मेरे पास लिमिटेड समय है।

सर, जो मुख्य महत्वपूर्ण इश्यू है, वह डिपार्टमेंट ऑफ फर्टिलाइजर की डिमांड है, जो 31,063 करोड़ रुपये की एडिशनल डिमांड्स रखी गयी है। इस देश में फर्टिलाइजर्स की जरूरत दिन-प्रतिदिन इतनी बढ़ती जा रही है कि राजस्थान के एक रिकॉर्ड के अनुसार पिछले साल 18 प्रतिशत की वृद्धि प्रति हेक्टेयर हो चुकी है। आईसीएआर के द्वारा एनपीके का 4:2:1 का जो अनुपात है, वह बढ़ते हुए आज 23:6:1 तक पहुंच गया है। हालात यह है कि जब भी सोइंग का टाइमिंग आएगा, उस समय किसान यूरिया, डीएपी के लिए लाइन में खड़ा हो जाता है। आज हमारे राजस्थान के अंदर यह हालत हो गयी है कि लोगों ने अपने आधार कार्ड्स को लाइन में खड़ा करके छोड़ दिया है और एक आम आदमी यह देखता रहता है कि कब नम्बर आएगा। राजस्थान सरकार का आलम यह रहा कि जब किसान यूरिया की डिमांड के लिए लाइन में खड़ा होने गया और जब वहां पर भगदड़ मची तो राजस्थान की सरकार की पुलिस ने किसानों के ऊपर लाठी चार्ज करने का काम किया। फर्टिलाइजर्स की इतनी किल्लत हो रही है तो हमें इसे समझना पड़ेगा कि हमारी डिमांड्स बढ़ रही है, पर वह डिमांड एक्चुअल डिमांड में नहीं दिख रही है। केन्द्र सरकार कहती है कि राज्य सरकार ने जो डिमांड्स रखी, उसे हमने पूरी कर दी और राज्य सरकार कहती है कि केन्द्र सरकार हमारी डिमांड्स को पूरा नहीं कर पा रही है।

सर, एक्चुअल सोइंग एरिया में जो यूरिया और डीएपी की एक्चुअल रिक्वायरमेंट है, उसके बारे में सही डेटा कभी भी जिले से जाता ही नहीं है। हर साल जब भी सोइंग का टाइम आता है, उस समय किसान उसके लिए लाइनों में खड़ा हो जाता है। उस समय यूरिया, डीएपी की ब्लैक मार्केटिंग होती है। अनेक रिपोर्ट्स हैं, जिसमें यह कहा गया है कि ब्लैक मार्केटिंग के कारण गुजरात, केरल, राजस्थान, हरियाणा, कर्नाटक के अन्दर डायवर्जन हुआ है। 70,000 बैग्स अकेले गुजरात में पकड़े गए, जब यूरिया की सप्लाई ब्लैक मार्केटिंग के थ्रू इंडस्ट्रीज़ को की गयी।

सर, मेरा सरकार से यह कहना है कि आपको इस प्रॉब्लम को रियलाइज़ करना पड़ेगा कि आप फर्टिलाइजर्स की एक्चुअल डिमांड को कंस्टीट्युन्सी से डायरेक्ट उठाएं। किसान को परेशान करने का सबब यह सरकार बनाती जा रही है।

सर, वर्ष 2023-24 में जो 314 लाख मीट्रिक टन की हमारी डिमांड्स थी, उसमें हम आज भी डेफिसिट में हैं। हम आयात पर निर्भर हैं। दूसरी तरफ सरकार ने तीन अलग-अलग बातें कहीं - ज़ीरो बजट फार्मिंग, नैचुरल फार्मिंग, ऑर्गेनिक फार्मिंग। इसका कोई पैरामीटर ही नहीं है। अगर आज कोई किसान इन तीनों कॉन्सेप्ट पर, जैसे नैचुरल फार्मिंग के ऊपर चला भी गया तो वह अपनी प्रोड्यूस को किसको बेचेगा? उसको कौन खरीदने वाला है? ऑर्गेनिक फार्मिंग, नैचुरल फार्मिंग या ज़ीरो बजट फार्मिंग की जो प्रोड्यूस है, क्या हमने उसके लिए कोई एमएसपी निर्धारित

की है? हमारे पास ऐसी कौन-सी टेक्नोलॉजी है, जो मंडी में यह डिसाइड कर दे कि यह ऑर्गेनिक प्रोड्यूस है या नॉर्मल प्रोड्यूस है? उसके लिए कोई मैकेनिज्म नहीं है। इसलिए शिफ्टिंग नहीं हो पा रही है।

सर, मैं चुरू, राजस्थान से आता हूं। वहां 13.5-14 लाख हेक्टेयर लैंड है, जो कल्टीवेबल है। उसके अंदर आज की तारीख में भी हम 80 प्रतिशत रेन-फेड इर्रीगेशन पर निर्भर हैं। उसके बाद लोगों ने नैचुरली ही हमेशा ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा दिया, पर सरकार की हैंडहोल्डिंग ही नहीं थी और यह हैंडहोल्डिंग नहीं होने के कारण धीरे-धीरे वह भी फर्टिलाइजर की तरफ बढ़ता जा रहा है। मैं समझता हूं कि आपने फर्टिलाइजर्स की जो डिमांड्स रखी है और आप जो अलग-अलग स्कीम्स को लेकर चल रहे हैं, उसके बारे में मैं यह बताना चाहता हूं कि आज हमारे 93 प्रतिशत लैंड में ऑर्गेनिक कॉन्टेंट (ओ.सी.) गिरते हुए इतना नीचे तक आ गया है कि without DAP and urea, you cannot even think of doing agriculture in the country right now.

सर, मेरा सरकार से यह निवेदन रहेगा कि आप इन तीनों चीजों को को-ऑर्डिनेट कीजिए। एक तरफ ज़ीरो बजट, ऑर्गेनिक, और नैचुरल फार्मिंग की बात है और दूसरी तरफ यूरिया और फर्टिलाइजर्स की डिमांड्स बढ़ती जा रही है। इसका मतलब है कि दोनों विभागों के बीच को-ऑर्डिनेशन नहीं हो रहा है।

सर, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के लिए 18,837 करोड़ रुपये की एडिशनल रिक्वायरमेंट मांगी गयी है। आज की तारीख में, इस सरकार ने क्लेम किया, कि वर्ष 2014-2024 के बीच 90,000 किलोमीटर का जो राष्ट्रीय राजमार्ग इस देश में था, वह आज बढ़ कर 1,48,000 किलोमीटर हो गया है। यह बड़ी खुशी की बात है कि हमारे आदरणीय मंत्री नितिन गडकरी साहब इतना अच्छा काम कर रहे हैं, पर क्या आपको यह पता है कि आज भी हिन्दुस्तान में 1,48,000 किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग का 70 प्रतिशत 4-लेन से कम का है। 2-लेन भी 'पेव्ड शोल्डर' का रह गया है। हालत यह है कि हमारे ज्यादातर राजमार्ग, जो 30-40 प्रतिशत राजमार्ग 4-लेनिंग के हैं, वे इस देश में ओवरस्ट्रेस्ड हैं।

सर, आपने गाइडलाइंस दी हैं कि 10,000 पैसेंजर कार यूनिट (पीसीयू) के ऊपर जो राष्ट्रीय राजमार्ग होगा, उसे हम 4-लेनिंग करेंगे, 25,000 पीसीयू से ऊपर है तो उसको हम 6-लेनिंग करेंगे और अगर 50,000 पीसीयू से ऊपर है तो फिर हम नया हाईवे बनाएंगे। राजस्थान में जयपुर से निकलने वाला हर राष्ट्रीय राजमार्ग डबल ऑक्यूपेंसी पर चल रहा है। जयपुर से किशनगढ़ का राष्ट्रीय राजमार्ग, आज की तारीख में 50,000 पीसीयू के लिए डिजाइंड हाईवे के ऊपर 1,18,000 पीसीयू का ट्रैफिक है... (व्यवधान) वहां एक साथ हाईवे पर 100 लोगों ने जान दी, उसको कोई संभालने वाला नहीं है।

(1730/MY/NKL)

सर, इस मिनिस्ट्री के ऊपर पैसा खर्च होना चाहिए। आज भी हमारी लॉजिस्टिकल कॉस्ट 16 परसेंट है, जो अभी भी वर्ल्ड में हाइएस्ट है। ... (व्यवधान)

सर, मैं आपसे दो मिनट का समय चाहूंगा। इरीगेशन एक बहुत बड़ा मुद्दा है। इसके ऊपर सरकार ने बिलकुल भी ध्यान नहीं दिया। इस बजट में कहीं पर भी इस बारे में चर्चा नहीं है। राजस्थान में हरिके बैराज है। इसमें तीन नदियों का पानी आता है। इस बैराज का पानी हमें मिलता है। इन तीनों नदियों का पानी हरिके बैराज में इकट्ठा होता है। 75 हजार हेक्टेयर लैंड में यह बैराज है। उसकी डिस्ल्टिंग पिछले कई सालों से नहीं हुई है। हर साल 2 एमएएफ पानी इंटरनेशनल बॉर्डर क्रॉस कर जाता है। मेरे लोक सभा क्षेत्र में पीने का पानी भी कम है। वहां खेती के लिए पानी नहीं है। इरीगेशन के ऊपर गवर्नमेंट ऑफ इंडिया का फोकस कहीं भी नजर नहीं आता है, जिससे किसानों को पैसा मिले। ... (व्यवधान)

सर, आपने मुझे बहुत ही कम समय दिया है। चूंकि मुझे बहुत से इश्यूज उठाने थे। मैं गवर्नमेंट ऑफ इंडिया से रिक्वेस्ट करना चाहूंगा। उन्होंने डबल इंजन के नाम पर वोट मांगे हैं। एक इंजन दिल्ली का और दूसरा इंजन जयपुर का है। ये दोनों इंजन ट्रेन के अपोजिट साइड में जुड़ गए हैं और ट्रेन चल नहीं पा रही है। ट्रेन वहीं पर खड़ी हो गई है।

सभापति जी, एक और बात है। यदि दुर्घटना में किसी की मौत हो जाती है, तो पोस्ट-मॉर्टम हाउस जिले में केवल जिला मुख्यालय पर एक ही होता है। आप इसके लिए बजट दीजिए। मैं मांग करता हूं कि हर एक तहसील में पीएम हाउस बनाया जाए। पोस्ट-मॉर्टम हाउस नहीं बनाते हैं, जिसके साथ दुर्घटना हो जाती है, रात-रात भर वह पड़ा रहता है।

सभापति महोदय, मैं आखिरी बात कहकर अपना भाषण समाप्त करूंगा। मेरी आखिरी बात हम लोगों की सांसद निधि के बारे में है। आप विकास करना चाहते ही नहीं हैं। आपने सांसद निधि नहीं बढ़ाई, बल्कि आपने सांसद निधि कम कर दी। कैसे कम कर दी? वर्ष 2010 में यह पांच करोड़ रुपए थी, उस पर जीएसटी लगा दी। अब एक करोड़ जीएसटी कंटेनजेंसी काटकर वह चार करोड़ रुपए बची। वर्ष 2010 में पांच लाख रुपए में 100 मीटर्स सीसी बनती थी, अब दस लाख रुपए में 100 मीटर्स बन रही है। यानी, हमारे पास सांसद निधि घटकर दो करोड़ रुपए रह गई।

सभापति जी, आखिर हम सांसद विकास के लिए क्या करें? जनता विकास के लिए कह रही है। पीएमजीएसवाई एक सहारा था। ज़रा पता लगा लेना, हम तो अपने जिलों - सीतापुर, लखीमपुर की स्थिति जानते हैं। एक सड़क भी पीएमजीएसवाई के नए मानक और मैं यह आरोप लगाता हूं कि सरकार ने जानबूझकर पीएमजीएसवाई के ऐसे मानक बना दिए कि एक भी सड़क पीएमजीएसवाई में नहीं आ सकती।

सभापति महोदय, इसलिए, सांसद निधि को बढ़ाकर 25 करोड़ रुपए किया जाए। इसके साथ ही साथ पीएमजीएसवाई में कम से कम 100 किलोमीटर लंबी सड़क बनाने का अधिकार सांसदों के प्रस्ताव पर दिया जाए।

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

(1840/UB/RHL)

1840 hours

SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD): Sir, the Ministry of Chemicals and Fertilizers is the single largest driver of the Supplementary Demands for Grants, seeking additional Rs. 31,066 crore, a staggering 16.39 per cent jump in the original allocation.

In the last fiscal year also, Parliament approved Rs. 20,000 crore through two batches of Supplementary Grants. In the Budget Estimates of financial year 2025-26, the fertiliser subsidy was budgeted to be Rs. 1.67 lakh crore. Now, they are seeking additional Rs. 31,000 crore in allocations through SDG. In my opinion, it is not budgeting; it is firefighting.

Despite all the rhetoric of Atmanirbhar Bharat, India still imports over 25–30 per cent of urea, 50–60 per cent of DAP, and 100 per cent of potash. This is a dangerous overreliance that leaves Indian farmers at the mercy of global suppliers. A glaring example of this dependency came last year, when China imposed restrictions on fertiliser exports, severely impacting India's DAP and urea supply. Now, these restrictions by China led to a 70 per cent drop in DAP imports from China in the first half of the financial year 2025. Nearly 30 per cent of India's urea imports in 2023-24 came from China, making our country vulnerable to China's trade policies. India imports key raw materials, like phosphoric acid and ammonia, from China, which means that even domestic fertiliser production is affected by Chinese policy decisions.

My question to the Government is, how did the Government allow such a critical sector to be held hostage by China? The urea imports are regulated by the Government. In the financial year 2025, it stood at 43.16 lakh tonnes. Now, in 2023, the Union Minister of Chemicals and Fertilisers said, it is an attempt to end import dependence on urea by 2025. Where is this promise? Is it also another classic BJP promise, which will never be fulfilled?

I am quoting from the latest media report: "Public sector banks have written off Rs. 6.15 lakh crore in five and a half years." The Finance Ministry insists that this is not a waiver and that recovery mechanisms, like SARFAESI, DRT, civil courts, and IBC, will recoup the dues. If you see the actual figures, they tell a different story of the public sector banks. They have recouped only Rs. 1.6 lakh crore of the write-off, barely a quarter of what has been written off. If the objective was to improve the health of our banking system, we must ask how effective this recovery mechanism has truly been. Reducing NPAs on paper through write-offs cannot be counted as a substantive recovery. The public deserves clarity on real recoveries and accountability for loan origination and monetary failures.

Sir, from 2015–24, Indian commercial banks wrote off around Rs. 12.3 lakh crore, with Rs. 9.9 lakh crore in the past five years. What is happening over here?

Fake notes of Rs. 500 denomination rose by 37 per cent in the financial year 2025. Counterfeit notes of Rs. 500 denomination detected in the banking system jumped to 1,17,722 in the financial year 2024-25 from 85,711. The counterfeit notes of Rs. 200 denomination were 32,600 in the financial year 2025, which were 28,672 in the financial year 2024. What is this Government doing? Due to all these counterfeit notes, the Pahalgam incident happened and the Delhi incident happened. Is this your nationalism, that you cannot control it? Counterfeit notes of Rs. 500 and Rs. 200 denominations have increased.

Lastly, regarding minorities, in the financial year 2023-24, Rs. 3,000 crore was the B.E. This Ministry surrendered Rs. 2,000 crore, barely utilising the funds. The same playbook is followed in the financial year 2024-25, where the allocation was Rs. 3,183 crore. It has been slashed to Rs. 1,681 crore. In the financial year 2025-26, the budget for the Ministry of Minority Affairs was Rs. 3,350 crore, which was Rs. 166 crore more than Rs. 3,183 crore last year. Again, you have cut the budget. Under pre-matric scholarship, there is a sharp decline from Rs. 433 crore in the financial year 2023-24 to Rs. 326.16 crore in the financial year 2024-25. Now, it is Rs. 195.70 crore. Under pre-matric, the highest dropout rate in India is among Muslims.

HON. CHAIRPERSON (SHRI N. K. PREMACHANDRAN): Please conclude.

SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD): I am concluding, Sir. The actual spending is even lower. In the financial year 2023-24, only Rs. 95.83 crore was utilised, and Rs. 90 crore was released in the financial year 2024-25. Similar is the case with the allocation for merit-cum-means scholarship.

This PMJVK scheme was specifically targeted for minorities. The Government has made it a universal scheme. Now, this whole fund is being spent on areas where minorities are not there. This money has been restricted, too. So, I demand that the funds allocated to the Ministry of Minority Affairs for pre-matric, post-matric, and merit-cum-means scholarships should be released immediately. The unit cost has also not been increased.

On the PM POSHAN Scheme, the budgetary allocation of Rs. 12,500 crore remains the same as in the financial year 2024-25. The honorarium for cook-cum-helpers is Rs. 1,000 a month. For the last 10 years, it has not been increased. I demand that it be increased. Thank you.

(ends)

(1845/KN/NKL)

1845 बजे

श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) : सभापति महोदय, सरकार कहती है कि रुपया गिर नहीं रहा है, बल्कि डॉलर मजबूत हो रहा है। मैं सरकार को बताना चाहूंगा कि अमेरिका इनके अच्छे दोस्त हैं, ट्रंप भी इनके बहुत अच्छे दोस्त रहे हैं। वैश्विक तौर पर पिछले तीन से चार दिनों के अंदर 15-16 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। फॉरेन रिजर्व जो घटा है, वह कंपलीट रूप से घटा है। विदेशी मुद्रा 703 बिलियन से घटकर 687 बिलियन हो गया है। आरबीआई को रुपया बचाने के लिए डॉलर बेचने पड़ रहे हैं। इसलिए हम यह बात कह रहे हैं कि इनको पता नहीं है कि मुद्रा प्रबंधन विफलता सबसे क्रूर आर्थिक नीति होती है, जो भारत के लिए और आम आदमी के लिए सबसे बड़ा बोझ है। इसका खामियाजा सबसे ज्यादा गरीब को भुगतना पड़ता है। दूसरी तरफ ये सीधे टैक्स नहीं लगाते हैं, बल्कि ये महंगाई के द्वारा टोटल पैसा ले लेते हैं। ये टैक्स की बात करते हैं कि मैं टैक्स नहीं लगा रहा हूं। 140 करोड़ लोगों में से 120 करोड़ लोग, जो मिडिल क्लास और गरीब लोग हैं, उनसे महंगाई के द्वारा पैसे ले लेते हैं। मैं जानना चाहूंगा कि महंगाई के लिए आपके पास क्या व्यवस्था है? ये इसके बारे में पहले बता दें।

दुनिया बहुत आगे बढ़ रही है, एआई की रफ्तार सबसे ज्यादा है और टेक्नोलॉजी बढ़ रही है। कुछ पॉइंट हैं, जो बाकी देशों में सफल हुए हैं, मैं उनके बारे में यहां बताना चाहता हूं। हमारे संसदीय क्षेत्र पूर्णिया और पूरे बिहार में पैसा सीधे नहीं, बल्कि प्रोजेक्ट के लिए मिले। यूरोपियन यूनियन कहता है कि वह सीधे पैसे नहीं देते हैं, बल्कि वह स्थानीय संस्थाओं को अच्छे और पक्के एआई ट्रेनिंग प्रोजेक्ट्स के लिए ग्रांट या अनुदान देते हैं। वहीं से वह सीखेगा और सिखाएगा। आम आदमी और गांव के बच्चों में हुनर बढ़े। हर एरिया में एआई ट्रेनिंग सेंटर, रीजनल एआई हब बने। कनाडा की तरह हर एरिया के स्थानीय कॉलेज या स्कूल को अपग्रेड करके एक एआई ट्रेनिंग हब बनाना चाहिए। एआई कंप्यूटर और डिवाइस सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव, कस्बे के बच्चों को मिले। इससे सबको बराबर का मौका मिलेगा। आप वह चीज सिखाओ, जो इलाके में काम आए। प्रिसिजन एग्रीकल्चर सिखाने की बात कई बार एआई के द्वारा हुई है। यूनेस्को कहता है कि स्थानीय जरूरतों के हिसाब से सिखाना चाहिए। इससे ट्रेनिंग काम आएगी और बच्चों को जल्दी नौकरी मिलेगी। आप पहले टीचरों को पक्का करो। एआई ट्रेनिंग कौन देगा? हमारे पास एक्सपर्ट टीचर्स नहीं हैं। इसलिए स्थानीय शिक्षकों को एआई एक्सपर्ट बनाने के लिए उन पर खर्च होना चाहिए। एशियन देशों ने भी यही किया है। सरकार को यह शर्त रखनी चाहिए कि स्थानीय उद्योग या कंपनी को भी उसमें थोड़ा पैसा लगाना होगा और बच्चों को सीधे मेंटरशिप देनी होगी। इसलिए मेरी डिमांड इसमें यह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में एआई और डिजिटल स्किल सेंटर्स स्थापित किए जाएं। किसानों को एआई टूल्स से फसल प्रबंधन, मौसम पूर्वानुमान, एसएमई को डिजिटल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स

और एआई आधारित बिजनैस टूल्स का प्रशिक्षण मिले। महिलाओं और बच्चों को बेसिक एआई, कोडिंग और डिजिटल साक्षरता सिखाई जाए। यह बहुत इम्पोर्टेंट है, इसलिए इसके बारे में मैंने पहले बोला है।

माननीय सभापति (श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन) : आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) : मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। प्रदूषण और पानी पर कोई बजट नहीं होता है। जल मिशन योजना के बारे में हमारे मित्र ने कह दिया है। दिल्ली के एक बच्चे ने प्रदूषण के बारे में हमसे कहा कि मेरी पढ़ाई ऑनलाइन करवा दीजिए, ताकि हमें स्कूल न जाने पड़े, नहीं तो सारे बच्चे मर जाएंगे।

(1850/ANK/VR)

प्रदूषण पर कोई चर्चा नहीं होती है। 90 प्रतिशत बीमारियां पानी की वजह से हो रही हैं। इनके लिए साफ पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। दूसरी चीज, मनरेगा जब प्रभावित हो रही थी, तब ये मजाक बना रहे थे। ये नाम बदलने में माहिर हैं, लेकिन बिहार में मनरेगा का बजट घटाते जा रहे हैं। मेरी रिक्वेस्ट है कि गरीबों को जो पांच डिसमिल जमीन देने की बात थी, उसके लिए सरकार बजट दिलाए।

माननीय सभापति : आप 30 सेकेण्ड में अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) : सर, छात्रों के साथ यह होता है कि एग्जाम कराने के लिए 500 रुपये लेते हैं और उसके ऊपर 100 रुपये टैक्स लगा देते हैं, जीएसटी लगा देते हैं। मैं चाहता हूं कि छात्रों से फॉर्म भरने के लिए मात्र 100 रुपये लिए जाएं।

सर, अंत में, मैं यह कहना चाहता हूं कि कोसी सीमांचल के लिए विशेष पैकेज हो और मक्का और मखाना के ऊपर कम-से-कम 10-10 फैक्ट्री लगाई जाएं, यह मेरी मांग है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

1851 बजे

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) : सभापति महोदय, सबसे पहले मैं आपको धन्यवाद दूंगा कि आपने अनुदानों की अनुपूरक मांगों पर मुझे बोलने का समय दिया। हम मीडिया के माध्यम से सुनते हैं कि सरकार ने कई घोषणाएं कीं। जिन राज्यों के अंदर चुनाव होते हैं, वहां अतिरिक्त बजट की घोषणा भी होती है। दुर्भाग्य से वर्ष 2014, 2019 और 2024 के अंदर जिस राजस्थान ने आपकी सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उस राजस्थान को जुमलों के सिवाय कुछ भी नहीं मिल रहा है। विशेष राज्य का दर्जा देने की हम लोग लगातार मांग कर रहे हैं। हम ऐसे प्रांत से आते हैं, जहां आप पुराने किस्से-कहानी भी सुनोगे कि लोग 20-25 किलोमीटर तक तालाबों से किसी तरह सर पर रखकर पानी लेकर आते थे। वे परिस्थितियां भी राजस्थान ने देखीं।

सभापति महोदय, मेरा आग्रह है कि जब वित्त मंत्री जी जवाब दें, तो इन बातों का ध्यान रखें। देश के नागरिक दो जून की रोटी को तरस रहे हैं। यह स्थिति तब है, जब सरकार कई जन-कल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को लाभान्वित करने की बात करती है। मुझे विशेष रूप से यह भी कहना है कि विगत पांच वर्षों में गरीबों की स्थिति वैसी ही है। आप सत्ता पक्ष के लोग विपक्ष पर आरोप लगाकर जिम्मेदारी से बचना चाहते हैं, मगर यह देश समझता है। पहले कार्यकाल में तो आपने विपक्ष पर आरोप लगा दिए, लेकिन अब लोग आपसे कुछ काम चाहते हैं। देश का जवान आपसे काम चाहता है, देश का किसान, देश का प्रत्येक वर्ग, मोदी जी जो घोषणाएं कर रहे हैं, वे धरातल पर कैसे आएं, यह देश की जनता जानना चाहती है। मैं वित्त मंत्री जी को सदन के माध्यम से बताना चाहता हूं कि पिछले कुछ वर्षों में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में सदन में और सदन के बाहर भाषण तो बहुत दिए गए हैं, लेकिन दुर्भाग्य से बेरोजगारी को रोकने के ठोस समाधान आपने नहीं किए हैं। केंद्र या राज्य के खाली पद आप देख लीजिए। मैं जिस राजस्थान से आता हूं, वहां की नौकरी में पांच लाख पद खाली हैं। सबसे बड़ी बात आप किसान की जमीन लेकर उद्योग लगा रहे हो, वहां तो रूल बना दीजिए कि कम से कम 80 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार मिले, ताकि लोगों को कमाने के लिए बाहर न जाना पड़े। यह बेरोजगारी की ऐसी समस्या है कि यदि आपने इसका इलाज नहीं किया, तो वह दिन दूर नहीं, जब बेरोजगार खुद अपना हक मांगने के लिए राजधानी को घेर लेगा और आप देखते रह जाएंगे, जैसा कि दूसरे राज्यों के अंदर हो रहा है। नौजवान का विशेष रूप से ध्यान रखें, क्योंकि नौजवानों ने ही आपको तीसरी बार सत्ता सौंपी है, नहीं तो आप विपक्ष पर आरोप लगाते-लगाते खुद विपक्ष में न बैठ जाओ।

उर्वरकों की कमी से इस समय किसान जूझ रहा है। सभापति महोदय, मैं अक्टूबर माह के अंत का एक समाचार पत्र पढ़ रहा था। रबी के सीजन के लिए भारत सरकार ने फॉस्फोरस और सल्फर उर्वरकों पर सब्सिडी बढ़ा दी। किसानों को मूल्य वृद्धि से राहत देने के लिए 377,952 करोड़ रुपये आबंटित किए, मगर मैं बताना चाहता हूं कि चाहे रबी की फसल हो या खरीफ की, किसानों को समय पर डीएपी और यूरिया समय पर नहीं मिलता है। मांग के क्रम में आपूर्ति नहीं आती है। मेरे राजस्थान में तो सरकार ने खाद की खरीद के लिए लाइन में खड़े किसानों पर लाठीचार्ज करवा दिया। हमारे वहां के कृषि मंत्री जी जरूर अखबारों में छपने के लिए वहां दौरा करने की बात कर रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से किसान को यूरिया और डीएपी के लिए भी लाठियां खानी पड़ रही हैं।

सभापति महोदय, मेरे राजस्थान के अंदर सरकार से मैं मांग करूंगा कि करौली सवाई माधोपुर की सीमा पर प्रस्तावित डूंगरी बांध निर्माण के विरोध में आंदोलन चल रहा है। चार-पांच बड़ी महापंचायतों से हजारों की तादाद़ में लोग वहां इकट्ठे हुए। ग्रामीणों के अनुसार, इस बांध से उनकी उपजाऊ कृषि भूमि, प्राकृतिक जल स्त्रोत और सांस्कृतिक धरोहर नष्ट हो जाएंगी। साथ ही रणथम्बोर टाइगट रिजर्व, केला देवी वन्य जीव अभ्यरण का 22 से 37 वर्ग किलोमीटर हिस्सा भी डूब क्षेत्र में आ सकता है। इससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान होगा।

(1855/RAJ/PBT)

पहले चरण में सिंचर गांव के करीब 50 हजार दलित-आदिवासी, मीणा, गुर्जर और किसानों के परिवारों पर विस्थापन का भी खतरा है। सरकार इस पर पुनर्विचार करे।…(व्यवधान)

सभापति महोदय, हम वे लोग हैं, जो लास्ट तक सदन के कोरम को पूरा रखते हैं। आप हमारे साथ इस तरह से न करें। आप खुद सिंगल मैम्बर पार्टी से चुन कर यहां आए हैं।…(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं एमएसपी को कानून के दायरे में लाकर किसानों की कर्ज माफी की बात कर रहा हूं। किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ किया जाए। उनकी फसल की खरीद एमएसपी पर हो। आपने राइडर हटा दिया है। पहले आप उनसे 25 क्विंटल खरीदते थे, अब वह 40 कर दिया गया है लेकिन आपका टोकन नहीं हो रहा है। मैं राजस्थान का एक आंकड़ा बताना चाहता हूं जिसमें 2,81,350 मीट्रिक टन मूंग हुआ, 42,777 मीट्रिक टन मुंगफली का अनुमानित उत्पादन हुआ है। …(व्यवधान) आप कहते हैं कि एमएसपी पर कुल उत्पादन का 25 प्रतिशत जिंस खरीदते हैं, लेकिन 10 प्रतिशत…(व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन) : कंक्लूडिंग रिमार्क्स। आप एक वाक्य में अपनी बात कंक्लूड कीजिए।

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) : महंगाई के नियंत्रण के अनुसार, तेल, गैस किस तरह बढ़ रही है? किसानों के खनन पट्टे उनके खातेदारी के अंदर दिए जाएं। नागौर में जो पान-मैथी हो रही है, उसको जीआई टैग दिया जाए। मैं इसके लिए पीयूष गोयल जी से मिला था, उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि पान-मेथी को जीआई टैग मिलेगा, जिससे किसानों को फायदा होगा।…(व्यवधान)

सर, लास्ट है। स्टेट की डीएलसी बहुत कम है। जमीन का बाजार मूल्य 25 लाख रुपए है लेकिन आप डीएलएसी से पांच गुना मूल्य दे रहे हैं। मेरे यहां 35 हजार रुपए डीएलसी है। अगर 20 हजार रुपए डीएलसी है तो उन्हें एक लाख रुपए मिलेंगे।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : धन्यवाद। आप अपनी स्पीच समाप्त कीजिए।

…(व्यवधान)

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) : सर, मुझे अपनी बात समाप्त करने दीजिए। मैं यह बोल देता हूं।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : हनुमान बेनीवाल जी अपनी बात समाप्त नहीं करेंगे। चंद्रशेखर जी, आप बोलिए।

…(व्यवधान)

एडवोकेट चन्द्र शेखर (नगीना) : धन्यवाद, सभापति जी। सदन के सभी सम्मानित सदस्यों को…(व्यवधान)

माननीय सभापति : हनुमान बेनीवाल जी, आप एक वाक्य में अपनी बात कंक्लूड करिए। चंद्रशेखर जी, आप एक सेकेंड के लिए रुक जाइए।

…(व्यवधान)

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) : सर, मेरी मांग है कि मैं नागौर में मेड़ता से पुष्कर रेलवे लाइन की बात करूं या नागौर के निकट भदवासी, मकोड़ी, बालासर, गंठीलासर, पिलनवासी आदि गांवों में आरएसएमएमएल ने भूमि अवाप्ति के लिए गजट निकाला है। किसानों की मंशा के खिलाफ ऐसे सैंकड़ों उदाहरण मिल जाएंगे। वहां लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ सकता है। इथेनॉल फैक्ट्री के समय भी लाठी चार्ज हुआ है। यह ठीक नहीं है। यह मेरी मांग है कि आप थोड़ा-सा सुधार करें।

(इति)

1857 बजे

एडवोकेट चन्द्र शेखर (नगीना) : धन्यवाद, सभापति जी। सदन के सभी सम्मानित सदस्यों और भारत के 140 करोड़ से ज्यादा मेहनतकश भाइयों-बहनों को मेरा जय हिंद। जिनके खून-पसीने की कमाई से सरकार चलती है। यह वर्ष 2025-26 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों का पहला बैच सरकार की घोर नाकामी जीता-जागता सबूत। कुल सकल अतिरिक्त व्यय 1.32 लाख करोड़ रुपए का, लेकिन वास्तविक नगद खर्च सिर्फ 41,455 करोड़ रुपए, बाकी 90,812 हजार करोड़ रुपए कथित बजट के नाम पर छिपा कर हिसाब चुकता करने का खेल। फरवरी को मुख्य बजट असत्य और खोखला साबित हो गया। बड़े-बड़े वादे किए गए थे और इमरजेंसी में अतिरिक्त पैसे मांग रहे हैं, यह कोई मामूली गलती नहीं है, बल्कि सुनियोजित लूट और जनता के साथ विश्वासघात है। हम जोरदार मांग करते हैं कि शून्य आधारित बजटिंग तुरंत लागू की जाए। सीएजी से स्वतंत्र और सख्त जांच करवाई जाए, सरकार को अपने अंदर झांकना चाहिए और अपने इन कार्यों पर लज्जा आनी चाहिए।

सभापति महोदय, वैसे तो सरकार एससी, एसटी और ओबीसी को नुकसान नहीं पहुंचा पाई तो निजीकरण का एक बहुत बड़ा खेल किया गया। इंडिगो ने क्या किया? आपके पास कोई व्यवस्था नहीं थी कि आप अपनी जनता, पैसेंजर्स को कोई आवश्यक सुविधा उपलब्ध करा पाते। निजीकरण की आड़ में एससी, एसटी और ओबीसी को नुकसान करने के चक्कर में बहुत नुकसान किया। सेंट्रल यूनिवर्सिटीज में प्रोफेसर्स एवं असिस्टेंट प्रोफेसर्स के एससी, एसटी और ओबीसी के बहुत सारे पद रिक्त पड़े हैं।

रक्षा के लिए 41 हजार करोड़ रुपए की मांग - ये विमान, हथियार, मशीनरी के नाम पर मनचाहा धन उड़ा रहे हैं। एचएएल में देरी के बावजूद काल्पनिक बचत दिखा कर हिसाब बराबर कर रहे हैं, यह पारदर्शिता है या धोखा है। गृह मंत्रालय का खर्च फट पड़ा है। जनगणना, आईजीटी और क्षेत्रीय बैक्स के नाम पर लेकिन आज भी मणिपुर में सैंकड़ों लोग बेघर भटक रहे हैं। वहां सुरक्षा बल तैनात है, लेकिन शांति और पुनर्वास कहां है? यह दिखावा है या वास्तविक लोकाशाह। आप मानवीय संकटों को नजरअंदाज नहीं कीजिए। दिव्यांगों को मजबूत करने के लिए कोई योजना नहीं बनाई गई, भ्रष्टाचार चरम पर है और टेलीकॉम में बड़ी कंपनियों को जीवन रेखा दे कर, जब 1.2 करोड़ नौजवान बेरोजगार भटक रहे हैं, युवाओं के साथ छल क्यों कर रहे हैं?

(1900/NK/PBT)

आपने युवाओं को किसके भरोसे छोड़ रखा है, युवाओं ने आपका क्या बिगाड़ा है? यह जनता का खुला अपमान है, सफाई कर्मचारी आज भी सीवर में मर रहा है और हम चांद पर चले गए हैं। विदेश मंत्रालय विदेशी प्रोजेक्ट पर फिजूलखर्ची कर रहा है जबकि घर के बच्चे स्कूल छोड़ रहे हैं। 65 लाख बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया है, यह सरकार का डाटा है, मंत्री जी ने जवाब दिया है। इस मामले में यूपी दूसरे नम्बर पर है जबकि पहले नम्बर पर गुजरात है। स्वास्थ सेवाएं लाचार है, विकलांगों को मामूली मदद, संस्कृति और विरासत सड़ रही है।

सभापति जी, क्षेत्रीय असमानता बढ़ रही है। कुछ यूटीज को फोकस करके गांव और कस्बों को भूला रहे हैं जबकि भारत गांवों में निवास करता है। यह दस्तावेज देश की अर्थव्यवस्था पर गहरा आघात है, हम इसको पूरी ताकत से खारिज करते हैं या तो तुरंत सुधार हो या शून्य आधारित बजट बने। सी एंड एजी की गहन जांच और हर रुपये का परिणाम आधारित ऑडिट होना चाहिए।

उर्वरक विभाग के लिए 18 हजार 525 करोड़ रुपये की अतिरिक्त मांग, विदेश से आयातित उर्वरकों को प्राथमिकता देकर हमारे किसानों का खून निचोड़ रही है। आप आत्मनिर्भर भारत का ढोंग रचते हो, लेकिन आयात पर निर्भरता बढ़ाकर मिट्टी को बंजर बना रहे हो। हर साल हजारों किसान आत्महत्या कर रहे हैं, एमएसपी की गुहार अनसुनी पड़ रही है। यह सब्सिडी किसानों के लिए है या विदेशी कंपनियों के लिए है। यूरिया नहीं मिल रहा है, डीएपी नहीं मिल रहा है। आयात माफियाओं के लिए तुरंत इस लूट को बंद हो और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए।

पेट्रोलियम मंत्रालय पर 9 हजार 500 करोड़ रुपये का बोझ है। एलपीजी सब्सिडी के नाम पर तेल कंपनियों को मुआवजा देकर आम आदमी की जेब सरकार काट रही है। जब ईंधन की कीमतें आसमान छू रही है तो महंगाई जनता को मार रही है, तब क्रोनी कैपिटलिज्म का नंगा नाच हो रहा है, कॉरपोरेट मुनाफा रिकॉर्ड तोड़ रही है। आज युवा आंदोलन कर रहा है, आज इलाहाबाद में आंदोलन चल रहा है। दो-तीन दिन पहले मैं एक विषय पर बोल रहा था, समय कम था तो अपनी बात पूरी नहीं रख पाया।

सभापति जी, हम लोग अपमान से हारे नहीं हैं। आप भी सिंगल पार्टी के मेंबर हैं, खुद इस बात को समझते हैं। मेरे साथियों ने कहा कि आपको कम समय दिया। मैंने कहा कि समय संख्या आधारित होता है, हम लोग अपनी संख्या बढ़ाएंगे। हम लोग मेहनत करेंगे और संख्या बढ़ाएंगे।

मैं फाइनेंस मिनिस्टर से आग्रह करता हूं कि एमपी लैड स्कीम की राशि बढ़ायी जाए, पांच करोड़ रुपये में क्षेत्र का विकास नहीं हो पा रहा है। जब तक नगीना का विकास नहीं होगा तो देश कैसे विकसित हो जाएगा? नगीना के लोगों के बारे में सोचिए, रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं है। जय भीम, जय भारत। जय संविधान। जय मंडल। किसानों की जय और जवानों की जय।

(इति)

1901बजे

श्री मोहम्मद हनीफ़ा (लद्दाख) : सभापति महोदय, आपने मुझे सप्लीमेंटरी डिमांड फॉर ग्रांट्स पर बोलने का मौका दिया, आपको धन्यवाद। सबसे पहले मैं माननीय वित्त मंत्री और गृह मंत्री जी का शुक्रगुज़ार हूं कि उन्होंने लद्दाख के लिए रिवाइज्ड बजट में 148 करोड़ रुपये एलॉट किए हैं, इससे किसी हद तक दोनों ही डेवलपमेंट्स काउन्सिल के लिए 180 करोड़ रुपये की कटौती पूरा करने में मदद मिलेगी। जिससे लोकल डेवलपमेंट में राहत मिलेगी। इस साल यूटी लद्दाख के बजट ऐस्टिमेट वर्ष 2024-25 के मुकाबले में तकरीबन 834 करोड़ रूपये की कैपिटल एक्सपेन्डिचर कट का सामना करना पड़ा था, लेकिन लद्दाख के ओवरऑल बजट में कोई काबिल कद्र इज़ाफा नहीं हुआ, 834 करोड़ रुपये की बड़ी कटौती में से सिर्फ 148 करोड़ रुपये बहाल किए गए हैं, यही असली कन्सर्न है।

मैं माननीय वित्त मंत्री और माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान एक बेहद अह्म एडमिनिस्ट्रेटिव इश्यू की ओर दिलाना चाहता हूं, जो सीधे लद्दाख को एलोकेट किए गए फंड्स को खर्च करने की सहूलियत मुतासिर करते हैं। एमएचए लद्दाख की प्रोजेक्ट और स्कीमों की मंजूरी और एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल के लिए फाइनेन्शियल पावर डेलीगेट करती है, यह डेलीगेटेड पावर जरूरी थी, डेलीगेटड पावर पूरे यूटी के डेवलपमेंट में अह्म किरदार अदा करती है। खासतौर पर लद्दाख के टोपोग्रॉफिकल चैलेंज और डिफिकल्ट एक्सेसबिलिटीज में इस इम्पॉवर सिस्टम मुकाबी तौर पर फैसला करने और मजबूत बनाया। आवामी कामों में स्मूथ एक्जीक्यूशन को मुमकिन बनाया। हाल ही में एमएचए ने लद्दाख के एडमिनिस्ट्रेटिव दिए गए फाइनेन्शियल पावर वापस ले लिए थे। बाद में मुख्तलिफ लोगों के कन्सर्न के बाद अख्तियार तो वापस दे दिए मगर अनफॉच्युनेट बात यह है कि छोट से लेकर बड़े प्रोजेक्ट के एप्रूवल और अप्रैजल की अह्म पावर एमएचए के पास ही है।

महोदय, मैं खास तौर पर कहना चाहता हूं कि लद्दाख एडमिनिस्ट्रेटिव और ज्योग्राफिकल सेट-अप बगैर असेम्बली वाले यूनियन टेरिटॉरीज हैं, उससे बिल्कुल मुक्खतलिफ है। लद्दाख की ज्योग्रॉफी और सर्दियों की वजह से साल में सात-आठ महीने काम करने का मौका मिलता है। दिसम्बर से मई तक यहां सड़कें बंद रहती है, लिहाजा अगर सारे प्रोजेक्ट्स के एप्रूवल और अप्रैजल के लिए एमएचए को भेजना, जो जमीनी हालात से दूर है न सिर्फ मुश्किल होगा बल्कि बहुत वक्त भी लगेगी। जिससे लद्दाख के पूरा काम सीजन का जाया हो जाएगा, काम की मुद्दत पूरी नहीं होगी। छोटे मगर अह्म डेवलपमेंटल मुकामी लोगों के लिए जरूरी है, वह देरी का शिकार होगा। सभापति महोदय, मैं आपके जरिए होम मिनिस्टर और फाइनेंस मिनिस्टर से गुजारिश करता हूं कि डेवपलमेंटल प्रोजेक्ट्स की बेहतर मजबूत मंसूबाबंदी और वक्त पर इम्पलीमेंटेशन के लिए जरूरी है कि प्रोजेक्ट्स के एप्रूवल और अप्रैजल के अख्तियार जिस तरह पहले लेफ्टीनेंट गवर्नर, कमीशनर और डेप्टी कमीशनर के पास थे, उसे दोबारा बहाल किया जाए।

(1905/IND/RTU)

मैं आपके जरिए ऑनरेबल फाइनेंस मिनिस्टर की तवज्जो बजटरी फ्रेमवर्क से हटकर कुछ अहम पेंडिंग लायबिलिटीज की तरफ दिलाना चाहता हूं। यूटी एडमिनिस्ट्रेशन ने लेह और कारगिल में पूरे हो चुके कामों के खर्चे के लिए 28 करोड़ रुपये की जो दरख्वास्त की है, यह पूरी हो चुकी है लेकिन जो पेंडिंग है, उसकी अदायगी में देरी काम में बहुत ज्यादा खलल पैदा कर रही है और इसके साथ ही ठेकेदारों के यकीन को भी कमजोर कर रही है। इसके अलावा यूटी एडमिनिस्ट्रेशन ने लेह और कारगिल में कामों के लिए जमीन और प्लांटेशन के कम्पेंसेशन के लिए 130 करोड़ रुपये की लायबिलिटी पड़ी है। इन फंड्स को जल्द से जल्द रिलीज किया जाए। लद्दाख में इंजीनियरिंग कालेज कई सालों से मंजूर हो चुका है और इसके करगिल

जिले में जमीन भी एलॉट हो चुकी है। जल्द से जल्द इसके लिए फंड्स एलॉट करके शुरू किया जाए। इसके साथ ही डिग्री कालेज जो क्लस्टर करगिल डिग्री कालेज चल रहा है, इसे भी फंड्स की वजह से देरी न करके जल्द पूरा किया जाए।

جناب محمد حنیفہ (لدّاخ): چیرمین صاحب، آپ نے مجھے سپلیمینٹری ڈیمانڈس فور گرانٹس پر بولنے کا موقع دیا ، آپ کو شکریہ۔ سب سے پہلے میں محترم فائننس منسٹر اور ہوم منسٹر صاحب کا شکر گزار ہوں کہ انہوں نے لدّاخ کے لئے ریوائزڈ بجٹ میں 148 کروڑ روپئے ایلوٹ کئے ہیں، اس سے کسی حد تک دونوں ہی ڈیولپمینٹس کاوُنسل کے لئے 180 کروڑ روپئے کی کٹوتی پورا کرنے میں مدد ملے گی۔ جس سے لوکل ڈیولپمینٹ میں راحت ملے گی۔ اس سال یو۔ٹی۔ لدّاخ کے بجٹ ایسٹی میٹ سال 2024-25 کے مقابلے میں تقریباً 834 کروڑ روپئے کی کیپٹل ایکسپینڈیچر کٹ کا سامنا کرنا پڑا تھا، لیکن لدّاخ کے اور آل بجٹ میں کوئی قابلِ قدر اضافہ نہیں ہوا، 834 کروڑ روپئے کی بڑی کٹوتی میں سے صرف 148 کروڑ روپئے بحال کئے گئے ہیں، یہ اصلی کنسرن ہے۔

میں محترم فائننس منسٹر صاحبہ اور ہوم منسٹر صاحب کا دھیان ایک بے حد اہم ایڈ منسٹریٹیو ایشیو کی طرف دلانا چاہتا ہوں، جو سیدھے لدّاخ کو ایلوکیٹ کئے گئے فنڈس کو خرچ کرنے کی سہولیات متاثر کرتا ہے۔ ایم۔ایچ۔اے۔ لدّاخ کی پروجیکٹ اور اسکیموں کی منظوری اور ایڈ منسٹریٹیو اپرول فائنین شیل پاور ڈیلیگیٹ کرتی ہے، یہی ڈیلیگیٹ پاور ضروری تھی۔ ڈیلیگیٹ پاور پوری یو۔ٹی۔ کے ڈیولپمینٹ میں اہم کردار ادا کرتی ہے۔ خاص طور سے لدّاخ کے ٹوپوگرافیکل چیلنج اور ڈیفی کلٹ ایکسیس بلیٹیز میں اس ایمپاورسسٹم مقامی طور پر فیصلہ کرنے اور مضبوط بنایا۔ عوامی کاموں میں اسموتھ ایکزیکیوشن کو ممکن بنایا۔ حال ہی میں ایم۔اچ۔اے۔ نے لدّاخ کو ایڈمنسٹریٹیو دئے گئے فائننشیل پاور واپس لے لئے تھے۔ بعد میں مختلف لوگوں کے کنسرن کے بعد اختیارات تو واپس دے دئے مگر بد قسمتی سے بات یہ ہے کہ چھوٹے سے لیکر بڑے پروجیکٹ اپروول اور اپریزل کی اہم پاور ایم۔ایچ۔اے۔ کے پاس ہی ہے۔

چیرمین صاحب، میں خاص طور پر کہنا چاہتا ہوں کہ لدّاخ ایڈمنسٹریٹو اور جغرافیکل سیٹ اپ بغیر اسمبلی والے یونین ٹیریٹیریز ہیں، اس سے بالکل مختلف ہیں۔ لدّاخ کی جغرافیہ اور سردیوں کی وجہ سے سال میں 7-8 مہینے کام کرنے کا موقع ملتا ہے۔ دسمبر سے مئی تک یہاں سڑکیں بند رہتی ہیں، لہٰذا اگر سارے پروجیکٹس کے اپروول اور اپریزل کے لئے ایم۔ایچ۔اے۔ کو بھیجنا جو زمینی حالات سے دور ہے نا صرف مشکل ہوگا بلکہ بہت وقت بھی لگے گا۔ جس سے لدّاخ کا پورا کام سیزن کا ضائع ہو جائے گا۔ کام کی مدّت پوری نہیں ہوگی۔ چھوٹے مگر اہم ڈیولپمینٹ مقامی لوگوں کے لئے ضروری ہے، وہ دیری کا شکار ہوگا۔

چیرمین صاحب، میں آپ کے ذریعہ ہوم منسٹر اور فائننس منسٹر سے گزارش کرتا ہوں کہ ڈیولپمینٹل پروجیکٹس کی بہت مضبوط منصوبہ بندی اور وقت پر امپلی مینٹیشن کے لئے ضروری ہے کہ پروجیکٹس کے اپروول اور اپریزل کے اختیار جس طرح پہلے لیفٹننٹ گورنر، کمشنر اور ڈپٹی کمشنر کے پاس تھے، اسے دوبارہ بحال کیا جائے۔

میں آپ کے ذریعہ آنریبل فائننس منسٹر کی توجہ Budgetery Framework سے ہٹ کر کچھ اہم پینڈنگ Liabilities کی طرف دلانا چاہتا ہوں۔ یو۔ٹی۔اے۔ ایڈمنسٹریشن نے لیہہ اور کارگل میں پورے ہو چکے کاموں کے خرچے کے لئے 28 کروڑ روپئے کی جو درخواست کی ہے، یہ پوری ہو چکی ہے، لیکن جو پینڈنگ ہے، اس کی ادائیگی میں دیری کام میں بہت زیادہ خلل پیدا کر رہی ہے اور اس کے ساتھ ہی ٹھیکیداروں کے یقین کو بھی کمزور کر رہی ہے۔ اس کے علاوہ یو۔ٹی۔ایڈمنسٹریشن نے لیہ اور کارگل میں کاموں کے لئے زمین اور پلانٹیشن کے Compensation کے لئے 130 کروڑ روپئے کی Liability پڑی ہے، ان فنڈس کو جلد سے جلد ریلیز کیا جائے۔ لدّاخ میں انجینرنگ کالج کئی سالوں سے منظور ہو چکا ہے اور اس کے لئے کارگل ضلع میں زمین بھی ایلاٹ ہو چکی ہے۔ جلد سے جلد اس کے لئے فنڈس ایلوٹ کرکے شروع کیا جائے۔ اس کے ساتھ ہی ڈیگری کالج

جو کلسٹر کارگل ڈیگری کالج چل رہا ہے، اس ے بھی فنڈس کی وجہ سے دیری نہ کرکے جلد پورا کیا جائے۔

(ختم شد)

1906 hours

SHRI SHREYAS M. PATEL (HASSAN): Thank you, Sir. I rise to speak on the Supplementary Demands for Grants for 2025-2026. Every year, the Government comes back in mid-year for more money. Corrections are normal but the size of these Demands shows weak planning and frequent policy mismatches. The Government now seeks over Rs. 1.32 lakh crore as additional expenditure but much of it is adjusted through savings and recoveries. If planning was strong, such large revisions would not be needed.

Sir, let me highlight a few things. The first is regarding the Department of Fertilizers. The Ministry gave a statement saying that India will stop importing urea by the end of the year 2025. Now, additional demand for subsidy under the imported urea scheme shows that self-reliance is a distant dream in India. This can be substantiated by the fact that urea production has actually gone down from 314 LMT to 307 LMT. Most of our fertiliser plants are old but there is no new support for PSUs. Instead of moving towards self-reliance, the Government is asking for even more subsidy money.

The second is regarding the Department of Telecommunications. The Government now wants nearly Rs. 37,000 crore to convert Vodafone-Idea dues into equity. Overnight, the Government becomes the largest shareholder in a private company struggling for years. If the investment loses value, who takes the hit? It is the common taxpayer. These are not just corporate dues; these are the dues of the public.

In the Petroleum Ministry, the Government seeks Rs. 12,000 crore more for LPG under recovery, despite already approving Rs. 30,000 crore just a month ago. Yet many poor households still find LPG unaffordable, with subsidies not reaching them effectively via DBT. Despite substantial spending, regular refills remain a struggle, needing rethinking to prioritise the direct benefits for end-users over company stabilisation.

Sir, before I conclude, I want to briefly highlight the issues of my region, Hassan. The Upper Badra Project is the lifeline of our district's Arsikere and Kadur Taluk. The Centre had promised Rs. 5,300 crore. The State has requested again. If the project receives the "National Project" status, 60 per cent of the funding would be done by the Union Government, but the approval is still pending. The people back home feel that the Centre is not taking their water needs seriously.

The next is of the Mother and Child Hospital, which we have requested in the August House, for the Kadur and Arsikere Taluks. These are growing towns with a rising population. There is no allocation of support in the Supplementary Demands.

Sir, I have last two demands. The last is the human and animal conflict. There is a severe human and animal conflict day by day. It has been severe and it is more serious in my constituency. For the past 21 years, nearly 75 people have lost their lives. The farmers are not only struggling for the lives of themselves, they are struggling to safeguard the crops which we have grown. I request through you, Sir, to the hon. Madam, that at least in this Supplementary Budget, it has not been allotted and so in the upcoming Budget to kindly include the human and animal conflict for the long term.

Sir, the last is our dream and it is the dream of our Haasan, that is an IIT for Haasan. Already the land has been allotted for the IIT. In this Supplementary Budget, it has not been allocated. Kindly, at least allot in the upcoming Budget an IIT for Haasan. It is the dream of our young Indians.

(ends)

HON. CHAIRPERSON (SHRI N. K. PREMACHANDRAN): Thank you.

Shri Abdul Rashid.

1909 बजे

श्री अब्दुल रशीद शेख (बारामूला) : महोदय, यूटी होने के नाते हमारे बहुत से मामलात केंद्र के साथ जुड़े हुए हैं। मेरी पहली रिक्वेस्ट यह है कि जो पैकेज दिए जाते हैं, उनका क्राइटेरिया क्या है। वित्त मंत्री जी सदन में बैठी हैं, इसलिए मैं चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर को फुल-फ्लेज्ड पैकेज दिया जाए। इसके अलावा जितने भी सैंट्रल विभाग हैं, दो परसेंट नौकरियां जम्मू-कश्मीर के नजवानों के लिए रिजर्व की जाएं, जिन्होंने बहुत मुश्किलात देखे हैं। इंड्स वाटर ट्रीटी का जिक्र किया जाता है और वह तोड़ भी ली गई लेकिन जो लॉससेस जम्मू-कश्मीर के लोगों को हुए हैं,

(1910/KDS/AK)

How will you compensate it? We hope that you will come up with some concrete thing.इसी तरह हमारी फ्रूट इंडस्ट्री हमारी इकोनॉमी की बैकबोन है, वह बरबाद हो चुकी है। आपने अमरीकन फ्रूट्स पर टैक्स कम कर दिए हैं और जम्मू-कश्मीर का फ्रूट तबाही के मुहाने पर है और इसके रिवाइवल के लिए आपको कुछ करना पड़ेगा। इसी तरह आपको नए टूरिस्ट्स डेस्टिनेशन्स बनाने की भी जरूरत है। गुलबर्ग, पहलगाम तो हैं ही, इनके अलावा बहुत ही खूबसूरत जगहें जैसे मंगास, दूधपत्थरी, तंगधार, मोनाबल,रंगवार या ऐसी जगहें हैं जो गुलमर्ग, पहलगाम से भी खूबसूरत हैं। उन्हें टूरिस्ट मैप पर लाने की जरूरत है। इसी तरह गुलमर्ग में हमारे जो होटल्स हैं, there are certain issues facing them. उन्हें लीज बढ़ाने के नाम पर तंग किया जा रहा है। They should not be displaced and dislodged. पटल में हमारा जो नेशनल हाईवे है, एक ट्रोमा अस्पताल की बहुत ज्यादा जरूरत है, along with a blood bank. मेरी सरकार से और वित्त मंत्री जी से रिक्वेस्ट है कि since I have got no redressal of my issues, क्योंकि मैं यहां से सीधा बदकिस्मती से जेल जाऊंगा। I cannot reach out to the Ministers and bureaucrats. इसलिए मेरी हम्बल रिक्वेस्ट है कि एक डायरेक्शन जाए कि मेरे जो इश्यूज हैं,वे संबंधित विभागों में जाएं। मैं नार्थ कश्मीर के लिए डिमांड करते हैं क्योंकि यह पहाड़ी और बार्डर का इलाका है, एक एम्स बारामूला में बनाया जाए। बांडीपोरा में एक मेडिकल कालेज बनाने की जरूरत है। सोपोर में आईआईएम कायम किया जाए। Since, it is a UT रेवेन्यु सेंटर डायरेक्टली डील करता है, सुपौर और हंदवाड़ा में आलरेडी हमारे पिछड़े डिस्ट्रिक्ट्स हैं,उन्हें आप एडमिनिस्ट्रेटिव डिस्ट्रिक्ट्स बनाएं तो मेहरबानी होगी। बीरबा को आप एक हिल डिस्ट्रिक्ट बनाएं। नरसिम्ह कालेज की जरूरत है। 950 करोड़ रुपये एमजी नरेगा में लेबर कम्पोनेंट में हमारा पैसा बाकी है, इसी तरह लोलाब सोपौर और लोलाब भांडीपुरा के दरमियान बड़े मेगा रोड्स बनाने की जरूरत है जिससे बार्डर टूरिज्म भी डेवलप हो। इससे काफी फायदा मिलेगा और मेडिकल कालेज जोगल हंदवाड़ा में। पिछले डेढ़ साल से काम रुका है, पचास करोड़ रुपये खर्च कर दिए हैं लेकिन उसके बाद कहा कि now, the area is flood-prone. इन आर्किटेक्ट्स के खिलाफ एक्शन होना चाहिए जिन्होंने नहीं देखा कि एरिया फ्लड प्रोन है। मेरी रिक्वेस्ट है कि मेडिकल कालेज के लिए 50 करोड़ रुपये खर्च किए और बाद में याद आया कि यह एरिया फ्लड प्रोन है। लोगों ने सैंकड़ो कनाल जमीन दे दी। So, action should be initiated against the officials who identified the site. मेरा आखिरी पाइंट है कि मेडिकल कालेज पर काम तुरंत शुरू किया जाए और एक लास्ट रिक्वेस्ट है कि एमपी कहां जाए। दिल्ली के एमएलए के पास दस करोड़ रुपये का एमएलए फंड है। On behalf of all MPs, दामन फैला कर कहता हूं कि कम से कम 15-20 करोड़ रुपये रिक्मेंड कीजिए। यह मेरा हम्बल सब्मिशन है। आखिर में बस इतना ही कहना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा दीजिए क्योंकि आप जो पैसा वहां देते हैं, वह खर्च नहीं हो रहा है। (इति)

1913 बजे

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव) : माननीय सभापति जी, मैं सप्लीमेंट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स पर अपने विचार रखने के लिए खड़ा हुआ हूँ। हमारा छोटा-सा प्रदेश दमन एवं दीव, भले ही क्षेत्रफल में छोटा हो,लेकिन यहाँ की जनता की आकांक्षाएँ बहुत बड़ी हैं। मुझे यह कहते हुए अत्यंत गर्व है कि यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र भाई मोदी जी तथा माननीय गृह मंत्री श्री अमित भाई शाह जी कि हमारे प्रदेश पर विशेष कृपा-दृष्टि रही है। उनका सीधा मार्गदर्शन हमारे प्रदेश को मिलता है और उनके मार्गदर्शन के फलस्वरूप हमारे छोटे से प्रदेश को केंद्र सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिला है। दीव को स्मार्ट सिटी मिशन में शामिल करना, नमो मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज,इंजीनियरिंग कॉलेज, बर्ड एवियरी,नमो पथ, राम सेतु जैसी कई अमूल्य सौगातें तथा वनाकबारा (दीव) में लंबे समय से लंबित क्रीक ड्रेजिंग की माँग को पूरा करना ये सभी केंद्र सरकार की दूरदर्शिता के उदाहरण हैं। इस योजनाओं की घोषणा के बावजूद ये परियोजनाएँ अब तक शुरू नहीं हो पाई है, मुझे मुझे पता चला है कि दीव के वनाकबारा क्रिक ड्रेजिंग एवं दीव पोर्ट ड्रेजिंग कार्य फंड की कमी के कारण अब तक शुरू नहीं हो पाए है। फिशिंग हर्बर प्रोजेक्ट भी अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। इसके साथ ही दीव स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट अभी अधूरा है, एवं कोस्टल विलेज, सीसीआरवी प्रोजेक्ट भी अभी शुरू नहीं हो पाया है। दीव की 90%से अधिक आबादी मत्स्य पालन पर निर्भर है। क्रीक में ड्रेजिंग न होने से क्रीक से जहाज़ अंदर आते-जाते वक्त बहुत समस्याएं होती हैं। थोड़ा सा ध्यान हटने पर घटना घट जाती है और मछुआरों को बड़ा नुकसान हो जाता है। ड्रेजिंग कार्य की समस्या से मछुआरों की दैनिक आय पर सीधा असर पड़ रहा हमें पता चला है की स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के लिए जरुरी फण्ड अभी भी सेंटर से पूरा रिलीज नहीं हो रहा है। स्मार्ट सिटी के अधूरे प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिए सेंटर की बाकी राशि त्वरित रिलीज की जानी चाहिए ताकि ये सारे कार्य समय पर पूरे हो सकें। मैं इस पटल के माध्यम से केंद्र सरकार से कुछ मांगे करता हूँ कि वर्तमान सप्लीमेंट्री डिमांड्स फॉर ग्रांट्स में ही दीव फिशिंग हार्वर प्रोजेक्ट, वनाकबारा क्रीक एवं दीव पोर्ट की ड्रेजिंग तथा दीव स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की शेष कार्यों हेतु पर्याप्त अतिरिक्त राशि तत्काल जारी की जाए। कोस्टल विलेज (CCRV)डेवलपमेंट सहित सभी स्वीकृत परियोजनाओं के लिए विशेष फंड का प्रावधान किया जाए। इन परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग के लिए एक उच्चस्तरीय मॉनिटरिंग सेल गठित की जाए। भविष्य में छोटे केंद्र शासित प्रदेशों के

लिए "फास्ट ट्रैक इंफ्रास्ट्रक्चर फंड की स्थापना की जाए, जिसकी तिमाही समीक्षा प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री कार्यालय स्तर पर हो, ताकि फंडिंग में कभी देरी न हो।

(1915/CS/SRG)

महोदय हमारे यहां नागरिकों को सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज नहीं मिल पा रहा है तो हम सरकार से डिमांड करते हैं कि हमारे नागरिकों को सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिले और उसके लिए विशेष फंड दिया जाए। साथ ही साथ मेडिकल कॉलेज में पीजी की सीट्स में जो फीस रखी है, वह बहुत ही ज्यादा है। या तो उस फीस को घटा दिया जाए या फिर स्कॉलरशिप जैसी कोई नीति बनाकर बच्चों से यह अतिरिक्त भार हटाया जाए।

महोदय, मैं एमपीलैड स्कीम के बारे में एक बात कहना चाहता हूँ। मेरे प्रदेश में मैंने जितने भी काम प्रस्तावित किए थे, गाइडलाइन्स के हिसाब से उन कार्यों पर 45 दिन में कार्य होना था, मगर एक साल तक वे कार्य पहले लंबित रखे गए। जब मैंने माननीय सुप्रीम कोर्ट में रुख किया, मैं पहला सांसद हूँ जो एमपीलैड स्कीम के काम कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में जा रहा हूँ। जब मैं सुप्रीम कोर्ट गया तब उन सारे के सारे कार्यों में कुछ हलचल हुई।… (व्यवधान)

महोदय, मुझे एक मिनट का समय दीजिए। मेरी वेदना को आप नहीं समझेंगे तो कौन समझेगा? मैं एमपीलैड का कार्य करने के लिए रिक्वेस्ट कर रहा हूँ। मैं यही कह रहा हूँ कि गाइडलाइन्स के हिसाब से अगर 45 दिन में सांसद निधि का इस्तेमाल न करें।… (व्यवधान)

(इति)

1917 hours

ADV. GOWAAL KAGADA PADAVI (NANDURBAR): Sir, this Supplementary Demand is long on paper, but short on expectations.

Sir, I just want to ask one question. Only Rs. 41,455 crore is net cash outgo, while a massive Rs. 90,812 crore is book adjustment. This raises the classic question asked by fiscal experts; if Ministries had such large savings earlier, why did they over-project their Budget Estimates in the first place? Is it because of increasing the negotiating power?

Sir, i just want to ask one question directly about the SDG, which is about the telecommunications, the funds allocated for telecommunications. In my constituency, there are 4G towers. I have requested for their upgradation to 5G towers. वहां पर हिली एरिया है, वहां माउन्टेन एरिया आता है, वहां पर नेटवर्क नहीं आता है, नेटवर्क नहीं आयेगा तो गवर्नमेंट की जो स्कीम्स रहती हैं, जो बेनीफिट्स रहते हैं, उनका लाभ वहां के लोग कैसे ले पाएंगे? I am requesting that the 4G to 5G upgradation should be completed in a time-bound manner. BharatNet has started a project called BBNL. BBNL is absolutely not paying attention in my constituency. I am requesting the Government, through you, that BBNL should be taken away and BSNL should be handed over all the works.

I want to talk about the fertilizers. The uploaded Supplementary Demands for Grants document clearly shows a massive additional provision of Rs. 11,000 crore for PNK fertilizers and Rs. 7,525 crore for imported urea subsidies, yet on the ground of Nandurbar, farmers are standing in line at 4 am in the morning and often returning empty handed. I request the Government that the release of urea stocks in Maharashtra should be expedited as well as aspirational districts such as my Nandurbar district should be given priority. Gram level centres, farmer cooperatives and the distribution centres should be made the central focus of it. Real time stock monitoring through mobile Apps and transparency portals should be initiated.

Regarding higher education in the Supplementary Demand for Grants, it has been mentioned that a significant Rs. 2,023.25 crore allocation for ONOS that is, One Nation, One Subscription under higher education is recommended. I strongly urge this Government the inclusion of Nandurbar in the priority roll out of ONOS as our tribal students have almost zero access to high quality journals.

I request establishment of a National Tribal University in Nandurbar to serve Maharashtra, Gujarat as well as Madhya Pradesh. There cannot be a Viksit Bharat without considering the Adivasis in the Bharat. So, that should be considered.

Regarding the Pradhan Mantri Awas Yojana, there are a few villages which are converted into hamlets which are called Padas in Marathi. Therefore, the Awas Yojana has not reached them. That should be increased at the earliest.

Regarding health and family welfare, it has been mentioned that there is a capital funding to complete all the new hospitals quickly. Regarding hospitals, I want to just make a request that the hospital and the medical college is divided by a road. There should be a skywalk in the middle and the funds should be allocated for that.

Regarding the Tapi Irrigation Project, Rs. 800 crore have been allocated by the State Government. I request the Central Government also to give some more funds for it so that the project can be completed and the drought situation in Nandurbar could be resolved.

Regarding roads and national highways, … (*Interruptions*) I will just complete. There are two or three more points. There are a lot of accidents happening in Kondai Bari Ghat, Sakri Tehsil as well as Shewadi Phata. There is an urgent need for flyovers there.

(1920/MNS/GM)

Kindly consider that. There is a black spot there. I would also request that there should be a new four-lane highway from Shahada to Hargaon to Devipada to Gujarat. Kindly consider the new national highway project.

In the end, I just want to say that यह पूरक अनुदान नहीं है, यह सरकार की नाकामी का पूरक प्रमाण है और इसलिए मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि बजट में कुछ अलग प्रावधान दिए जाएं और एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स, ट्राइबल डिस्ट्रिक्ट्स पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दिया जाए।

(इति)

माननीय सभापति (श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन) : धन्यवाद।

श्री राजकुमार रोत जी।

1921 बजे

श्री राजकुमार रोत (बांसवाड़ा) : धन्यवाद, सभापति महोदय।

आपने आज वर्ष 2025-26 की अनुदान की पूरक मांगों पर बोलने का अवसर प्रदान किया है। मुख्य बजट में जो बजट का प्रावधान था, अधिकतर यह कह सकते हैं कि यह कागजों या पाइपलाइन में फंसा हुआ है, जो ग्राउंड पर नहीं जा पाया है, तो उस पर सरकार विशेष रूप से ध्यान दे। मैं विशेषकर कहना चाहूंगा कि अनुपूरक मांगों में जो बजट घटाया या बढ़ाया गया है, तो हमने विशेषकर एग्रीकल्चर में सबसे ज्यादा धरती को नशीली बना दिया है। हम यूरिया डीएपी को जरूरी मानते हैं, लेकिन यह इतना आदी हो गया है, जो कि भविष्य में हम सबके लिए घातक होगा, इसलिए सरकार ऐसा प्रावधान करे कि ऑर्गेनिक खेती पर फोकस करे और आर्गेनिक खेती करने वाले किसानों के लिए प्रावधान किया जाए कि जिस फसल को ये तैयार कर रहे हैं, उसको वह वे कहां बेचेंगे, फसल खराब हो जाती है तो उसके लिए अलग से सब्सिडी देने का प्रावधान करे।

मैं विशेषकर कहना चाहूंगा कि अर्थव्यवस्था की बात होती है, तो भारत देश पर वर्तमान में आंतरिक और बाहरी कर्ज 181 लाख करोड़ रुपये का है और उस हिसाब से देखा जाए तो प्रत्येक व्यक्ति पर, यदि राजस्थान की और पूरे देश की बात करें, तो वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति पर 86 हजार करोड़ रुपये का कर्ज है। इस स्थिति में देखा जाए, तो आज हम कह रहे हैं कि पहले सुनने में आता था कि डॉलर रुपये से गिर रहा है, लेकिन आज रुपये के मुकाबले डॉलर की वैल्यू बढ़ रही है और यह सुनने में आ रहा था कि काला धन लाएंगे, यह काला धन कितना आया? देश की जनता को कहा गया था कि 15-15 लाख रुपये देंगे, वह 15 लाख रुपये वर्ष 2014 से लेकर आज तक कहा हैं, किसी के समझ में नहीं आया।

1922 बजे (श्रीमती संध्या राय पीठासीन हुईं)

महोदया, आज वर्तमान में जो देखा गया है कि जीएसटी को घटाने और बढ़ाने को लेकर बात उठी। पिछले कुछ समय से हम देख रहे हैं कि जीएसटी के नाम से ढिंढोरा पीटा जा रहा है, तो जीएसटी बढ़ाया किसने था? वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2025 तक सरकार किसकी थी? जीएसटी बढ़ाने की वजह से 2 लाख 30 हजार से अधिक देश के छोटे व्यापारियों का व्यापार-धंधा खत्म हो गया है।

माननीय सभापति महोदया, मैं कहना चाहूंगा कि ट्राइबल एरिया में जीएसटी का कलेक्शन होता है, परंतु इस जीएसटी का लाभ ट्राइबल एरिया के लोगों को नहीं मिलता है। यह जीएसटी सिर्फ राजधानी के आस-पास या बड़े शहरों तक ही सीमित रह जाती है।

जीएसटी में ट्राइबल एरियाज़ हेतु सेस कर लगाया जाए, ताकि यहां से जो भी कलेक्शन होता है, उसका उपयोग ट्राइबल क्षेत्र के लिए किया जाए। वर्तमान में देखा गया है कि भाजपा सीना तानकर कहती है कि हम विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हमें भी गर्व है, क्योंकि हमारा भी देश है, लेकिन हकीकत क्या है? हकीकत यह है कि वर्तमान में जो देखा गया है ...(व्यवधान) मैडम, एक मिनट हुई है, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। हम प्रति व्यक्ति आय में विश्व में 136वें नंबर पर हैं और अगर भुखमरी की बात करते हैं, तो विश्व में 102वें नंबर पर हमारा देश है। यह विकास 140 करोड़ भारतीयों का नहीं हुआ है, यह मात्र एक-दो परसेंट उद्योगपतियों का हुआ है।

मैं अपनी मुख्य मांगें रखना चाहूंगा कि नरेगा का जो बजट है, राजस्थान में भी डबल इंजन की सरकार है, पूरे केन्द्र शासित प्रदेशों और 28 राज्यों सहित पूरा 2600 करोड़ रूपये का बजट है, इसमें राजस्थान का मात्र 1600 करोड़ रूपये केन्द्र सरकार की तरफ से बजट का पेंडिंग है, इस वजह से मनरेगा स्कीम खत्म हो रही है। मैं चाहूंगा कि हमारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हमारी राजीविका की महिलाओं, जब चुनावी दौर आता है, भीड़ की जरूरत पड़ती है, तो सबसे पहले हम महिलाओं को याद करते हैं। राजीविका और आंगनबाड़ी महिलाओं के लिए क्या व्यवस्था की गयी है? उनकी तनख्वाह में बढ़ोतरी की जाए।

माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) : श्री अरूण गोविल जी।

... (व्यवधान)

श्री राजकुमार रोत (बांसवाड़ा) : महोदया, मेरी अंतिम बात है कि मेरे क्षेत्र के अंदर कडाणा और माही डैम से उस क्षेत्र के अंदर...(व्यवधान)

(इति)

1924 बजे

श्री अरुण गोविल (मेरठ) : धन्यवाद, सभापति महोदया।

मैं सरकार द्वारा प्रस्तुत सप्लीमेंट्री डिमांड फोर ग्रांट्स फर्स्ट बेच वर्ष 2025-26 के समर्थन में बोल रहा हूं।

Being an actor, I am a non-professional, I will not be playing to the gallery like most of the Opposition Members do. I will not discuss the numbers also presented by them. I will not talk about what they have spoken because they speak on every subject, but not the subject in discussion.

(1925/RV/HDK)

महोदया, मैं अपनी बात सीधा-सीधा आपके सामने रखना चाहता हूं कि ये अनुपूरक माँगें क्यों आती हैं और हमारे लिए इनको एप्रूव करना क्यों जरूरी है। ये पूरक अनुदान हमारे देश के विकास, जनता की जरूरतों और चल रही योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। सरकार हर वर्ष बजट के माध्यम से पूरे साल का खर्च तय करती है, लेकिन वर्ष के दौरान कुछ ऐसे महत्वपूर्ण कार्य सामने आ जाते हैं, जिनके लिए पहले से तय राशि पर्याप्त नहीं रहती। कई योजनाएँ तेज़ गति से आगे बढ़ती हैं, कुछ विभागों को एक्स्ट्रा सपोर्ट की जरूरत होती है, कुछ नई नेशनल प्रायॉरिटीज़ भी सामने आती हैं। इन परिस्थितियों में सप्लीमेंट्री ग्रांट्स एक जरूरी कदम होते हैं, ताकि विकास कार्य में कोई रुकावट न आए।

माननीय सभापति महोदया, इस पहले बैच में सरकार ने 72 ग्रांट्स और एक एप्रोप्रिएशन के लिए अतिरिक्त निधि की मांग की है। कुल मिलाकर 1.32 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ग्रॉस एडिशनल एक्सपेंडिचर की मंजूरी मांगी गई है। इसमें से लगभग 41,455 करोड़ रुपये वास्तविक अतिरिक्त नकद खर्च (net cash outgo) है, जबकि बाकी राशि मंत्रालयों की सेविंग्स और एडिशनल रिसीट्स से पूरी की जाएंगी। यह दिखाता है कि सरकार जिम्मेदारी के साथ, और फाइनैंशियल डिसिप्लिन को ध्यान में रखते हुए, देश के संसाधनों का उपयोग कर रही है। यह पहला बैच देश के कई प्रमुख क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए लाया गया है। इन क्षेत्रों में कृषि और किसान कल्याण, फर्टिलाइजर, स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवाएँ, शिक्षा, ऊर्जा, रेल, सड़क और ट्रांसपोर्ट, महिला और बाल विकास, पंचायती राज, एमएसएमई, जल संसाधन, अंतरिक्ष और विज्ञान, और विदेश मामले जैसे महत्वपूर्ण विभाग शामिल हैं। इन कार्यक्रमों को मजबूती देना देश की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

महोदया, सप्लीमेंट्री डिमांड्स का मतलब सिर्फ एक्स्ट्रा खर्च नहीं होता, बल्कि यह बताता है कि सरकार अपनी योजनाओं में स्मार्ट प्लानिंग, सेविंग्स और better use of funds को ध्यान में रखकर काम कर रही है। इन पूरक अनुदानों का सबसे बड़ा लाभ यह है कि देश के विकास कार्य बिना रुके आगे बढ़ते रहते हैं। सड़कें, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों से जुड़ी योजनाएँ, और इंफ्रास्ट्रक्चर के बड़े प्रोजेक्ट अगर समय पर पैसे न मिलने से रुक जाएँ तो इसका सीधा असर जनता पर पड़ता है। सप्लीमेंट्री ग्रांट्स से यह सुनिश्चित होता है कि हर योजना समय पर पूरी हो और जनता को बिना किसी देरी के बेनिफिट मिले।

महोदया, आज भारत तेज गति से विकसित हो रहा है। हमें ग्लोबल स्तर पर कम्पीटिशन में आगे रहना है। इसके लिए जरूरी है कि हमारे रेल मार्ग, सड़कें, डिजिटल और कम्युनिकेशन सिस्टम्स, बिजली, विलेजेज़ और सिटीज़ - सब मजबूत हों। इसी उद्देश्य से इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए एक्स्ट्रा सपोर्ट दिया जा रहा है, ताकि देश की गोथ स्टोरी में कोई कमी न रह जाए। यह सप्लीमेंट्री बैच दिखाता है कि सरकार हर जिम्मेदारी को गंभीरता से ले रही है और देश के विकास को तेज़ और निरंतर रखने के लिए कमिटेड है।

अन्त में, मैं इस सदन से अनुरोध करता हूँ कि Supplementary Demands for Grants - First Batch 2025-26 को मंजूरी दी जाए। ये मांगें जनता की जरूरतों को पूरा करती हैं, देश की योजनाओं को गति देती हैं और भारत को मजबूत भविष्य की ओर ले जाती हैं। यह सरकार की दूरदर्शिता, ज़िम्मेदारी और विकास के प्रति संकल्प का प्रतीक है। धन्यवाद।

जय श्री राम!

(इति)

1928 hours

SHRI N. K.PREMACHANDRAN (KOLLAM): Thank you, Madam Chairperson. This is the first batch of supplementary Demands for Grants for the Financial Year 2025-26, having 72 Grants and one appropriation, coming to an amount of Rs. 1.32 lakh crore. Before entering into the various Ministries and Departments regarding the Supplementary Demands for Grants, I would like to question and challenge the sanctity of the budgetary process being followed by the Ministry of Finance.

